भाद्रपद कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 31 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 285, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



एआई तकनीक : एक टूल्स से अनेक समाधान 12
आठ लोगों के साथ एक कमरे में रहते थे अमिताभ 11






## एक नजर

### परीक्षा देने जा रहे युवक को रास्ते में उतारा

**बदायूं, अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा देने लखीमपुर जा रहे गांव रमनगला उर्फ रूपामई निवासी ज्ञान सिंह को रोडवेज बस के परिचालक ने गुरुवार रात किराया न देने पर जंगल में उतार दिया। युवक ने सोशल साइट्स पर अपना वीडियो अपलोड करके लोगों से मदद मांगी। कहा कि शासन ने मुफ्त यात्रा की बात कही है लेकिन परिचालक उसपर टिकट लेने का दवाब बना रहा था। डायल 112 पुलिस को सूचना देकर परिचालक की करतूत बताई। पुलिस ने दूसरी रोडवेज बस से युवक को लखीमपुर भेजा।

### महिला पर गलत नजर रखने लगा जेठ

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना मुजरिया क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनकी शादी चार साल पहले हुई थी। आरोप है कि पति के जिठाने से संबंध हैं। जिसकी वह से जेठ महिला पर गलत नजर रखने लगा। महिला ने जेठ का विरोध किया। 22 अगस्त की रात लगभग 8 बजे पति, जेठ और अन्य लोगों ने महिला से गाली-गलौज की। अश्लीलता करने लगे। महिला ने शोर मचाया तो परिजन और ग्रामीण आ गए और बीच-बचाव कराया। आरोपियों ने महिला से मारपीट की और घर से निकाला दिया। महिला अपनी बहन के घर चली गई। शिकायत करने पर थाना मुजरिया पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो महिला ने एसएसपी से शिकायत की है।

# पुलिस भर्ती परीक्षा में 3064 अभ्यर्थी अनुपस्थित

## तीन दिन परीक्षा के बाद चौथे दिन शुक्रवार को दो पालियों में कराई गई परीक्षा

- शहर में रुकने को इधर-उधर भटकते रहे अभ्यर्थी, रोडवेज में हुई परेशानी
- अफसरों ने केन्द्रों का किया निरीक्षण एसओजी भी सादी वर्दी में रही मौजूद

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार:** पुलिस भर्ती परीक्षा का चौथा चरण शुक्रवार को पूरा हो गया। 16 केंद्रों पर हुई परीक्षा से 3064 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों में 8408 अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे। परीक्षा शुरू होने से पूर्व अभ्यर्थियों को संघन तलाशी से गुजरना पड़ा। परीक्षा के दौरान उच्चाधिकारियों द्वारा केंद्रों का भ्रमण किया गया। इधर परीक्षा समाप्त होते ही रोड पर जाम की स्थिति बन गई। बसों के अभाव में उन्हें गंतव्य तक पहुंचने के लिए बसों का घंटों इंतजार करना पड़ा। बस की सुविधा न मिलने पर डग्गामार वाहनों से यात्रा करनी पड़ी।

पुलिस भर्ती परीक्षा शुक्रवार को 16 केंद्रों पर संपन्न हुई। दोनों पालियों में 11,472 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। सुबह की पाली के दौरान 5736 में से 4167 उपस्थित और 1569 अनुपस्थित रहे। वहीं शाम की पाली में 4241 उपस्थित और 1495 अनुपस्थित रहे। परीक्षा शुरु होने से पूर्व ही परीक्षार्थियों का केंद्रों पर जमाबड़ा लग गया था। अभ्यर्थियों को संघन तलाशी और प्रवेश पत्र की स्क्रीनिंग के बाद केंद्र के अंदर प्रवेश दिया गया। केंद्र के अंदर भी परीक्षार्थियों को संघन तलाशी लिए जाने का सामना करना पड़ा। परीक्षा के दौरान केंद्रों के बाहर पुलिस तैनात रहा। साथ ही पेपर लीक होने की आशंका के चलते एसओजी की टीम भी सादा वर्दी में घूमती रही। वहीं अभ्यर्थी पेपर लीक होने की आशंका से डरे रहे। परीक्षा के समय सचल दलों के साथ डीएम, एसएसपी सहित अन्य अधिकारियों द्वारा केंद्रों का निरीक्षण किया जाता रहा। इधर परीक्षा समाप्ति के बाद शहर में जाम की स्थिति बन गई। रोडवेज बस स्टैंड पर सैकड़ों की संख्या में अभ्यर्थी एकत्रित हो गए। बसों के अभाव में उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ा। जो भी बस आ रही थी। वह उसके पीछे दौड़ पड़ते। बसों में प्रवेश करने के लिए उन्हें धक्का मुक्की तक करनी पड़ी। सबसे अधिक दिक्कत महिला अभ्यर्थियों को हुई।



बस स्टैंड पर बस का इंतजार करते अभ्यर्थी।



● अमृत विचार डबल लॉक स्ट्रांग रूम को बंद करने के दौरान मौजूद एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह।




परीक्षा के बाद घर जाने के लिए बस में बैठने की मारामारी रही।



जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय परिसर में तैयारी करते अभ्यर्थी ।

### डीएम ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने शुक्रवार को पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट के कोषागार में बनाए गए पुलिस भर्ती परीक्षा के लॉक स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। वहां उन्होंने सीसीटीवी से की जा रही मॉनिटरिंग को देखा। साथ ही अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रेनू सिंह सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

### टहल कर बिताई रात

पांचवे चरण की परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों का शाम होते ही आना शुरू हो गया था। पांच हजार से अधिक अभ्यर्थियों के आने से शहर के सभी होटल, धर्मशाला फुल हो गए। जिन्हें जगह नहीं मिली, उन्होंने बस स्टैंड और रोडवेज बस स्टैंड पर टहलते हुए रात बिताई।

## चश्मदीद गवाह को खेत पर घेरकर हमला

**बदायूं, अमृत विचार :** मुकदमा के चश्मदीद गवाह एक महिला को कुछ लोगों ने खेत पर घेर लिया। उसके साथ मारपीट की। लाठी-डंडे से हमला किया। महिला के परिजन पहुंचे तो हमलावरों ने महिला की दो बेटियों को पीटकर घायल कर दिया। महिला ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत की। अधिकारियों के निर्देश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

हजरतपुर थाना क्षेत्र के गांव बिहारीपुर अजब निवासी मीना देवी पत्नी धर्मेश कुमार ने संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों से शिकायत की थी। जिसमें उन्होंने बताया कि वह एक मुकदमा में चश्मदीद गवाह हैं। जिसको लेकर गांव निवासी मंगलेश पुत्र सुखेंद्र, उनके बेटे अतुल, परिवार के अनुभव, विष्णु व अन्य लोगों ने मीना देवी को घेरकर हमला कर दिया। कहा कि मुकदमा में गवाही नहीं देनी है। कहा कि अगर गवाही दी तो उनका किस्सा खत्म कर देंगे। मीना ने कहा कि वह गवाही जरूर देंगी तो उन लोगों ने लाठी-डंडे, भाले से हमला कर दिया। महिला चिल्लाई। आवाज सुनकर महिला के परिजन पहुंच गए। हमलावारों ने महिला की दो बेटियों को पीटकर घायल कर दिया। अधिकारियों के आदेश पर थाना हजरतपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।



गाड़ी से उतरकर घायलों से हालचाल पूछतीं डीएम निधि श्रीवास्तव व एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह। ● अमृत विचार

## डीएम व एसएसपी ने घायलों को अपनी गाड़ी से भेजा अस्पताल

**बदायूं, अमृत विचार :** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र में डीएम रोड पर पीडब्ल्यूडी कार्यालय के सामने अचानक एक बंदर सड़क पर आ गया। जिससे बाइक सवार दंपती सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी दौरान डीएम निधि श्रीवास्तव और एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह कलेक्ट्रेट परिसर के डबल लॉकर स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करके वापस लौट रहे थे। डीएम व एसएसपी ने अपने वाहन रुकवा लिए। गाड़ी से बाहर उतरकर दंपती का हाल जाना। दोनों को अपनी गाड़ी से इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचवाया।

## वाहन ने बाइक में मारी टक्कर मामा की मौत, भांजा घायल

**बदायू, अमृत विचार :** घर लौटते समय बाइक सवार मामा-भांजे की बाइक को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में मामा की मौत हो गई जबकि भांजा घायल हो गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव मकरंदपुर निवासी राधेश्याम (30) पुत्र सुरेश गुरुवार को अपने भांजे मिथुन पुत्र रामौतार के साथ थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव सीकरी में अपने रिश्तेदार के घर गए थे। जहां काम निपटाने के बाद वह दोनों बाइक से देर रात वापस लौट रहे थे। आसफपुर रेलवे स्टेशन के पास पीछे से तेज रफ्तार से आए किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार मामा-भांजा सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को आसफपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने राधेश्याम को मृत घोषित कर दिया। जबकि भांजे को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

# जाम से मुक्ति : लालपुल और कचहरी रोड से शहर में प्रवेश नहीं करेंगी बसें

- मेडिकल कॉलेज तक होगा संचालन, यहीं से यात्रियों को बसों में मिलेगी सुविधा
- बदायूं रोडवेज डिपो की बसें भी पटेल चौक से शहर में करेंगी प्रवेश, जनता को मिलेगी राहत

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार:** शहर में लगने वाले जाम से जनता को मुक्ति दिलाने के लिए डीएम ने पहल की है। दिल्ली की ओर से आने वाली बसों को बाईपास होते हुए शहर में प्रवेश मिलेगा। वाहनों के रूट डायवर्जन को एक सितंबर से लागू करने के आदेश परिवहन विभाग के अफसरों को शुक्रवार को हुई बैठक में दिये हैं।

शुक्रवार को डीएम निधि श्रीवास्तव ने परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने शहर में जाम की स्थिति से जनता को राहत दिलाने के निर्देश दिये। कहा कि बाहरी रोडवेज डिपो की बसों के साथ ही अन्य वाहन लालपुल और कचहरी रोड से शहर के अंदर प्रवेश नहीं करेंगे। बाहरी रोडवेज बसों का संचालन मेडिकल तक होगा। बदायूं डिपो की बसें बाईपास से पटेल चौक नवादा मार्ग से शहर के अंदर प्रवेश करेंगी। आदेशित किया यातायात व्यवस्था में सुधार एक सितंबर से कर दिया जाए। कहा कि यह व्यवस्था प्रतिदिन सुबह आठ बजे से नौ बजे तक लागू रहेगी। डीएम ने कहा कि बरेली आगरा, अलीगढ़ मथुरा मार्ग की बसें नवादा-दातागंज चुंगी होते हुए रोडवेज बस स्टैंड तक पहुंचेगी। इसी मार्ग से बाईपास होते हुए अपने गंतव्य को प्रस्थान करेंगी। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज अजय कुमार सिंह ने बताया कि एक सितम्बर से उनके कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी की तैनाती भी बेहतर संचालन के दृष्टिगत की जाएगी। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट अरूण कुमार, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज अजय कुमार सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।



परिवहन अधिकारियों को रूट डायवर्जन को आदेशित करती डीएम निधि श्रीवास्तव

## सार -संक्षेप

### दातागंज में मनाया गया सिविल कोर्ट का स्थापना दिवस



**दातागंज, अमृत विचार :** सिविल जज (जू0डि0) कोर्ट दातागंज की स्थापना के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सिविल जज समृद्धि मिश्रा ने न्यायालय स्थापना के एक वर्ष पूर्ण होने की खुशी में केक काटा। इस दौरान बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उनका फूलमाला पहनाकर अभिनंदन किया। बार एसोसिएशन की पूर्व अध्यक्ष आशा दीक्षित व पूर्व सचिव त्रिवेन्द्र सिहं यादव ने सिविल जज समृद्धि मिश्रा को केक खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर जाने आलम, मो इसहाक, राजेन्द्र कुमार, बब्लू सिंह, राकेश पुष्कर, सुनील कुमार सिंह, अशोक शाक्य, राजेन्द्र सिंह, अली मोहम्मद, श्रीकृष्ण वर्मा, वलवीर सिंह, उमेश सक्सेना, अतुल चौहान, सुमित सिह, धर्मेन्द्र कश्यप, पीयूष मौर्या, विनोद सिंह, राजवीर सिह, जसवीर राठौर, विमल श्रीवास्तव, अनिल यादव आदि अधिवक्ता रहे।

### उझानीऔर बदायूं से 22 बाल श्रमिक मुक्त कराये

**बदायूं, अमृत विचार :** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग एवं जिलाधिकारी के निर्देशानुसार 1 से 31 अगस्त तक विशेष बाल श्रम अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को बदायूं और उझानी में विभिन्न स्थानों पर छापे मारकर 22 बाल श्रमिक मुक्त कराये गये। बाल श्रमिकों से काम करने वालों के विरूद्ध नोटिस जारी किये गये शुक्रवार को उझानी पहुंची टीम ने बालकों से काम कराने वाले सेवायोजकों के विरूद्ध कार्यवाही की है। यहां 11 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। सभी दुकान मालिकों व सेवायोजकों कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र के किशोरों बालकों से काम न कराएं, अभियान में टीम का नेतृत्व सतेन्द्र कुमार मिश्र श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने किया। टीम के साथ श्रम विभाग से विचित्र कुमार सक्सेना, रूबेंस यादव, गोपू दास, एंटी ह्यूमन ट्रेफिकिंग यूनिट से प्रभारी व कांस्टेबल, सत्यप्रकाश, काशी समाज शिक्षा संस्थान से गंगा सिंह आदि मौजूद रहे। बदायूं शहर में भी अभियान के तहत 11 बाल मजदूरों को मुक्त कराया। जिन्हें समिति के समक्ष प्रस्तुत कर परिजनों को सौंप दिया गया। साथ ही बाल मजदूरी कराने वाले प्रतिष्ठान संचालकों को नोटिस जारी किया है। टीम ने लालपुल रोड, नगर पालिका उझानी में विभिन्न स्थानों पर छापे मारकर विभिन्न प्रतिष्ठानों में कार्यरत 11 बाल श्रमिक मुक्त कराया। अभियान में विचित्र कुमार सक्सेना, रूबेंस यादव, गोपू दास, सत्यप्रकाश, गंगा सिंह आदि मौजूद रहे।

### बीएसए ने रोका जाटव गौटिया के स्टाफ का रुका वेतन

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने विकास क्षेत्र जगत, सालारपुर के परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण किया। प्राथमिक विद्यालय जाटव गौटिया में 55 में से 20 छात्र-छात्राएं उपस्थित मिले। साल 2023-24 में 65 बच्चों के सापेक्ष 48 बच्चों को ही डीबीटी कार्य पूरा मिला। 17 बच्चे डीबीटी से वंचित रहे। विद्यालय के बर्तन की स्थिति देखी। कुकर अच्छी कंपनी का नहीं था और बच्चों की उपस्थिति के अनुसार क्षमता भी नहीं थी। प्रधानाध्यापक को तीन दिन के भीतर 15 लीटर या उससे ज्यादा क्षमता वाला कंपनी का कुकर खरीदने का निर्देश दिया। प्रधानाध्यापक समेत पूरे स्टाफ का वेतन रोका गया है। प्राथमिक विद्यालय रजागंज सुबह 8 बजकर 20 मिनट पर बंद मिला। प्रधानाध्यापक व स्टाफ से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। संतुष्ट न होने पर वेतन काटने या रोकने की कार्रवाई की चेतावनी दी गई। पूर्व माध्यमिक विद्यालय निजामपुर में भी डीबीटी का कार्य पूरा नहीं मिला। शैक्षिक स्टाफ के फोटो फ्रेम नहीं थे।

### मदर एंथीना स्कूल के बच्चों ने देखा बरेली का मॉल



**बदायूं, अमृत विचार :** मदर एंथीना स्कूल में कक्षा 11 एवं 12 के कॉमर्स वर्ग के विद्यार्थियों के लिए बरेली स्थित मॉल के शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। जहां पहुंचने पर ऑपरेशनल मैनेजर अभय सक्सेना एवं मार्केटिंग मेनेजर प्रदीप के द्वारा विद्यार्थियों को विशेष जानकारी प्रदान की गयी। उन्होंने मॉल की दुकानों की आय व्यय के रखरखाव की जानकारी भी दी। विद्यालय निर्देशिका चयनिका सारस्वत ने बताया कि कॉमर्स वर्ग के विद्यार्थियों के लिए वाणिज्य एवं खाता बही संबंधी जानकारी प्रदान करने के लिए कक्षा से बाहर निकल कर प्रयोगात्मक एवं प्रत्यक्ष रूप से बड़ी संस्थाओं एवं उद्योगों में ले जाकर प्रशिक्षण प्राप्त कराना आवश्यक है।

### महिला मत्स्य पालक को 3 सितंबर तक होंगे आवेदन

**बदायूं, अमृत विचार :** मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक अमित कुमार शुक्ला ने बताया कि जनपद में सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम की स्थापना की जाएगी। योजना महिला मत्स्य पालकों के लिए प्रारम्भ की गयी है। इस योजनान्तर्गत हैचरी स्वामी, निजी क्षेत्र एवं पट्टे पर आवंटित ऐसी महिला मत्स्य पालक जिनके पट्टे की अवधि कम से कम पाँच वर्ष अवशेष हो पात्र होंगी। योजना में ऑनलाइन आवेदन तीन सितम्बर तक विभागीय वेबसाइट पर किए जांएगे।

## सगे भाई ने धोखे से कराया जमीन का बैनामा, रिपोर्ट दर्ज

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** सगा भाई एक व्यक्ति को जमीन के बैनामा में गवाही देने की बात कहकर रजिस्ट्री कार्यालय ले गया। जहां उसकी जमीन का मुख्तारनामा करा लिया। सात दिनों के बाद अपनी पत्नी के नाम पर जमीन का बैनामा करा दिया। पीड़ित व्यक्ति ने आइजी से शिकायत की तो पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

शहर के मोहल्ला ऊपरपारा निवासी प्रदीप ने आइजी को शिकायत पत्र देकर बताया कि वह उझानी क्षेत्र के गांव दूदेनगर निवासी हैं। 12 अप्रैल 2024 को उनके भाई रामगोपाल पुत्र मनोहर लाल उर्फ नत्थू रजिस्ट्री उन्हें रजिस्ट्री कार्यालय लाए। कहा कि एक बैनामा कराना है। जिसमें प्रदीप की गवाही चाहिए। उन्होंने भाई के कहे अनुसार हस्ताक्षर किए। बाद में पता चला कि भाई ने उनके साथ छल किया है। उनके नाम की संपत्ति का मुख्तारनामा अपने नाम पर लिखा लिया है। फिर उसकी रजिस्ट्री अपनी पत्नी के नाम कर दी। भाई ने चेक के जरिए रुपये देने की बात कही है जबकि प्रदीप के अनुसार उनके खाते में रुपये नहीं आए हैं। आइजी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की है।

## हत्या करके शव गायब करने का आरोप

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना बिनावर क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी कैलाश चंद्र यादव ने एसपी देहात को शिकायत पत्र देकर बेटी के ससुरालीजनों पर बेटी की हत्या करके शव गायब करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि तीन साल पहले उन्होंने अपनी बेटी आरती की शादी बरेली के थाना विशारतगंज क्षेत्र के गांव सिसौना निवासी यतेंद्र के साथ की थी। जिसमें आठ लाख रुपये खर्च किए थे। आरोप है कि ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज को लेकर आरती को परेशान करते थे। जिसके बाद से आरती का कहीं पता नहीं चल रहा है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल, हालत गंभीर

- शुक्रवार को एमएफ राजमार्ग पर गांव अभियासा के पास हुआ हादसा

**संवाददाता, म्याऊं**

**अमृत विचार :** मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर गांव अभियासा के पास कार सवार ने बाइक को टक्कर मार दी और म्याऊं कस्बा की ओर फरार हो गया। बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। पुलिस कार और उसके चालक की तलाश कर रही है।

थाना अलापुर क्षेत्र के गांव अभियासा निवासी सूरज पाल उर्फ भूरे पुत्र जय सिंह शुक्रवार सुबह लगभग सात बजे वह किसी काम से कस्बा अलापुर गए थे। काम खत्म करने के बाद वह बाइक से वापस लौट रहे थे। गांव के पास किसी कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार सूरज पाल सड़क पर जा गिरे और घायल हो गए। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना के बाद भी एंबुलेंस नहीं पहुंची। पुलिस ने पीआरवी से घायल को म्याऊं के सीएचसी भेजा। हालत गंभीर होने पर घायल को जिला अस्पताल रेफर किया।

## बाइक एजेंसी की छत पर रखे स्क्रैप में लगी आग

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली बिसौली क्षेत्र निवासी अनिल गुप्ता की बिल्सी मार्ग पर बाइक की एजेंसी है। एजेंसी की छत पर कुछ स्क्रैप और मोबिल ऑयल के डिब्बे रखे थे। गुरुवार को अचानक डिब्बों में आग लग गई। आग की लपटें देखकर रास्ते से गुजर रहे लोगों ने दमकल विभाग को सूचना दी। कुछ देर के बाद दमकल विभाग ने आग पर काबू पाया। तब तक वहां रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया था। एजेंसी मालिक के अनुसार आग से लगभग दो लाख का नुकसान हुआ है।

## पति ने वायरल किए पत्नी के आपत्तिजनक फोटो, रिपोर्ट

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र निवासी महिला ने पति के खिलाफ भरण पोषण व तलाक का मुकदमा दर्ज कराया तो पति ने महिला के आपत्तिजनक फोटो रिश्तेदारों के अलावा पिता तक को भेज दिए। महिला ने एसएसपी से शिकायत की। पुलिस ने पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

एसएसपी से शिकायत करते हुए महिला ने बताया कि उसकी शादी 11 जुलाई 2016 को जिला अलीगढ़ के थाना महुआखेड़ा क्षेत्र के सुनील यादव से हुई थी। आए दिन विवाद होना शुरू हुए तो उसने तलाक और भरण पोषण का केस किया। आरोप है कि पति ने उसके आपत्तिजनक फोटो खींच लिए थे। जो महिला के रिश्तेदार और परिचितों को भेज रहा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**खेती -किसानी** | दीपावली पर तैयार होगी फसल, किसान बेहतर पैदावार की लगाए हैं आस, मेंथा से मोह हो रहा है भंग

# इस बार मूंगफली के अच्छे दाम मिलने की उम्मीद

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** मेंथा की फसल का मोह छोड़कर किसान फिर से मूंगफली की फसल करने की ओर मुखातिब हुए हैं। आषाढ़ में बोई गई मूंगफली की फसल ने खेती का रकबा भी बढ़ा कर 187 हेक्टेयर कर दिया है। जो पिछली बार से ज्यादा बताई जा रही है। जून -जुलाई के बीच बोई गई मूंगफली की फसल अक्टूबर तक तैयार हो जाएगी। किसानों को उम्मीद है कि इस बार पैदावार बेहतर होगी और उन्हें उपज का मूल्य भी बेहतर मिलेगा।

करीब चार दशक पहले तक देसी मूंगफली आषाढ़ के महीने में बोई जाती थी। धीरे धीरे मूंगफली की जगह किसानों ने मेंथा की तरफ अपना रूख कर लिया। इस तरह जिले में मेंथा की खेती ज्यादा होने लगी थी। लेकिन अब मेंथा की तरफ से किसानों का मोह कम होकर फिर से मूंगफली की ओर हुआ है। मूंगफली की खेती नहीं करने का एक कारण जमीन में सूड़ी पैदा होना भी था। यह सूड़ी पौधे की जड़ को काट देती थी इससे पौधा सूख जाता था। अब पिछले पांच साल से जिले में सैकड़ों किसान हाइब्रिड मूंगफली की फसल कर रहे हैं। कादरचौक इलाके में सबसे अधिक हाइब्रिड मूंगफली की जाती है जो 3 से 4 हजार रुपए क्विंटल तक बिकती है। हाइब्रिड मूंगफली की पैदावार भी चार से सात क्विंटल बीघा के हिसाब से होती है। ब्लॉक जगत के ग्राम उपरैला में करीब दो दर्जन किसानों ने देसी मूंगफली लगायी है। देशी मूंगफली की फसल में कोई कीड़ा भी नहीं है।। किसानों ने बताया कि आषाढ़ में बोई जाने वाली मूंगफली की पैदावार दो से तीन क्विंटल बीघा के हिसाब से होती है। अब मूंगफली का भाव अच्छा है तो इससे लाभ भी अधिक होगा। यह मूंगफली बाजरा की फसल में भी लगायी जाती है जिससे किसानों को दोहरा लाभ मिलता है। इसलिए अब किसान देसी मूंगफली की फसल करने लगे हैं।



खेत में तैयार हो रही मूंगफली की फसल।

### मूंगफली की लकड़ी और पत्ता भी महंगे बिकते

देसी मूंगफली का स्वाद बहुत अच्छा है जबकि हाइब्रिड मूंगफली का स्वाद ठीक नहीं है फिर भी वह महंगे दामों पर बिकती है। देसी मूंगफली की फसल करने से किसानों को दोहरा लाभ मिलता है। इसकी लकड़ी और पत्ता महंगे दामों पर बिकता है। पत्ते को पशु मन से खाते हैं। इसलिए पत्ता और लकड़ी महंगी बिकती है। किसान इसे चारे के रूप में भी इस्तेमाल करते हैं।

पिछले दो साल से कहीं कहीं किसान देसी मूंगफली करने लगे हैं। इस साल देसी मूंगफली का रकबा करीब 187 हेक्टेयर है। अब यह रकबा हर साल बढ़ रहा है। देसी मूंगफली से किसान को अधिक लाभ मिलता है इसलिए किसान अब देसी मूंगफली करने लगे हैं। **-दुर्गेश कुमार - जिला कृषि अधिकारी**

भाद्रपद कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 31 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 285, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



शेख हसीना और उनके परिवार की विशेष सुरक्षा ली गई वापस 12

सिद्धांत चतुर्वेदी की फिल्म युधा का ट्रेलर रिलीज 11

## सिपाही भर्ती परीक्षा में 22 गिरफ्तार

**2,71,000 ने छोड़ीं परीक्षा**

- 19 पर एफआईआर दर्ज, अंतिम परीक्षा आज, प्रशासन मुस्तैद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** सिपाही भर्ती परीक्षा शुक्रवार को प्रदेश के 67 जिलों में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। परीक्षा के चौथे दिन प्रदेशभर के 1,174 केंद्रों पर 6,91,936 उम्मीदवार उपस्थित हुए। जांच के दौरान 94 संदिग्धों की पहचान की गई। परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने परीक्षा को हैक करने के प्रयासों से संबंधित 19 एफआईआर दर्ज की और 22 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया।

कुल 2 लाख 71 हजार अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड



अभ्यर्थियों की चेकिंग करते कर्मी।

के अध्यक्ष राजीव कृष्ण ने कहा कि परीक्षा के दूसरे दिन दो पालियों में 6,91,936 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। पहली पाली में 3,44,590 अभ्यर्थी शामिल हुए, जबकि 4,01,870 ने अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड किया था। इस पाली के दौरान, 61 संदिग्ध उम्मीदवारों की पहचान की गई, लेकिन फिर भी उन्हें परीक्षा देने की अनुमति दी गई। भर्ती बोर्ड उनकी गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखेगा। उन्होंने कहा कि दूसरी पाली में 3,47,346 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जबकि 4,01,972 ने अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड किए थे। इस पाली में भी 33 संदिग्ध अभ्यर्थी नोट किए गए।

हालांकि उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई थी, परीक्षा के बाद भी उन पर नजर रखना जारी रखेगा।

## भाजपा में शामिल हुए चंपई सोरेन

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) छोड़ने के दो दिन बाद पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन शुक्रवार को यहां भाजपा में शामिल हो गए। राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी की वर्तमान कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने और खुद को अपमानित किए जाने का आरोप लगाते हुए सोरेन ने झामुमो से दशकों पुराना नाता तोड़ लिया था। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्वा सरमा की मौजूदगी में सोरेन बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। इस दौरान उनका जोरदार स्वागत किया गया, जिससे सोरेन कुछ समय के लिए भावुक भी हो गए।

**249.7**
किया स्कोर



## पैरालंपिक : दो स्वर्ण जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनीं अवनि

**11 वर्ष की उम्र में कमर के नीचे के हिस्से में मार गया था लकवा**

**पेरिस।** वंडर गर्ल अवनि लेखरा पैरालंपिक खेलों में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं, जिन्होंने तोक्यो के बाद पेरिस पैरालंपिक में भी महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल (एसएच 1) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। अवनि ने फाइनल में 249 .7 का स्कोर बनाकर एक नया पैरालंपिक रिकॉर्ड दर्ज किया। 11 वर्ष की उम्र में कार दुर्घटना में कमर के नीचे के हिस्से में लकवा मारने के कारण अवनि व्हीलचेयर पर निर्भर हैं। वह तोक्यो पैरालंपिक 2021 में निशानेबाजी में पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला निशानेबाज बनी थीं। क्वालीफिकेशन में गत चैम्पियन अवनि ने 625 .8 स्कोर किया और वह इरिना एस के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। दो बार विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली मोना ने क्वालीफिकेशन में 623 .1 स्कोर करके पांचवां स्थान हासिल किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, भारत ने पैरालंपिक 2024 में अपने पदकों का खाता खोला। अवनि लेखरा को आर2 महिला 10 मीटर एयर राइफल एसएच1 स्पर्धा में पदक जीतने पर बधाई।

# निवेशकों से किए हर वादे को धरातल पर उतारेंगे : योगी


### 32 औद्योगिक इकाइयों को 1333 करोड़ प्रोत्साहन राशि दी , बताई 2017 के पहले की स्थिति

- मुख्यमंत्री ने 4884 करोड़ से अधिक निवेश करने वाली 11 इकाइयों को दिया लेटर ऑफ कम्फर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लोकभवन में 32 औद्योगिक इकाइयों को 1333 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि का देते हुए 4884 करोड़ से ज्यादा निवेश करने वाली 11 औद्योगिक इकाइयों को लेटर ऑफ कम्फर्ट वितरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में अव्यवस्था, अराजकता और अपराध का माहौल था। प्रदेश में व्यक्ति ही सुरक्षित नहीं था तो पूंजी कैसे लगाता।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश की विकास यात्रा में औद्योगिक समूहों को सहभागी बनाने के प्रदेश सरकार के संकल्प को साझा करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया है कि निवेशकों से किए कमिटमेंट (वादे) को धरातल पर उतारने में कोई संकोच नहीं करेंगे। विरोधी दलों की सरकारों पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा



लोकभवन में उद्यमियों को प्रोत्साहन धनराशि और लेटर ऑफ कम्फर्ट देते योगी।

**वादा पूरा करने में कोई संकोच नहीं : मुख्यमंत्री**

योगी ने कहा कि निवेशकों से जो वादा किया है, उन्हें धरातल पर उतारने में कोई संकोच नहीं है। निवेशकों को सहूलियत देने के लिए शासन की नीति के अंतर्गत डबल इंजन की सरकार सारे बैरियर तोड़ेगी। मोदी के 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने में ग्रोथ इंजन के रुप में कार्य हो रहा है।

कि पूर्ववर्ती सरकार की सोच संकीर्ण थी। उनके पास कोई विजन नहीं था। आज प्रदेश में कानून का राज है और निवेश का बेहतर माहौल है। यही वजह है कि निवेश के मामले में भारत का ड्रीम डेस्टिनेशन उप्र बन गया है। उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जिनके लिए प्रदेश में निवेश के बारे में सोचना भी असंभव था। वे लोग देख लें हमारी सरकार ने असंभव को संभव करके दिखाया है। योगी ने कहा कि फरवरी 2023 में आयोजित हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से प्रदेश को 40 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। इसमें 10 लाख करोड़ रुपये से

**अपराधी और भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस**

योगी ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रदेश में 125 सीएम फेलो तैनात किए हैं, जो औद्योगिक विकास विभाग के साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं। अपराध, अपराधी और भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है।

ज्यादा के निवेश प्रस्ताव ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भूमिपूजन के साथ धरातल पर उतर चुके हैं। योगी ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में यहां के नौजवानों के सामने पहचान का संकट था। वहीं, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ लिविंग की स्थित बेहतर हुई है। योगी ने कहा कि प्रदेश में 27 सेक्टोरियल पॉलिसी लागू हैं। इन पॉलिसी को बनाने के लिए हमने स्टेकहोल्डर्स से सुझाव लिए। उसमें शासन के दायरे में रहकर जो बिंदु जोड़े जा सकते थे उन्हें हमने जोड़ा।

## पीएम मेरठ से लखनऊ के लिए आज करेंगे वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत

**मुरादाबाद।** मेरठ से लखनऊ के लिए शनिवार से वंदेभारत का संचालन किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी मुरादाबाद रेल मंडल की तीसरी वंदेभारत ट्रेन का उद्घाटन करेंगे। ट्रेन सप्ताह में छह दिन संचालित की जाएगी। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री ट्रेन का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। मेरठ से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। आठ कोच की रैक वाली वंदे भारत के स्वागत के लिए मुरादाबाद और बरेली में विशेष आयोजन किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि शनिवार को वंदे भारत ट्रेन मेरठ से दोपहर 12.35 बजे चलकर मुरादाबाद में 14.30 बजे पहुंचेगी। यहां से चलकर बरेली में 15.51 बजे और वहां से लखनऊ के लिए रवाना होगी।

## न्यू इंडिया ने गुलामी की जंजीरें पीछे छोड़ीं

### कहा - मैं शिवाजी महाराज के चरणों में मस्तक रखकर माफी मांगता हूं

- महाराष्ट्र के पालघर में वधावन बंदरगाह परियोजना की आधारशिला रखी

पालघर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के पालघर जिले में 76,000 करोड़ रुपये की लागत वाली वधावन बंदरगाह परियोजना की आधारशिला रखी। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज का न्यू इंडिया अपनी ताकत जानता है और उसने गुलामी की जंजीरों को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि वधावन बंदरगाह देश का सबसे बड़ा कंटेनर बंदरगाह होगा। इस बीच मोदी ने 1,560 करोड़ रुपये की 218 मत्स्य परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया।

मोदी ने कहा कि परियोजना का उद्देश्य एक विश्व स्तरीय समुद्री प्रवेश द्वार स्थापित करना है, जो बड़े कंटेनर जहाजों की जरूरतों को पूरा करते



वधावन बंदरगाह की आधारशिला व अन्य कार्यों का शुभारंभ करते मोदी।

हुए, समुद्र के तटीय तल को गहरा बनाकर तथा अति विशाल मालवाहक जहाजों को समायोजित करके देश के व्यापार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र के तटीय सिंधुदुर्ग जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढहने को लेकर भारत के इस वीर सपूत के साथ ही, इस घटना से आहत लोगों से माफी भी मांगी। मोदी ने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज... मेरे लिए सिर्फ नाम नहीं हैं, हमारे लिए छत्रपति शिवाजी महाराज आराध्य देव हैं। पिछले दिनों सिंधुदुर्ग में जो हुआ, आज मैं सिर झुकाकर मेरे आराध्य देव छत्रपति शिवाजी महाराज जी के चरणों में मस्तक रखकर माफी मांगता हूं। उन्होंने कहा हमारे संस्कार अलग हैं। हम वह लोग नहीं हैं जो आए दिन भारत मां के महान सपूत, इसी धरती के लाल वीर सावरकर को अनाप-शनाप गालियां देते रहते हैं, अपमानित करते रहते हैं, देशभक्तों की भावनाओं को कुचलते हैं।

106वाँ उर्स-ए-रज़वी मुबारक हो
उर्स में तशरीफ़ लाने वाले सभी ज़ायरीनों
का हम तहेदिल से इस्तक़बाल करते हैं

GKS
CENTER PALACE
BENQUET HALL




Catering Facility Also Available Here
• All type of Party • Birthday Party • Baby Shower
• Engagement Party • Marriage
• Corporate Meeting • Corporate Function
• Annual Function
54, Civil Lines, Near Prasad Cinema Bareilly (U.P.)
Contact # 88698822892

Shama Restaurant
Novelty Chauraha, Bareilly
9219110361
Our Branch
New Shama Restaurant
56, Civil Lines, Near Prasad Talkies, Bareilly
8868822892

LAST 5 DAYS
for Gents
T-Shirts ~~990~~ 330
Jeans ~~2590~~ 865
Shirt ~~1390~~ 465
Lower ~~1390~~ 465
Barmuda ~~990~~ 330
Capri ~~1190~~ 397
Track Suit ~~3990~~ 1330
Special Kurta Pajama ~~2000 to 4000~~ 995 only
BUY 1 GET 2 FREE
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

**डॉ. सोमनाथन ने संभाला पदभार**

**नई दिल्ली।** प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. टीवी सोमनाथन ने शुक्रवार को केंद्र में कैबिनेट सचिव का पदभार संभाला। डॉ. सोमनाथन ने राजीव गौबा की जगह ली है जो सेवानिवृत्ति हो गए हैं।

## शिक्षक भर्ती परीक्षा शीघ्र कराने के निर्देश

**हाईकोर्ट का आदेश**

- सहायक शिक्षक के 27,713 पदों पर भर्ती का मामला

विधि संवाददाता, लखनऊ

हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राज्य सरकार व बेसिक शिक्षा परिषद को आदेश दिया है कि वह वर्ष 2018 में शुरू की गई प्रक्रिया के तहत 27,713 पदों के संबंध में सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा (एटीआरई) कराने के लिए तत्काल कदम उठाएं।

न्यायालय ने कहा है कि यदि इस सम्बन्ध में कोई कानूनी बाधा न हो तो एटीआरई कराने का निर्णय दो माह के भीतर लिया जाए, साथ ही न्यायालय ने मामले में अपील दाखिल करने वाले अभ्यर्थियों को अधिकतम उम्र सीमा संबंधी लाभ दिये जाने पर भी विचार करने का आदेश दिया है। साथ ही कहा कि यदि एटीआरई कराने में कोई बाधा हो तो इस संबंध में विस्तृत जानकारी अखबारों में प्रकाशित कराई जाए ताकि अभ्यर्थियों को पता चल सके कि उक्त परीक्षा क्यों नहीं कराई जा रही है। यह निर्णय न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने अलोक कुमार व अन्य समेत दर्जनों विशेष अपीलों पर एक साथ सुनवाई करते हुए पारित किया। उक्त अपीलें एकल पीठ के वर्ष 2018 के उस आदेश के विरुद्ध दायर की गई थीं जिसमें 21 मई 2018 के शासनादेश को निरस्त करते हुए, एकल पीठ ने एटीआरई 2018 के न्यूनतम मार्क्स को सामान्य व आरक्षित वर्ग के लिए क्रमशः 45 व 40 बरकरार रखने का आदेश दिया था। 21 मई 2018 के शासनादेश के तहत उक्त न्यूनतम मार्क्स को क्रमशः 33 व 30 कर दिया गया था। अपीलार्थियों का कहना था कि एकल पीठ के आदेश के बाद हुए एटीआरई 2018 में 41,556 अभ्यर्थी ही सफल हो सके लेकिन बचे हुए 27,713 पदों के लिए इसके बाद एटीआरई नहीं कराया गया।

## कानपुर के मुरलीधर प्रदेश में सबसे अमीर

### अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका हुरून ग्लोबल रिच ने देश के रईस 1000 अरबपतियों की सूची निकाली

- करोड़पतियों की सूची में लखनऊ, कानपुर, अयोध्या, गोरखपुर, प्रयागराज, आगरा, नोएडा, अलीगढ़ के उद्यमी शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** हुरुन इंडिया ने देश के धनकुबेरों की सूची जारी की है। इस सूची में उत्तर प्रदेश के भी अमीरों के नाम शामिल हैं। उप्र में सबसे धनवान कानपुर के घड़ी ब्रांड के मालिक मुरलीधर ज्ञानचंदानी हैं। हालांकि देश में सबसे रईस 1000 अरबपतियों में उन्हें 174वें नंबर पर रखा है। उनके छोटे भाई विमल ज्ञानचंदानी 275वें नंबर पर हैं।



मुरलीधर

मुरलीधर की संपत्ति 15,800 करोड़ और विमल की 10,500 करोड़ आंकी गई है। 26,300 करोड़ की संपत्ति के साथ ज्ञानचंदानी बंधुओं के राज्य में सबसे ज्यादा धनवान होने का रिकॉर्ड कायम है। सूची में लखनऊ के संजय कपूर 12300 करोड़ की संपत्ति के साथ यूपी में दूसरे स्थान पर हैं। देश के अमीरों वाली सूची में उनका स्थान 235वां है। वह सोना बीएलडब्ल्यू के संचालक हैं। इनके अलावा लखनऊ से पीटीसी इंडस्ट्रीज के मालिक सचिन अग्रवाल (287) का नाम है जिनकी कुल संपत्ति 9800 करोड़ रुपये आंकी गई है। लखनऊ के ही एप्को इन्फ्राटेक के मालिक अनिल सिंह (617) हैं, जिनकर संपत्ति 4100 करोड़ है। लखनऊ से ही ईएमएस के मालिक रामवीर सिंह (714), संपत्ति-3400 करोड़, का भी नाम है। जबकि, फैजाबाद से अम्रत बॉटलर्स के कर्ताधर्ता लछमन दास (360) 7700 करोड़ रु. की संपत्ति के साथ इस लिस्ट में शामिल हैं। कानपुर के ही मिर्जा ग्रुप के तसनीफ अहमद 2400 करोड़ की संपत्ति के साथ देश में 929वें स्थान पर हैं। वहीं, व्यक्तिगत तौर पर आगरा के सबसे अमीर मयंक अग्रवाल (909) हैं, इनकी कंपनी वैकमेट इंडिया है और 2500 करोड़ की संपत्ति है।

हितेश ओबराय (स्थान-363) एज इंडिया नोयडा, संपत्ति-7600 करोड़, दिनेश अग्रवाल (498) इंडिया मार्ट नोयडा, यशीश दहिया (608) एफबी फिनटेक नोयडा संपत्ति-4100, विष्णु आर. (854), न्यूक्लियस सॉफ्टवेयर नोयडा, संपत्ति-2700, अलख पांडेय (571) फिजिक्स वाला प्रयागराज, संपत्ति 4500 और मो. जहीर अल हमद (970) एग्रो अलीगढ़, संपत्ति-2300 करोड़ है, के नाम भी हैं।

**सूची में इस साल 34 उद्योगपतियों को स्थान मिला**

पिछले वर्ष अरबपतियों की सूची में उत्तर प्रदेश से 34 उद्योगपतियों को स्थान मिला था, जबकि इससे पहले साल 2022 में प्रदेश के 21 अरबपति ही सूची में शामिल हो सके थे। इस बार उत्तर प्रदेश से सूची में शामिल अरबपतियों की संख्या 45 बताई जा रही है।

# खतरे के निशान से नीचे आया जलस्तर, बढ़ने लगी बीमारियां

## कछला गंगा में तेजी से घट रहा पानी लेकिन परेशानी बरकरार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** पहाड़ों में कम बारिश और बैराज से पानी के कम डिस्चार्ज से उसहैत इलाके में बाढ़ का पानी कम होने लगा है। उसहैत हजरतपुर इलाके में सड़कों पर भरा पानी नीचे उतर चुका है। आज से वाहनों का संचालन भी शुरू हो गया है। लेकिन गढ़िया रंगीन को जाने वाली सड़क पानी से कई जगह कट चुकी है जिससे वाहनों के आवागमन में दिक्कत हो रही है।

उसहैत में जटा और प्रेमी नगला गांव में पानी खत्म हो रहा है, लेकिन ग्रामीणों को गंदगी और कीचड़ से परेशानी हो रही है। दातागंज के नगरिया खनु और आनंदपुर में पानी काफी नीचे आ गया है। केवल गंगा की धार में पानी बह रहा है। हल्की धार होने के बाद भी लोगों की परेशानियां कम नहीं हो रही हैं। गांवों में गंदगी और मच्छरों का प्रकोप अधिक होने से ग्रामीण परेशान हैं।


उसहैत क्षेत्र में बांध से नीचे आता हुआ गंगा का पानी। ● अमृत विचार

● **सड़कों से नीचे आया पानी, कई जगह कटा गढ़िया रंगीन मार्ग**

> कछला और रामगंगा का जलस्तर खतरे के निशान से काफी नीचे आ गया है। अब कहीं कोई खतरा नहीं है। बारिश कम होने से बैराज में पानी का फ्लो कम हो रहा है। तटवर्ती इलाकों में पानी में डूबी सड़कें भी साफ हो गयी हैं। उन पर वाहन चलने लगे हैं।
> –**नेशपाल**, सहायक अभियंता बाढ़ खंड

### ग्रामीणों को राहत

रामगंगा में शुक्रवार को जलस्तर 159,60 मीटर गेज रहा। जिससे गंगा के आस पास के इलाकों में पानी काफी नीचे आ गया है। गंगा की धार भी कुछ हल्की हुई है। रामगंगा में पानी कम होने से दातागंज समरेर सहित अन्य गांवों में लोगों ने राहत की सांस ली है।

## श्याम बाबा के भक्तों ने किया संकीर्तन

**बिल्सी, अमृत विचार :** बृहस्पतिवार की रात नगर के मोहल्ला संख्या छह स्थित रामलीला मंच पर एकादशी पर्व के उपलक्ष्य श्री श्याम सेवा मंडल के तत्वावधान श्याम बाबा के भक्तों ने संकीर्तन किया। यहां भक्तों ने सबसे पहले बाबा का भव्य श्रृंगार किया। उसके बाद सभी ने संकीर्तन का आयोजन किया। यहां सबसे पहले खाटू श्याम बाबा का अलौकिक श्रृंगार कर भव्य दरबार सजाया गया। 56 व्यंजनों से भोग के साथ बाबा की अखंड ज्योति को विकास वार्ष्णेय उर्फ बब्बू भैया ने प्रज्वलित किया। श्रद्धालुओं ने बाबा को भोग लगाकर पूजा-अर्चना की। उसके बाद गुरु वंदना की गई। बाबा के गीतों की धुनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। इस मौके पर अंशुल वार्ष्णेय, रोहित वार्ष्णेय, उज्ज्वल वार्ष्णेय, विकास बाबू माहेश्वरी, सौरभ वार्ष्णेय, मनमोहन शाही वार्ष्णेय, प्रदीप वार्ष्णेय, मनोज कुमार, सचिन माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।

## प्रधानाध्यापक निलंबित

**बदायूं, अमृत विचार :** डीएम के निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय नरऊ बुजुर्ग में मिलीं अनियमितता के बाद प्रधानाध्यापिका को बीएसए ने शुक्रवार को निलंबित कर दिया। डीएम निधि श्रीवास्तव ने 28 अगस्त को जगत के प्राथमिक विद्यालय नरऊ बुजुर्ग का निरीक्षण किया था। यहां 175 के सापेक्ष 138 बच्चे उपस्थित मिले थे।

# डीएम ने किशोर बंदी की बनाई पेटिंग की सराहना की

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** डीएम ने शुक्रवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके द्वारा पाकशाला, चिकित्सालय, किशोर बैरक व महिला बैरक सहित अन्य बैरकों की स्थिति का जायजा लिया गया। बंदियों से उनकी समस्याएं पूंछी तथा महिला बंदियों को हाइजीन कीट एवं उनके बच्चों को चॉकलेट, टॉफी व बिस्किट आदि सामग्री वितरित की। निरीक्षण के दौरान किशोर बंदी की बनाई पेटिंग की प्रशंसा भी की और कहा कि बड़ी पेटिंग बनाए जिसे अगले माह लखनऊ में होने वाले आर्ट फेस्टिवल में भेजा जाएगा। एसएसपी बृजेश कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

### ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी निधि श्रीवास्तव ने शुक्रवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम एवं वीवीपीएटी वेयरहाउस का ब्राह्य निरीक्षण किया। इस दौरान उनके द्वारा सीसीटीवी कैमरों का मॉनिटर पर निरीक्षण किया। आगंतुक रजिस्टर पर हस्ताक्षर किए। सुरक्षा की दृष्टि से हर पहलुओं पर जांच की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।


निरीक्षण के बाद कारागार से बाहर निकलती जिलाधिकारी।

## सार-संक्षेप

### ककराला में धूमधाम से निकाली शोभायात्रा



**ककराला, अमृत विचार :** मंदिर शिव भोले धाम पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का गुरुवार की मध्यरात्रि समापन हो गया। मध्यप्रदेश से आए कथा वाचक शुभम कृष्ण को मंदिर कमेटी ने सम्मान सहित विदाई दी। शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे भोले व योगिराज श्री कृष्ण की पालकी शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा भोले धाम मोहल्ला पटिया से शुरू होकर मिया जान तिराहा, मोहल्ला साहूकारा, पंडित जी के कुआं, घास बाजार, मुख्य बाजार, मेन रोड अलापुर तिराहा, पीतम लाला की गली, मंदिर चौपाल, कश्यप बस्ती, शर्मा बस्ती, गाड़ी मोहल्ला, वाल्मीकि मोहल्ला, राठौर बस्ती होती हुई पुना भोले धाम मंदिर पर संपन्न हुई। इस दौरान योगीराज की पालकी और बालस्वरूप सजे बच्चों का दरवाजे दरवाजे पर भक्तों ने पूजन किया। शोभायात्रा पर कस्बे में कई जगहों पर पुष्प वर्षा की गयी। चौकी इंचार्ज ककराला शैलेंद्र तोमर, एवं पीएसी बल के साथ कमेटी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अम्बियापुर में मनाया हिंदू एकीकरण दिवस




**बदायूं, अमृत विचार :** शुक्रवार को षष्ठी पूर्ति वर्ष स्थापना दिवस हिंदू एकत्रीकरण विश्व हिंदू परिषद 60 वां स्थापना दिवस प्रखंड अंबियापुर में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता मानवेंद्र सिंह राणा विभाग मंत्री बरेली, कार्यक्रम की अध्यक्ष सीमा चौहान रहीं।, मातृशक्ति, स्वामी संत अजय ने हिंदू जागरूकता के संबंध में विचार व्यक्त किए। हिंदू समाज के लोगों को एक रहकर संगठित रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का समापन पर सीमा चौहान ने सभी का आभार जताया। इस दौरान विनय कुमार, डीएन शर्मा, रोहित कुमार सिंह, तथा शैलेश कुमार, धीरेंद्र कुमार, अरुण कुमार, शिवम आदि उपस्थित रहे। कमलेश कंचन रजनीश कुमारी बृजेश कुमारी, नीता सिंह, अंजू, अरुणा देवी, शीतल पाठक, राशिका, रिसौली, हैदलपुर, सहसपुर, शहबाजपुर, अंतपुर, ग्राम सीतापुर आदि के ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### रेहड़िया में हुई कांग्रेस की न्याय पंचायत समीक्षा बैठक

**बदायूं, अमृत विचार :** शुक्रवार को बिसौली विधानसभा के ब्लॉक वजीरगंज की न्याय पंचायत रेहडिया के आश्रम पर पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक के दौरान 25 लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। न्याय पंचायत अध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सभी 9 ग्राम पंचायत अध्यक्ष व बीएलए अध्यक्षों का सत्यापन भी किया गया। रेहड़िया आश्रम पर करीब 25 लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जितेंद्र कश्यप विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक में ओमकार सिंह ने कहा कि जो साथी कांग्रेस पार्टी से आज जुड़े हैं उनके सम्मान की लड़ाई कांग्रेस हर समय लड़ने के लिए तैयार रहेगी। बैठक को जितेंद्र कश्यप, वीरेश तोमर, सोमेंद्र यादव, लोकपाल भुवनेश मौर्य ने सम्बोधित कर संगठन की मजबूती पर बल दिया।। इस दौरान नरेंद्र सिंह, दिनेश मौर्य, मनोज शर्मा, समीउल्लाह खान, नरेंद्र शाह, आमिर खान, फितर अली, जितेंद्र पाल, धनपाल सिंह, शामिल रहे। इस अवसर पर हो राम मोर्या, दुलार सिंह, किरणपाल मौर्य, धर्मेंद्र मौर्य, राजवीर, गंगा प्रसाद, देवेश कुमार मौर्य, गेंदालाल मौर्य, जसवीर शाक्य राजेश शाक्य, हरपाल आचार्य, सूरज मौर्य, आदि रहे।

### इफको एमसी ने मनाया 10वां स्थापना दिवस

**बदायूं, अमृत विचार :** इफको-एमसी (इफको और मित्सुबिशी कॉर्पोरेशन के बीच संयुक्त उद्यम) ने अपना 10वां स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम का आयोजन उप कृषि निदेशक सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य और विशिष्ट अतिथि मनोज कुमार उप कृषि निदेशक एवं दुर्गेश कुमार जिला कृषि अधिकारी रहे। इफको एमसी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज वार्ष्णेय ने वीडियो संदेश के माध्यम से इफको एमसी के बारे में संगठन के तीन मूल सिद्धांतों- सही दवा, सही दाम व किसान सुरक्षा बीमा योजना के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के जितेन्द्र गंगवार, धर्मेंद्र सिंह, रंजीत सिंह आदि रहे।

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
GNM में एडमिशन पिछले सालों की तरह बिना प्रवेश परीक्षा के होंगे।
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859491000

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
• सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
• दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
• सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
• दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
• गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
• बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
• अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

रोहिला हॉस्पिटल
भिन्डौलिया चौराहा, नियर ट्रान्सपोर्ट नगर, बरेली
डॉक्टर पैनल
डा. पवन कुमार M.B.B.S. जनरल फिजिशियन
डा. सय्यद आसिम अली BAMS जनरल फिजिशियन
डा. निशा बरकती BAMS, MS स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
जाहिद खान Managing Director
विभाग
• मेडिसिन विभाग
• स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
• हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग
• ई.एन.टी. विभाग
• गुर्दा एवं मूत्र रोग विभाग
• पेट एवं लीवर रोग विभाग
फोन : 8755728385, 8218204277

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

## एक नजर

### न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता, विरोध

**दातागंज, अमृत विचार :** उच्च न्यायालय के आदेश का विरोध करते हुए अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। जिससे न्यायालय का काम काज ठप रहा। अधिवक्ताओं ने कहा कि अधिक्तागणों की आजादी पर रोक लगाने का कार्य किया जा रहा है। हमारा साथी हमसे हमेशा के लिए दूर जा रहा है ऐसे में हम पर शोक संवेदना प्रकट करने पर प्रतिबंध लगाने का काम किया जा रहा है। इसकी घोर निंदा की जाती है। इस मौके पर दिनेश कठेरिया, अजय कुमार, बलवीर शाक्य, जाने आलम, मो इश्क, राजेन्द्र कुमार, बब्लू सिंह, राकेश पुष्कर, सुनील कुमार सिंह, अशोक शाक्य, राजेन्द्र सिंह, अली मोहम्मद, श्रीकृष्ण वर्मा, वलवीर सिंह, उमेश सक्सेना, अतुल चौहान, सुमित सिंह, धर्मेन्द्र कश्यप, पीयूष मौर्या, विनोद सिंह, राजवीर सिह, जसवीर राठौर, विमल श्रीवास्तव, अनिल यादव आदि अधिकता गण मौजूद रहे।

### सहसवान में अधिवक्ताओं ने जताया विरोध

**सहसवान, अमृत विचार :** अधिवक्ता की मृत्यु पर हड़ताल न करने का आदेश उच्च न्यायालय द्वारा दिया गया है। जिसका विरोध करते हुए शुक्रवार को अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। बार एसोसिएशन ने उच्च न्यायालय इलाहाबाद से अपने आदेश पर पुनः विचार कर वापस लेने का अनुरोध किया है। अधिवक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ता संघ या बार एसोसिएशन बिना किसी उचित कारण के कार्य से विरत नहीं रहते हैं। एसोसिएशन के सदस्यगण न्यायिक कार्य के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। क्योंकि यदि वह कार्य नहीं करेंगे तो वादकारियों का हित प्रभावित होगा और न्यायालय में लंबित मुकदमों की संख्या में बढ़ोतरी होगी।

# हाईकोर्ट के आदेश को लेकर अधिवक्ताओं ने की बैठक


विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मथुरा प्रसाद मैमोरियल हॉल में जिला बार एसोसिएशन की बैठक में। अधिवक्ताओं ने हाईकोर्ट के आदेश का विरोध करते हुए कहा कि संघ किसी अधिवक्ता के मृत हो जाने पर सुबह ही शोकसभा करेंगे। अध्यक्षता कर रहे जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता योगेंद्र पाल सिंह ने न्यायमूर्ति से आग्रह किया कि कोई भी अधिवक्ता संघ बिना किसी कारण कार्य से विरत नहीं रहता है। अधिवक्ता समूह में रहकर कार्य करते हैं। एक-दूसरे के सुख दुख में शामिल होते हैं। आदेश से ऐसा लगता है कि अधिवक्ताओं की न तो अभिव्यक्ति की कोई स्वतंत्रता है और ना ही भावनाएं हैं। महासचिव संदीप कुमार मिश्रा ने संचालन करते हुए कोर्ट से अनुरोध किया है।

## महर्षि परशुराम के प्रकोप और फरसे से प्रहार के बाद अस्तित्व में आया स्थल, सूख रहा कुंड

# विधायकों के प्रयास के बाद भी पर्यटन स्थल नहीं बना सरसोता

अतर सिंह शाक्य, सहसवान

**अमृत विचार :** महर्षि परशुराम के प्रकोप कारण उनके फरसे के प्रहार से अस्तित्व में आया रामायण कालीन सरसोता कुंड लगातार घटते भूगर्भ जलस्तर और पर्यावरणीय असंतुलन के चलते सूख रहा है। हालत यह है कि यह कुंड अब समरसेबिल से भरा जा रहा है। तत्कालीन मुख्यमंत्री से लेकर विधायकों के प्रयास के बाद भी सरसोता पर्यटन स्थल नहीं बन पाया है। प्रशासनिक और राजनीतिक उपेक्षा से सरसोता की बहुत सी जमीन पर कब्जा हो चुका है।

नगर से उत्तर दिशा की ओर भूड़ क्षेत्र में पवित्र सरोवर सरसोता स्थित है। यहां फाल्गुन मास की एकादशी को सदियों से दो दिवसीय विशाल मेला लगता चला आ रहा है। यह


समरसेबल से पानी भरने के बाद सरसोता में स्नान करते श्रद्धालु।

मेला लकड़ी और मिट्टी के बर्तनों के लिए दूर-दूर तक प्रसिद्ध है। कहावत है कि महाराजा सहस्त्रबाहु महर्षि परशुराम के पिता के आश्रम में घुसकर उनकी गाय ले गए। महर्षि परशुराम को पता चला तो उन्होंने पहले महाराजा सहस्त्रबाहु को समझाया कि वह उनकी गाय को वापस कर दें। और उनके माता-पिता से क्षमा मांग ले लेकिन सहस्त्रबाहु ने महर्षि परशुराम की बात मानने से इंकार कर दिया। तब दोनों के बीच भीषण युद्ध हुआ और इस युद्ध में महर्षि परशुराम ने सहस्त्रबाहु का वध कर दिया। किले को अपने फरसे से पलट कर तहस-नहस कर दिया। युद्ध में उन्होंने अपनी प्यास बुझाने के लिए जमीन पर फरसे से सात प्रहार किया। जिसे पानी की सात धाराएं उठीं और उन्होंने प्यास बुझाई। जो सरसोता के नाम से प्रसिद्ध है। कहा जाता है कि महर्षि परशुराम के पिता महर्षि जगदामिनी का आश्रम भी कुछ ही दूरी पर कोट के पास था। आश्रम के अवशेष भी अभी तक हैं। जो परगना कोट के नाम से जाना जाता है।

### पूर्व सीएम से लेकर विधायकों का प्रयास लेकिन घोषित नहीं हुआ पर्यटन स्थल

सहस्त्रबाहु के किले के अवशेष आज भी सहसवान में मौजूद है। सरसोता को विकसित करने के लिए तत्कालीन विधायक मीर मजहर अली उर्फ नन्हें मियां 99 बीघा भूमि सरसोता के नाम कराई थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री एनडी तिवारी ने सरसोता को पर्यटक स्थल बनाने का प्रयास किया लेकिन मगर राजनीतिक अड़ंगेबाजी के कारण योजना धरातल पर सफल नहीं हो सकी। पूर्व विधायक डीपी यादव ने भी सरसोता को विकसित करने के लिए एकादशी के मेला पर दंगल का आयोजन किया। उनके भतीजे पूर्व एमएलसी जितेंद्र सिंह यादव ने सरसोता तक बिजली की लाइन डलवा कर कुंड में पानी भरने के लिए समरसेबल कराया। जिससे सरसोता में पानी भरा जाता है। पूर्व बदायूं सांसद धर्मेंद्र यादव और विधायक ओमकार सिंह यादव ने सपा सरकार में 96 लाख रुपये से साल 2013 में जीर्णोद्धार कराया। आज सरसोता की बहुत सी जमीन पर कब्जा है। प्रबंधन की अनदेखी से सरसोता पहचान खोता जा रहा है। तमाम प्रयासों के बावजूद धार्मिक तीर्थ स्थल सरसोता को पर्यटक स्थल घोषित नहीं किया गया।


# दो घंटे की हड़ताल में मेडिकल कॉलेज में ठप हो गया इलाज, मरीज हुए परेशान

## पांच महीने का वेतन न मिलने से हड़ताल पर बैठे थे राजकीय मेडिकल कॉलेज के कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को पांच महीने से वेतन नहीं मिला है। जिससे कर्मचारी कई दिन से धरना प्रदर्शन कर रहे थे। आज सुबह दो घंटे तक आउटसोर्सिंग कर्मचारी हड़ताल पर रहे। बाद में कंपनी द्वारा पन्द्रह दिन में वेतन भुगतान का आश्वासन दिया गया जिसके बाद कर्मचारियों ने हड़ताल खत्म कर काम शुरू कर दिया।

राजकीय मेडिकल कॉलेज में करीब साढ़े तीन सौ आउटसोर्सिंग कर्मचारी हैं। जो विभिन्न पदों पर काम कर रहे हैं। आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को पांच महीने से वेतन नहीं मिला है। आर्थिक तंगी झेल रहे आउटसोर्सिंग कर्मचारी पिछले पंद्रह दिन से वेतन दिलाने की मांग कर रहे हैं। करीब एक सप्ताह तक काली पट्टी बांध कर काम करने


राजकीय मेडिकल कालेज वार्ड में स्वास्थ्य कर्मियों का इंतजार कर रहे मरीज

के बाद आउटसोर्सिंग कर्मचारी 29 अगस्त को जिलाधिकारी से मिले। कर्मचारियों ने उन्हे अपनी समस्या से अवगत कराते हुए वेतन नहीं मिलने पर 30 अगस्त से बेमियादी हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी। शुक्रवार सुबह आठ बजे से सभी कर्मचारी अस्पताल में आ गये और एक जगह एकत्र हुए। किसी वार्ड में कोई काम नहीं हुआ। मरीज के तीमारदार भी परेशान होने लगे। कर्मचारियों की हड़ताल से मेडिकल कॉलेज प्रशासन भी परेशान हो गया। हड़ताल का असर मरीजों पर भी पड़ने लगा। सुबह मरीजों को दवाएं देना, डाक्टरों के राउंड और मरीजों के चेकअप का काम प्रभावित होने लगा। कर्मचारियों के बिना कोई काम नहीं हुआ तो प्रशासन को भी दिक्कत होने लगी। पर्चा काउंटर पर मरीजों की भीड़ लगी रही। वार्ड ब्यॉय नर्स और अन्य स्टाफ वार्ड से दूर रहे। मरीजों के साथ साथ तीमारदार भी परेशान होने लगे। सुबह लगभग 9.30 बजे तक कंपनी सुपरवाइजर ने मेडिकल कालेज पहुंचकर हड़ताली कर्मचारियो से वार्ता शुरु की अंत में 15 दिन में पूरा वेतन भुगतान का आश्वासन और मरीजों को असुविधा नहीं होने देने के लिए हड़ताली कर्मचारी काम पर वापस आ गये और काम शुरु कर दिया।

● **आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को रखने वाली कंपनी और प्राचार्य के आश्वासन पर काम पर लौटे**

> आउटसोर्सिंग कर्मचारी सुबह कुछ देर हड़ताल पर रहे। उसके बाद कंपनी ने वेतन देने का आश्वासन दिया तो सुबह दस बजे हड़ताल खत्म कर सभी कर्मचारी काम पर आ गए। वेतन दिलाने को कंपनी के लिए नौ बार पत्र लिखे गए। लेकिन सरकार द्वारा कंपनी को पैसा नहीं दिया गया इसलिए कंपनी ने वेतन नहीं दिया। अब मामला ऊपर तक पहुंच गया तो वेतन भुगतान के लिए पन्द्रह दिन का समय दिया गया है। -डा. एनसी प्रजापति - प्राचार्य राजकीय मेडिकल कालेज

## राजस्व टीम ने मुजरिया गांव में कराया चकमार्ग कब्जा मुक्त

**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव मुजरिया में लंबे समय से हो रहे चकमार्ग पर अवैध अतिक्रमण को बुधवार को तहसील की राजस्व टीम ने पैमाइश करने के बाद हटा दिया। जिसके बाद कब्जा करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया है। लेखपाल श्याम कुमार ने बताया गांव मुजरिया में चकमार्ग संख्या 230 पर गांव के शंकर लाल और जीतराम ने अपना अवैध कब्जा कर रखा था। जिसको लेकर गांव के शैलेंद्र कुमार और मोहर सिंह ने इसकी शिकायत तहसील में एसडीएम प्रवर्धन शर्मा से की। जिसके बाद आज टीम ने गांव पहुंच कर पहले पैमाइश की। उसके बाद चकमार्ग को ट्रैक्टर से जुताई कर कब्जा मुक्त कराया। साथ ही टीम ने कब्जा करने वालों को चेतावनी दी कि यदि फिर से किसी ने इस पर कब्जा किया तो उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत कराकर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर लेखपाल श्याम कुमार, लवी भारद्वाज, आई हरपाल सिंह एवं थाना मुजरिया की पुलिस भी मौजूद रही।

## सार-संक्षेप

### आशाओं को मच्छर जनित रोगों की जानकारी दी



**बदायूं, अमृत विचार :** संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र समरेर पर शुक्रवार को जिला मलेरिया निरीक्षकों द्वारा आशाओं को प्रशिक्षण दिया गया। मच्छर जनित रोगों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। शुक्रवार को ब्लॉक समरेर पर मलेरिया निरीक्षकों द्वारा सीएचसी समरेर पर आशाओं को मलेरिया एवं अन्य मच्छर जनित रोगों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। जिसमें सभी आशाओं को आरडीटी एवं रक्त पट्टिका माध्यम से जांच करने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही बुखार आने पर जांच, और जांच के बाद उपचार एवं उपचार के बाद भी रक्त पट्टिका के माध्यम से जांच करने के लिए प्रेरित किया गया आशाओं को बताया गया कि गांवों में जब जाएं तो ग्रामीणों को साफ सफाई के लिए भी प्रेरित करें जिससे लोग अपने घरों व आसपास साफ सफाई करते रहें। गंदगी न होने दें।

### संगोष्ठी में दी गयी अवयव पृथक्करण की जानकारी



**बदायूं, अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कालेज के पैथोलॉजी विभाग में शुक्रवार को एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय रक्त अवयव का पृथक्करण था। संगोष्ठी का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. एनसी प्रजापति द्वारा किया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि एक यूनिट ब्लड को चार भाग में पृथक्करण कर आवश्यकतानुसार आरबीसी प्लाज्मा, प्लेटलेट्स तथा प्लेटलेट्स रिच प्लाज्मा बनाए जा सकते हैं। मुख्य वक्ता डा. पूजा नागाइच, डा. प्रशांत सिंह, डा. सुचेता यादव, डा. श्रवण कुमार भार्गव, मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अस्पताल के सीएमएस डा. कप्तान सिंह रहे। उन्होंने बताया कि राजकीय मेडिकल कॉलेज व जिला अस्पताल में शीघ्र ही ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन की सुविधा शुरू हो रही है। कार्यक्रम का संचालन डा. वैशाली एवं समापन डा. श्वेता कनौजिया द्वारा किया गया।

### सीएमओ ने किया सीएचसी का निरीक्षण



**उझानी, अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। मरीजों को सुविधापूर्ण उपचार देने के निर्देश दिए, साथ ही साफ सफाई रखने की भी हिदायत दी। शुक्रवार को सीएमओ डा. रामेश्वर मिश्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर पहुंचे। कहा कि अस्पताल में मरीजों की संख्या अधिक होने पर मरीजों को, जिला अस्पताल के रेफर न करें। गर्भपात की सौदा करने का वीडियो वायरल होने के बारे में सवाल पूछने पर कहा कि वह अस्पताल सील है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक राजकुमार गंगवार ने बताया कि उझानी में जो बिना रजिस्ट्रेशन के अस्पताल चल रहे हैं उनमें से दो अस्पतालों को सील कर दिया गया है।

### एसकेएलएम पब्लिक स्कूल में किया टीकाकरण



**बिल्सी, अमृत विचार :** सतेती वजीरगंज मार्ग स्थित एसकेएलएम पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को जैपनीज इंसेफेलाइटिस का टीकाकरण किया गया। इसमें 1 से 15 वर्ष तक के विद्यार्थियों का टीकाकरण कराया गया। टीकाकरण अभियान विद्यालय कैंपस में हुआ। विद्यालय के एमडी पीडी सिंह ने बच्चों के सुरक्षित टीकाकरण अभियान की सराहना की। इस मौके पर प्रधानाचार्या रजनी शर्मा, उपदेश कुमार, अंजली सिंह, कर्मेंद्र सिंह, कंचन सिंह, रंजीत सिंह, बीना सिंह, कमलेश कुमारी, वीना सिंह, प्रिया सिंह, वीना कुमारी, दीक्षा सिंह, सपना माहौर, अनामिका शर्मा, शशांक यादव, आदि रहे।

# बंद घर के ताले तोड़कर चोरों ने संपत्ति पर किया हाथ साफ

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार:** नगर में पुलिस के लिए चुनौती बने चोरों ने बीती बुधवार की रात एक बंद घर के ताले तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण समेत लाखों रुपए की संपत्ति चुरा ली। गृहस्वामिनी अपने बच्चों के साथ गुड़गांव में मजदूरी करती है। मोहल्ले के लोगों ने जब घर के ताले टूटे देखे तो खलबली मच गई। सूचना पर पहुंचे गृहस्वामी ने घर के हालात देखे तो उन्होंने भी माथा पकड़ लिया।

नगर के मोहल्ला संख्या आठ निवासी ओमवती पत्नी राजेंद्र अपने बच्चों के साथ गुड़गांव में रहकर मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का पालन-पोषण कर रही है। उन्होंने बताया कि मोहल्ले के लोगों का फोन उनके पास पहुंचा कि तुम्हारे घर के ताले टूटे पड़े है। इसके बाद वह तुरंत वहां से अपने घर के लिए चल पड़ी। यहां आकर देखा घर को देखा तो उनके होश उड़ गए। घर के मुख्य दरवाजे समेत सभी कमरों के ताले टूटे पड़े थे। चोर बक्से के अंदर रखे सोने


चोरों द्वारा खंगाले गए संदूक को दिखाती पीड़ित महिला।

के कुंडल, मंगलसूत्र, पाजेब, एक गैस सिलेंडर, पीतल के बर्तन आदि संपत्ति चुरा ले गए। मोहल्ले में चोरी की खबर सुनकर थाना पुलिस में खलबली मच गई और कुछ ही देर में घर यहां पहुंच गए। पीड़िता ने चोरी की घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज सतपाल सिंह ने स्थिति का जायजा लिया। मोहल्ले के लोगों का आरोप है कि पुलिस की निष्क्रियता के चलते यह घटना हुई है। पुलिस नियमित रात्रि गश्त नहीं किए जाने के कारण चोरों का गिरोह सक्रिय है। नगर में हुई चोरी की घटना से आम लोगों में दहशत का माहौल है।

# सीएचओ देने पहुंचे ज्ञापन, सीएमओ बोले नहीं लेंगे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिले के सैकड़ों सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने ( सीएचओ ) 48 सौ ग्रेड पे के अनुरूप वेतन का निर्धारण व महंगाई भत्ता देने सहित कई मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन के दौरान उन्होंने सीएमओ को ज्ञापन देना चाहा तो मुख्य चिकित्साधिकारी ने ज्ञापन लेने से इंकार करते हुए कहा कि काम नहीं करेंगे तो सीएचओ पर कार्रवाई की जाएगी । इससे मामला भड़क गया है।

सीएचओ संघ के जिलाध्यक्ष नवेद गाजी ने कहा कि 28 अगस्त को एनएचएम के अफसरों के साथ हुई बैठक में समस्याओं को रखा गया था और निदान नहीं होने पर बेमियादी हड़ताल पर जाने की बात कही गई थी। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि जिले में करीब 264 सीएचओ हैं। यह नेशनल हेल्थ मिशन द्वारा ( एनएचएम ) रखे गए हैं। आरोप है कि जिस समय नियुक्ति की गयी थी तो आश्वासन दिया गया था कि 6


सीएमओ कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करते सीएचओ। ● अमृत विचार

साल में नियमित कर दिया जाएगा। साथ ही ट्रांसफर की भी सुविधा मिलेगी। लेकिन यह कुछ नही हो सका है। आरोप है कि वेतन में भी तीन से चार हजार रुपये माह की वसूली अधिकारी को देने पड़ते हैं। इससे सभी सीएचओ परेशान हैं। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि राज्य संविदा कर्मियों को रिजवी कमेटी द्वारा दिए गए सुझावों के अनुसार समान कार्य समान वेतन दिया जाता है। ऐसी दशा में सीएचओ को 48 सौ ग्रेड पे के अनुरूप वेतन का निर्धारण व महंगाई भत्ता भी दिया जाए। एनएचएम में अन्य राज्यों जैसे मध्य प्रदेश, हरियाणा, बिहार, मेघालय, मणिपुर में ऐसा ही किया जा रहा है। फिर यहां पर यह नियम लागू क्यों नहीं किया गया है। 6 वर्ष पर नियमितीकरण का लाभ दिया जाए। सभी सीएचओ को स्वैच्छिक स्थानांतरण का लाभ दिया लाभ दिया जाए। जिससे वह अपने गृह जिले में पहुंच सकें। यहां पर सात सौ किमी दूर से नौकरी करने वाले युवक युवतियां हैं उन्हें परेशानी हो रही है।

इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, राधे ठाकुर, अंकित शर्मा, सचिन, मोहित, निखिल वर्मा, हिना, दीक्षा, भावना, प्रियंका, नैना, अनुजा, आदि मौजूद रहीं।

● **कार्यालय पर की नारेबाजी, सीएमओ ने कहा काम नहीं करने वालों पर होगी कार्रवाई।**

> सीएचओ अपना काम छोड़ कर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। जनहित में इन लोगों को काम करना चाहिए। यदि काम पर नहीं जाएंगे तो इन लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इस तरह संक्रमण काल में इस तरह धरना प्रदर्शन करना ठीक नहीं है। -डा. रामेश्वर मिश्रा, सीएमओ

# प्रतियोगिता : मोनू और पूनम ने भरी फर्राटा, जीती सौ मीटर दौड़

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** मेजर ध्यानचंद की जन्म शताब्दी के अवसर पर स्पोर्टस स्टेडियम में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। खेलों का शुभारंभ एआरटीओ अमरीश कुमार ने किया। सौ मीटर दौड में मोनू यादव और पूनम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों को ओलंपिक संघ के अध्यक्ष राजन मेंहदीरत्ता ने पुरस्कार वितरण किए।

पुरुष वर्ग सौ मीटर की दौड़ में मोनू यादव प्रथम, अजय द्वितीय और शरीफ तीसरे स्थान पर रहे। दो सौ मीटर की दौड़ में अजय प्रथम, राहुल दूसरे और ओमेंद्र तीसरे स्थान पर रहे। वहीं 400 मीटर की दौड़ में वीर सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सनन्दन


दौड़ के लिए तैयार खिलाड़ी। ● अमृत विचार

● **मेजर ध्यानचंद की जन्मशताब्दी पर हुआ स्पोर्टस स्टेडियम में खेलों का आयोजन**

ने दूसरा, रविंद्र ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में रजनीश प्रथम स्थान पर रहे। राघवेंद्र ने दूसरा और विकास ने तीसरा प्राप्त किया। शॉटपुट में आदित्य, शिवराज और आकाश क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में 100 मीटर दौड़ पूनम प्रथम मुस्कान दूसरे, खुशबू को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। 200 मीटर दौड में भी


फिनिशिंग लाइन पार करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

पूनम प्रथम स्थान पर रहीं। निशा और छाया तीसरे स्थान पर रहीं। 400मीटर की दौड़ में खुशबू प्रथम, छाया दूसरे और अंजली ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं लंबी कूद में शालू, वंशिका और कुलसुम क्रमशः प्रथम, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। शॉटपुट प्रतियोगिता स्वाती ने जीती। राधिका दूसरे और तुलसी तीसरे स्थान पर रहीं। इस मौके पर जिला क्रीड़ा अधिकारी अमित रिछारिया, नाजिया बेगम, परवेज गाजी, रामदास, राजीव कुमार, शेवर अली, आदि मौजूद रहे।

## सात सितंबर को होगी मामले में सुनवाई

**बदायूं, अमृत विचार :** नीलकंठ महादेव-जामा मस्जिद मामले में अगली सुनवाई सात सितंबर को होगी। अधिवक्तों के न्यायिक कार्य से विरत रहने की वजह से शुक्रवार को बहस नहीं हो पाई। पि जिसके चलते न्यायालय ने अगली तारीख लगाई है।

अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश पटेल की ओर से सिविल जज सीनियर डिविजन की अदालत में याचिका दायर की गई थी। इसमें जामा मस्जिद शम्सी की जगह नीलकंठ महादेव मंदिर होने का दावा किया है। सिविल जज सीनियर डिविजन एफटीसी न्यायालय के न्यायाधीश मनीष कुमार की अदालत में मुकदमा चल रहा है।

AIRCOL MULTI SERVICES & TOTAL SOLUTIONS PVT. LTD.
Near Balaji Gym Lalfatak Budaun Road, Bareilly (U.P)- 243001
Mob.: 8006051051/7252999309 CARE@AIRCOL.IN/SUPPORT@AIRCOL.IN
GSTIN: 09AAVCA4744K1ZZ, PAN NO : AAVCA4744K | WEBSITE VISIT : WWW.AIRCOL.IN
BEST PRICE & BEST SERVICE

| | NEW FIRM OFFER | |
|---|---|---|
| 1- | PROPRIETORSHIP FIRM REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 2- | (ALL TYPE FIRM) GST REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 3- | GST RETURN MONTHLY FEES. | 499/- |
| | OLD FIRM OFFER | |
| 4- | OLD PROPRIETORSHIP FIRM 12 MONTH GST RETURN FEES ONLY. | 1499/- |
| 5- | ITR FILE ONLY. | 499/- |

ALL TYPE FIRM AND COMPANY TOTAL COMPLIANCE AND GST RETURN, PLEASE CALL AND MAIL, WHATSAPP 24×7 AVAILABLE

## मुजरिया क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रहा मिट्टी का अवैध खनन

**मुजरिया, अमृत विचार :** मिट्टी का अवैध खनन का धंधा तेजी से चल रहा है। खनन की ट्रैक्टर-ट्रालियां बेखौफ दौड़ रही हैं लेकिन जिम्मेदार मौन हैं। मुजरिया थाना क्षेत्र के रसूला, नैथुआ, रामपुरा एनुद्दीन, धकपुरा मीरापुर, कौल्हाई आदि में कई जगहों से मिट्टी का खनन हो रहा है। किसी के पास भी खनन विभाग की अनुमति नहीं होती है। खनन अधिकारी ब्रज बिहारी लाल ने बताया कि बिना अनुमति के खनन की जानकारी नहीं है। मामले के बारे में पता करके कार्रवाई की जाएगी।

## खनन अधिकारी ने कीं दो ट्रैक्टर ट्राली सीज

**उझानी, अमृत विचार :** कस्बे में बुधवार को खनन इंस्पेक्टर ने एक ट्रैक्टर बालू भरा पकड़ लिया। ट्रैक्टर को पुलिस हवाले करते हुए सीज कर दिया। चालक के खिलाफ कार्यवाही की गयी है। दो ट्रैक्टर ट्राली सीज होने के बाद भी अन्य ट्रैक्टर अवैध बालू खनन में लगे हुए हैं। गुरुवार की रात को खनन अधिकारी को सूचना मिली की अथैया क्षेत्र में जेसीबी से अवैध खनन किया जा रहा है। सूचना पर खनन अधिकारी रात को ही मौके पर पहुंच गए। खनन अधिकारी ने मिट्टी से भरे दो ट्रैक्टर पकड़े गए जबकि जेसीबी मशीन चालक मशीन लेकर भाग गया। दोनो ट्रैक्टरों को थाने में लाकर सीज कर दिया गया। खनन अधिकारी बद्री प्रसाद ने दोनो चालकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## बच्चों के जुआ खेलते वीडियो वायरल

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव गंज में हर रोज हजारों रुपयों का जुआ खेला जाता है। गांव के बच्चे रोज गंवा देवता के मंदिर पर जुआ खेलते नजर आते हैं। पुलिस को बिल्कुल भी भनक नहीं है। गांव की युवा पीढ़ी इसका शिकार हो रही है। गांव के बच्चे घरों से कीमती सामान बेच देते हैं। जिसके चलते घरों पर कलेश होते रहते हैं। बुधवार को बच्चों के जुआ खेलने के वीडियो सोशल साइट्स पर वायरल हुए हैं।

## पिता की डांट से भागे भाई-बहन, बरामद

**बदायूं, अमृत विचार :** दातागंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने गुरुवार को पुलिस को सूचना दी थी कि मंगलवार को उनकी एक बेटी और एक बेटा नोट्स लेने के लिए साइकिल से गांव बल्लिया गए थे। जिसके बाद वह वापस नहीं लौटे हैं। वह लापता हो गए हैं। उन्होंने दोनों के अपहरण की आशंका जताई। पुलिस ने भाई-बहन की तलाश की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके भाई-बहन की तलाश शुरू की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद 24 घंटों में भाई-बहन को दिल्ली से बरामद कर लिया है।

## भाषण प्रतियोगिता में विजयी छात्राओं को किया पुरस्कृत

**बदायूं, अमृत विचार :** उझानी रोड स्थित मदर्स पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कक्षा 6 से 8 तक की छात्राओं ने कहा कि कलम तलवार से अधिक शक्तिशाली है, तथा बढ़ते उद्योग सिकुड़ते वन विषय पर हिंदी में अपने विचार प्रस्तुत किए, कक्षा 9 से 12 तक की छात्राओं ने द रोल ऑफ टेक्नोलॉजी इन शेपिंग मॉडर्न एजुकेशन तथा इंडियन स्पेस प्रोग्राम अचीवमेंट एंड फ्यूचर गोल्स विषय पर अंग्रेजी में अपने विचार प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग से कक्षा 8 की छात्रा अनुषा ( ब्लू हाउस) प्रथम स्थान, कक्षा 6 की आध्या रावत( ब्लू हाउस) द्वितीय स्थान तथा कक्षा 7 की छात्रा वनिषा ( ब्लू हाउस) तृतीय स्थान पर रहीं। सीनियर वर्ग से कक्षा 11 की छात्रा सदफ ( ब्लू हाउस) प्रथम स्थान, कक्षा 11 की छात्रा पायल ( यलो हाउस) द्वितीय स्थान, तथा कक्षा 11 की छात्रा सुमैरा ( रेड हाउस) तृतीय स्थान पर रहीं।

इस अवसर पर प्रधानाचार्या शीबा खान ने सभी विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया तथा उन्हें बधाई दी और आगे भी इसी तरह विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेने लिए प्रेरित किया, और कहा कि इस प्रतियोगिता को कराने का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक भाषण कौशल को निखारना, तार्किक तथा बौद्धिक विकास करना और उन्हें अपने विचार और राय व्यक्त करते समय स्पष्ट रूप से बोलना सीखना था।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरुवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमोशिया
- याद्दाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913
नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षो का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)



धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

गुप्त रोगी मिलें



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
Dr.M. Nadeem® (BUMS)
यूनानी चिकित्सक
Reg. No. 19709
पुरुषों एवं महिलाओं के समस्त गुप्त रोग
जो व्यक्ति बचपन की नादानी के कारण जिनको धातु स्वप्नदोष, नामर्दी का होना, जोश, शीघ्रपतन, गलत विचारों से वीर्य का निकलना, शुक्राणु का कम होना, पेशाब में जलन होना, ज्यादा आयु वाले मर्दो का सैकस पॉवर खत्म होना, व बहने सफेदी का आना (ल्यूकोरिया) नलों पर सूजन होना, माहवारी का होना निसंतान दम्पत्ति मिलें।
बवासीर, खूनी व बादी भगन्दर, गठिया, जोडों का दर्द, पेट की समस्या रोगों का इलाज
Sugar (मधुमेह) जैसे जानलेवा बीमारी का आयुर्वेदिक और यूनानी दवाइयों द्वारा इलाज, जोडों में दर्द रहना। कोलेस्टॉल का खराब होना, लीवर का बार-बार खराब हो जाना, ऐसे जटिल से जटिल समस्याओं का इलाज बिना किसी साइड इफेक्ट्स के यूनानी और आयुर्वेदिक उपचार...
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे इस्लामिया मैदान के सामने, बरेली
9634499693
9837338306

अम्बा हेल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस. सिंह
B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षो से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic
पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।



चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें



Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 1 सितम्बर 2024, रविवार
15 सितम्बर 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

## एक नजर

### अवैध असलाह के साथ आरोपी दबोचा

**कासगंज :** सिढपुरा थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जामा तलाशी के दौरान उसके पास से एक तमंचा 312 बोर और दो कारतूस बरामद किए हैं। इंस्पेक्टर राधेश्याम सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेजा गया है।

### दुष्कर्म का वांछित गिरफ्तार

**कासगंज :** गंजडुंडवारा कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित चले आ रहे आरोपी कृष्णा राघव निवासी गोविंद पुरी थाना डिबाई जिलाबुलंदशहर को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया था। न्यायालय ने आरोपी को जेल भेजा है।

**खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें**

# जमीन के विवाद में ट्रैक्टर से कुचले युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- लगभग दो माह से ऋषिकेश एम्स में लड़ रहा था जिदंगी की जंग
- परिजन दो दिन पहले ले आए थे गांव बरौदा

**अमृत विचार:** जमीन के विवाद में ट्रैक्टर से कुचल कर घायल किए गए युवक की शुक्रवार को मौत हो गई। ऋषिकेश के एम्स में दो महीने तक उपचार के बाद परिजन दो दिन पूर्व गांव लाए थे। इस घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी।



मृतक अमर सिंह।

10 जुलाई को सोरों कोतवाली के गांव बरौदा में जमीन के विवाद में दो पक्षों में संघर्ष हो गया था। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के अमर सिंह पुत्र रामरक्षपाल सिंह एवं शिवराम पुत्र मानपाल को ट्रैक्टर से कुचल कर घायल कर दिया था। इनमें शिवराम की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि अमर सिंह गंभीर घायल हो गया था। घटना के संबंध में मानपाल ने 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। अमर सिंह को परिजन अलीगढ, दिल्ली और फिर ऋषिकेश एम्स ले गए थे। एम्स के चिकित्सकों ने हाथ खड़े कर दिए तो परिजन दो दिन पूर्व उसे गांव ले आए। शुक्रवार को अमर सिंह की मौत हो गई।

सोरों कोतवाली के इंस्पेक्टर भोजराज सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले में पहले से ही मुकदमा दर्ज है। 11 आरोपियों में से सात को जेल भेजा जा चुका है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम दबिशें दे रहीं हैं।

# जखेरा में मिले महाभारत व कुषाण काल के अवशेष

## अलीगढ़ विश्वविद्यालय से पहुंचे पुरातत्व विशेषज्ञों की टीम ने किया दौरा, डीएम ने फिलहाल हाईवे निर्माण रुकवाया

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के लिए खोदाई के दौरान निकले अवशेषों में सिक्का आदि संरक्षित होंगे
- एक परत में कुषाण कालीन धरोहरें भी निकलीं, दो हजार वर्ष पुराना इतिहास

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय राजमार्ग 530 बी निर्माण के लिए की गई खोदाई में महाभारत काल के साथ ही कुषाण कालीन पौराणिक अवशेष व सिक्का निकलने से जखेरा का इतिहास हजारों साल पुराना होने के प्रमाण मिल रहे हैं। अलीगढ़ विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों की टीम ने जखेरा का भ्रमण करके कुछ ऐसे संकेत दिए हैं। इसके बाद जिला प्रशासन ने फिलहाल हाईवे निर्माण पर रोक लगाते हुए खोदाई में निकले अवशेषों को संरक्षित करने की तैयारी शुरू कर दी है। कुछ अवशेषों को विशेषज्ञ जांच के लिए अपने साथ लेकर गए हैं।

जिलाधिकारी मेधा रूपम की पहल पर जिले के इतिहास को संरक्षित करने की तैयारी पहले से ही चल रही थी। लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के लिए की गई खोदाई में गांव जखेरा में तमाम पौराणिक अवशेष मिलने के बाद जिला प्रशासन ने हजारों वर्ष पुराने इतिहास जानने के लिए शुक्रवार को इतिहासकारों के साथ अलीगढ़ विश्वविद्यालय के पुरातत्वविदों की बैठक बुलाई। अलीगढ़ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एवं पौराणिक विशेषज्ञ डा एमके पुंढीर टीम के साथ पहुंचे। डीएम मेधा रूपम के साथ बैठक में प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल हुए। जखेरा के इतिहास पर चर्चा हुई। उसके बाद टीम गांव जखेरा पहुंची। विशेषज्ञों ने पाया कि यहां कई एतिहासिक धरोहर हैं, जो करीब दो हजार वर्ष पुरानी प्रतीत होती हैं। पुराने सिक्के भी मिले। कुषाण काल की एक लेयर मिली। विभिन्न सभ्यताओं की लेयर भी देखने को मिली। हजारों साल पुराने घरेलू सामान के टुकड़े भी मिले। इनको सहेज कर टीम अलीगढ़ ले गई है, जबकि धरोहरें कासगंज के कलेक्ट्रेट में सहेजी गई हैं।



कासगंज के गांव जखेरा में पौराणिक धरोहरों को देखते विशेषज्ञ। ● अमृत विचार



पौराणिक सिक्का संग्रालय में रखा जाएगा।



पुराने अवशेष दिखाता किशोर।

### दशकों पूर्व भी हो चुकी है जखेरा में खोदाई

यहां दस्तावेजों की माने तो साल 1860 से 1870 के दौरान विश्व के प्रख्यात पुरातत्ववेत्ता अलेग्जेंडर कनिंघम ने जखेरा पुरातात्विक स्थल की पहली बार खोदाई की थी। जिसके बाद साल 1974 से लेकर 1987 के दौरान अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ने यहां तीन चरणों में खोदाई की। तीसरे चरण में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के पुरातत्ववेत्ता एमडीएन साही ने जखेरा पुरातात्विक स्थल को लेकर सबसे बड़ा अनुसंधान किया।

### खोदाई में इस तरह के अवशेष मिले

अवशेषों के रूप में यहां से हड्डियां, लोहा, तांबा, मोती, सोने के तार, आभूषण, कंघी, पक्के फर्श, पक्के घर, ग्रेवल, चूना लेप, पोस्ट होल, हंसिया के साथ मिट्टी के पके हुए व चित्रित वर्तन प्राप्त हुए थे। अभी यहां और भी अवशेष होने की संभावना है।

### जखेरा ही पहले 'यज्ञखेड़' या 'यक्षखेड़ा' था

भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय में प्रोफेसर योगेंद्र मिश्र बताते हैं कि कासगंज शहर से पश्चिम दिशा में पांच किलोमीटर की दूरी पर काली नदी के किनारे स्थित पुरातात्विक स्थल जखेरा को महाभारतकाल के समय यज्ञखेड़ा के नाम से जाना जाता था। कुछ इतिहासकार इस स्थान को यक्षखेड़ा भी बताते हैं।

अलीगढ़ विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों के साथ जिलाधिकारी की बैठक के बाद जखेरा में हाईवे निर्माण कार्य फिलहाल रोक दिया है। यहां विशेषज्ञ जानकारी कर रहे हैं कि क्या पौराणिक महत्व है। जो अवशेष मिले जो सहेज लिए गए हैं। जिन्हें अलीगढ़ विश्वविद्यालय और कासगंज कलेक्ट्रेट में रखा जाएगा। **-संजीव कुमार, एसडीएम, सदर।**

### जखेरा का इतिहास उत्तरकाल व उत्तर वैदिककाल से जुड़ा : मिश्रा

महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली में प्राचीन इतिहास एवं संस्कृति विभाग के पुरातत्ववेत्ता डॉ. अनूप रंजन मिश्रा ने बताया कि जखेरा पुरातात्विक स्थल से तृतीय संस्कृति अर्थात एक हजार ईसा पूर्व की चित्रित धूसर मृदभांड संस्कृति के प्रमाण मिले हैं। जिसे उत्तरकाल एवं उत्तर वैदिककाल कहा जाता है। इसे महाभारत का समकाल भी माना जाता है। यहां उस दौर में गंगा वैली की एक सबसे मॉर्डन कॉलोनी यहां मौजूद थी।


# रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल

पताः सेक्टर -7, रामगंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली मो. 8077808309




## फ्री कैम्प 2 सितम्बर से 7 सितम्बर 2024 तक

**कायचिकित्सा विभाग :-** शुगर, रक्तचाप व हृदय सम्बन्धित रोग, फैटी लीवर, हैपेटाइटिस एवं पेट सम्बन्धित रोग, त्वचा रोग, बालों का झड़ना, मोटापा, सिरदर्द, माइग्रेन, मुँह टेढ़ा होना, फालिज, नस सम्बन्धित बीमारियाँ तथा मलेरिया, टायफायड, डेंगू तथा जीर्ण ज्वर एवं सभी प्रकार के जोड़ो के दर्द, गठिया, स्पांडिलाइटिस, सियाटिका का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज

**शल्यतंत्र विभाग :-** बवासीर, भगन्दर व फिशर का क्षार-सूत्र विधि द्वारा सफल इलाज, पैरों की नसों में नीलापन/सूजन वेरीकोज वेन्स, कोर्न, कुठारी/पैर के तल में गांठ, चर्बी की गांठ, सिस्ट और पुराने से पुराने जख्म का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज

**पंचकर्म विभाग :-** शरीर की अशुद्धियों को दूर करना (Detoxification) फालिज, सियाटिका, गठिया का स्वेदन, शिरोधारा, बस्ति, जलौका, वमन, नस्य आदि प्रक्रिया द्वारा इलाज

**कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग :-** बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने के लिये स्वर्ण प्राशन संस्कार, हाइट बढ़ाना, ऑटिज्म (Autism), loss of concentration या ADHD विकार तथा वंशानुगत मांसपेशी विकार, मायोपैथी आदि बीमारियों का आयुर्वेदिक इलाज

**शालाक्य तंत्र विभाग :-** तर्पण विधि द्वारा बच्चों के नज़र के चश्में का नम्बर कम करना। नाक के अन्दर मांस बढ़ जाना व कान के पर्दे के छेद का आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा बिना ऑपरेशन सफल इलाज

गले, कान, नाक व आँख के रोग का इलाज

**प्रसूति एंव स्त्री रोग विभाग :-** नार्मल डिलीवरी, रसौली, बच्चेदानी के मुख का घाव/सूजन, PCOD, श्वेत प्रदर, स्तन में गांठ आदि रोगों का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज

**अगद तंत्र एवं स्वस्थवृत्त विभाग :-** ततैया/बर्र, मधुमक्खी/बरसाती कीड़ा, काटने पर आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज

पथ्य (डाईट) व योग सम्बन्धित जानकारी

**ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबिन एवं शुगर की निःशुल्क जाँच तथा शेष जाँचो में छूट**

**निः शुल्क परामर्श**

उपलब्ध सुविधाये :-

❖ X-RAY, ❖ ULTRASOUND, ❖ BLOOD TEST, ❖ ECG


# दो वाहनों को सीज कर 118 वाहनों के काटे चालान

**कासगंज, अमृत विचार:** यातायात पुलिस द्वारा शुक्रवार को शहर में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। नियमों का उल्लघंन करने पर दो वाहनों को सीज किया और 118 वाहनों के चालान काटे गए। वाहन चालकों को जागरुक किया गया। यातायात पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नियमित वाहन चेकिंग अभियान के तहत शुक्रवार को यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने शहर के गल्ला मंडी तिराह, रोडवेज बस स्टैंड, अमांपुर राज कोल्ड तिराह, मालगोदाम चौराह, अंवती बाई द्वारा सहित कई स्थानो पर पुलिस ने वाहनों की चेकिंग की। बिना हेलमेट, बिना सील्ट बेल्ट, ट्रिपिल राइडिंग पर कार्रवाई की गई। यातायात प्रभारी ने बताया कि दो वाहनों को सीज किया गया है, जबकि दो पहिया और चार पहिया 118 वाहनों के चालान काटे गए हैं।

# बच्चों में डायरिया और वायरल फीवर का प्रकोप

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** जिले में डायरिया और वायरल फीवर के शिकार बच्चे सबसे ज्यादा हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में रोगों का सर्वाधिक प्रभाव है। जिला अस्पताल, स्वास्थ्य केंद्रों पर रोगियों की कतार लग रही हैं। निजी अस्पतालों और क्लीनिकों पर भी रोगियों की भरमार है।

इन दिनों में मौसम में परिवर्तन दिखाई दे रहा है। बरसात फिर चटक धूप से मौसम नुकसानदायक है। मौसम का यह प्रभाव लोगों के स्वास्थ पर पड़ रहा है। लोग बीमार हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था पंगू होने से रोग पैर पसार रहे हैं। बच्चे डायरिया और वायरल फीवर के शिकार हो रहे हैं। बड़े और बूढ़े भी इससे अछूते नहीं हैं। त्वचा रोग भी तेजी से फैल रहा है। जिला चिकित्सालय एवं स्वास्थ्य केंद्रों की ओपीडी में सुबह से ही मरीज और तीमरदारों की लाइन लग जाती हैं।



जिला अस्पताल के पर्चा काउंटर पर लगी मरीजों की कतार। ● अमृत विचार

- जिलाअस्पताल, स्वास्थ्य केंद्रों पर लग रही रोगियों की कतार
- निजी अस्पताल और क्लीनिकों पर भी रोगियों की भरमार

जिला अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्रों पर उपचार की बेहतर व्यवस्थाएं हैं। जिला अस्पताल में सभी प्रकार की जांचें निशुल्क हो रही हैं। रोग होने पर जिला अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्रों पर पहुंचे और उपचार कराएं, सभी दवाएं उपलब्ध हैं। **-डॉ. राजीव अग्रवाल, सीएमओ।**

### चिकित्सक की सलाह

फिजीशियन डा. प्रवेश माहेश्वरी बताते हैं, कि यह मौसम रोगों को बढ़ावा देता है। रोगों से बचने के लिए सावधानी की जरूरत है। गला, वायरल फीवर, सर्दी, त्वचा रोग, डायरिया अधिक फैलते हैं। इनमें अधिकांश लोग खान पान की वजह से होते हैं। लिहाजा खान पान में एहितियात बरती जाए, तो रोगों से बचा जा सकता है। रोग होने पर प्रशिक्षित चिकित्सक से परार्मश लेकर दवा लें।

### फल फूल रहा है पैथोलॉजी लैब का धंधा

जिले में एक नहीं सैकड़ों की संख्या में पैथोलॉजी लैब संचालित हैं। जिनमें कुछ ही पैथोलॉजी सेंटरो को छोड़ दें, तो अधिकांश लैब मानकों के विपरीत संचालित हो रहे हैं। इनपर न तो प्रशिक्षित लैब टेक्नीशियन हैं और न ही ये स्वास्थ्य विभाग में पंजीकृत हैं। तमाम लैब तो ऐसी हैं जो सिर्फ लैब के नाम पर कलेक्शन सेंटर हैं। कोई मशीन इनके यहां नहीं है। ब्लड सैंपल लेकर अन्य लैबों पर जांच कराते हैं और अपने नाम पर रिपोर्ट जारी करते हैं।

### झोलाछाप भी काट रहे चांदी

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में झोलाछापों की भरमार है। शायद ही कोई ऐसा गांव हो, जहां झोलाछाप मरीजों के जीवन से खिलवाड़ न कर रहे हों, कस्बाई क्षेत्रों में इनका धंधा फल फूल रहा है। विशेषकर गरीब तबके लोगों ही इनका शिकार बन रहे हैं। झोलाछापों के यहां भी रोगियों की भीड़ है। वह जमकर चांदी काट रहे हैं।





# Bareilly International University

{Established under Govt. of U.P. Act No. 26 of 2016, and approved by University Grant Commission u/s. 2 (f) of UGC Act 1956}

Excelled in **CUET?**

Join the Courses:

**ADMISSIONS OPEN 2024**

**ONLINE REGISTRATION** https://admissions.biuerp.com/

## Courses Available

### Under Graduate Courses

- BBA— Finance & Taxation
- B.Com (Hons)
- BCA— IT & Multimedia
- B.A. — Journalism
- B.A. — Mass Communication
- B. Pharm
- B.Sc. Forensic Sciences
- Post Basic B.Sc. Nursing

### Diploma Courses

- X-Ray Technician
- MRI Technician
- Emergency & Trauma Care
- Dialysis Technician
- D. Pharm
- Dental Mechanics
- Dental Hygienist

### Post Graduate Courses

- M.Com
- M.A. — Pol. Science
- MBA
- MHA
- MPH
- M.A. — English
- M.A. — Hindi
- M.A. — Psychology
- M.A. — Sociology
- M.A. — Journalism
- M.A. — Mass Communication
- M. Pharm ( Pharmaceutics / Pharmacology)
- M.Sc. Forensic Sciences
- M.Sc. Medical Sciences
- M.Sc. Clinical Embryology

- Use of integrated pedagogy to train students in the art of interpretation and understanding.
- Use of present-day techniques for transforming imagination, reasoning and thought patterns.
- Use of experimental methods and research tools for teaching-learning process.

Contact for More Details
Admission Cell, Administrative Block
Rohilkhand Medical College and Hospital Campus, BIU
Pilibhit Bypass Road Bareilly-243006 (UP) India

Web: www.biu.edu.in
Email: admission@biu.edu.in
Admission Cell: 9105500202, 9105500404


# अपराधियों को सजा दिलाने के लिए हो प्रभावी पैरवी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** अभियोजन कार्यों व कानून व्यवस्था को लेकर शुक्रवार को डीएम, एसपी ने कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक की। कहा कि अपराधियों को सजा दिलाने के लिए मुकदमों की गंभीरता से पैरवी की जाए।

जिलाधिकारी मेधा रूपम ने कहा की पीड़ितों को न्याय दिलाना सभी की जिम्मेदारी है। एक्साइज, पॉक्सो, एनडीपीएस, एससी-एसटी एक्ट, हत्या, डकैती, बलात्कार, शस्त्र अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण एवं गंभीर मामलों को चिह्नित करते हुए उसके निष्पादन के लिए समय से कार्यवाही करें। पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोक अभियोजन अधिकारियों से प्राप्त जानकारी पर पुलिस को दूसरे जिले में पदस्थापित सरकारी गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए एसपी कार्यालय से समन्वय स्थापित करने के लिए कहा।

उन्होंने कहा कि न्यायालय में लंबित मामलों के निष्पादन के लिए सभी संबंधित पक्षों में समन्वय का होना आवश्यक है।




कलेक्ट्रेट सभागार में अपराधों की समीक्षा बैठक करतीं डीएम मेधा रूपम, एसपी अपर्णा रजत कौशिक। ● अमृत विचार

- कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में डीएम, एसपी ने दिए अधिकारियों को निर्देश
- अपराधियों को सजा दिलाने के लिए मुकदमों की गंभीरता से पैरवी करने के निर्देश

पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने महिला अपराधों से संबंधित मुकदमों पर प्रभावी ढंग से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम राकेश कुमार पटेल, एएसपी राजेश कुमार भारती, संयुक्त निदेशक अभियोजन हरीश चन्द्र, अभियोजन अधिकारी दिनेश प्रसाद, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पाण्डेय, अभियोजन सहित अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में योग प्रशिक्षण

**जलेसर, अमृत विचार :** आयुष्मान आरोग्य मंदिर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय ने नगर के रूपेश स्मारक बालिका इंटर कॉलेज में आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। जिसमें छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं दी गईं। शिविर में आयुर्वेद अधिकारी डॉक्टर अनुज कुमार एवं एएमओ डॉक्टर शबनम राजपूत ने छात्राओं से बदलते मौसम में ठंडे पदार्थ खाने से बचने की सलाह दी। नियमित योग करने, तली एवं बाजार की चीजें खाने से बचने को कहा। अनिल कुशवाहा ने रोगानुसार योग का प्रशिक्षण दिया। योग सहायक सचिन कुमार, राजकुमार, प्रधानाचार्य आराधना शर्मा, शरद सिंह, विजयलक्ष्मी, उषा शास्त्री, तेज कुमारी, रानी, प्राची मौजूद थे।


**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अख़बार

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

**बरेली संस्करण**

**स्मृतियाँ शेष**

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि

पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

**साइज व रेट**

साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST

अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-

☎ 0581-4000222

हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006


### जिले के सात नए मार्गों पर दौड़ेंगी रोडवेज की बसें

- प्रस्ताव को जल्द मिलेगी हरी झंडी, जिला मुख्यालय आने को नहीं भटकेंगे लोग

**कासगंज,अमृत विचार :** परिवहन निगम कस्बाई और ग्रामीण क्षेत्रों तक रोडवेज बस सुविधा देने की पहल कर रहा है। जिसके लिए सात नए मार्गों का चयन किया है। नए मार्गों पर रोडवेज बसें जल्द दौड़ेंगी। पूर्व में भेजे गए प्रस्ताव को हरी झंडी मिलने की उम्मीद है। कस्बा और गांवों के लोगों को शहरों तक पहुंचने के लिए डग्गामार वाहनों का सहारा लेना पड़ता है। जिससे उन्हें खासी परेशानी होती है। डग्गामार वाहनों का कोई समय निर्धारित नहीं होता और क्षमता से अधिक सवारियों को बैठाया जाता है, जिससे हादसों की आशंका बनी रहती है। जनपद के पिवारी, मोहनी, भूपालगढ़ी, बरबारा, सैलई, बरौदा, अमांपुर, मगथरा, मोहनपुरा सहित अन्य कस्बा और ग्रामीण क्षेत्रों को रोडवेज बस की सुविधा मिलने वाली है। जिनके मार्गों का निर्धारण किया गया है। चार मार्ग ऐसे हैं जो संकरे हैं। उन पर बड़ी बसें नहीं दौड़ सकतीं। जिसके चलते रोडवेज ने संकरे 4 मार्गों पर 26 सीटर बसें संचालित करने का प्रस्ताव भेजा है। जबकि शेष तीन मार्गों पर 38 शीटर बसों का संचालन किया जाएगा। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ओम प्रकाश ने बताया कि सात मार्गों पर रोडवेज की अनुबंधित बसें चलाए जाने की योजना है। जैसे ही निगम से अनुबंधित बसें मिलेंगी संचालन शुरू करा दिया जाएगा।


**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अख़बार

**क्लासीफाइड**

**सूचना**

मैंने अपनी पत्नी मुन्नी रस्तोगी वह पुत्र अभिषेक रस्तोगी को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में वह किसी भी प्रकार का लेनदेन व कृत्य करते हैं तो उसके जिम्मेदार स्वयं होंगे। मेरी किसी भी लेनदेन व कार्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **सुरेंद्र रस्तोगी पुत्र स्व. भगवान दास रस्तोगी निवासी अंसारी मोहल्ला वार्ड नंबर 5 फतेहगंज पश्चिमी तहसील मीरगंज जिला बरेली।**

**आवश्यकता**

**बरेली में ऑनलाइन कंपनी में बाइकर्स की।**

कमाएँ- 11000/- से 15000/- प्रतिमाह।

DL, Two wheeler & 4Gphone जरूरी है।

**जल आकाश, परसाखेड़ा**

**7669334441, 7599074780, 9720554832**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## जिले में आज

- शहर के मुहल्ला जयजय राम शिव मंदिर पर छठी महोत्सव शाम पांच बजे से।
- स्वच्छता समिति के तत्वाधान में मुहल्ला नाथुराम में जागरुकता शिविर सुबह 11 बजे से।
- कैनाल बाईपास रोड स्थित माहेश्वरी फार्म हाउस पर पौधारोपण सुबह आठ बजे से।
- गांव गोरहा में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 11 दिवसीय सुबह नौ बजे से।

## एक नजर

### दो वारंटी गिरफ्तार

**कासगंज, अमृत विचार :** वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सिढपुरा पुलिस ने वारंटी अनुराग ग्राम सरावल थाना सिढपुरा एवं सदर कोतवाली पुलिस ने राजवीर निवासी तिलसई कला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए वारंटियों को संबंधित थाना पुलिस ने न्यायालय में पेश किया।

### मच्छर मार दवा खाकर किया खुदकुशी का प्रयास

**एटा, अमृत विचार :** सकीट थाना क्षेत्र के गांव नगला पबल निवासी अवधेश कुमार (42) पुत्र रामअवतार सिंह ने गृह क्लेश के चलते घर पर ही मच्छर मार दवा का सेवन कर आत्महत्या करने की कोशिश की। हालत खराब होने पर भतीजे रोहित ने उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया।

### दहेज की खातिर विवाहिता का उत्पीड़न

**एटा, अमृत विचार :** महिला थाने में एक युवती ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी हरियाणा के थाना मेवात क्षेत्र के रहने वाले युवक के साथ हुई थी। शादी में दिए दान दहेज से वर पक्ष संतुष्ट नहीं हुआ। अतिरिक्त दहेज में स्कारपियो गाड़ी की मांग करने लगे। आरोप है कि इसके लिए पीड़िता के साथ मारपीट की, गाली गलौज करते हुए जिंदा जलाकर मारने का प्रयास किया। पति ने अप्राकृतिक कृत्य किया। महिला थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

**खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें**

# संक्रमित निकली दाल-रोटी, कार्यदायी संस्था कटघरे में

## सुमंत कुमार माहेश्वरी इंटर कॉलेज में 56 बच्चों के बीमार होने के मामले में एसडीएम ने डीएम को सौंपी जांच रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- बेसिक शिक्षा विभाग के लापरवाह अधिकारियों को जांच रिपोर्ट में ठहराया जिम्मेदार
- प्रयोगशाला की जांच में पाया गया मध्यान्ह भोजन कीड़े पड़ने से हो चुका था संक्रमित



सुमंत कुमार माहेश्वरी इंटर कॉलेज। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शहर के नदरई गेट स्थित सुमंत कुमार माहेश्वरी इंटर कॉलेज में मध्यान्ह भोजन के रूप में आयी दाल-रोटी खाने से 56 बच्चों के बीमार होने के मामले में प्रयोगशाला की जांच रिपोर्ट आ गई है। जिसमें दाल में कीड़े पड़ने से संक्रमित (विषैला) होना पाया गया है। रिपोर्ट आने से एक तरफ कार्यदायी संस्था पर कार्रवाई की तलवार लटक गई है, वहीं दूसरी तरफ एसडीएम की जांच रिपोर्ट में बेसिक शिक्षा विभाग को जिम्मेदार ठहराया गया है। ऐसे में बेसिक शिक्षा अफसरों पर भी कार्रवाई हो सकती है।

बता दें कि एक अगस्त को सुमंत कुमार माहेश्वरी इंटर कॉलेज में मध्यान्ह भोजन खाने से 56 विद्यार्थियों की हालत बिगड़ गई थी। उलटी और दस्त के बाद जान खतरा होने पर जिला अस्पताल में उपचार कराया गया था। डीएम मेधा रुपम ने इस मामले में माध्यमिक और बेसिक शिक्षा अधिकारियों को फटकार लगाई थी। भोजन वितरण के लिए नामित कार्यदायी संस्था अशर्फी देवी ग्राम उद्योग संस्थान विरुद्ध जांच एसडीएम न्यायायिक प्रदीप विमल को सौंपी थी। खाद्य सुरक्षा सहायक आयुक्त आनंद देव ने माध्यान्ह भोजन के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे थे। इनकी रिपोर्ट में दाल और रोटी में मिलावट की पुष्टि हुई है। हालांकि मिलावट क्या थी, यह स्पष्ट नहीं हुआ है। पानी के नमूनों की रिपोर्ट अभी नहीं आई है। जांच कर रहे एसडीएम न्यायायिक ने अपनी रिपोर्ट डीएम को सौंप दी है। जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों की लापरवाही को उजागर किया है।

### बीएसए को जांच रिपोर्ट की जानकारी नहीं

माध्यान्ह भोजन वितरण की जिम्मेदारी संभाले बेसिक शिक्षा विभाग के सबसे बड़े अधिकारी बीएसए सूर्यप्रताप सिंह को इस मामले में कोई जानकारी नहीं है। कब जांच रिपोर्ट अधिकारियों को सौंप दी गई। कब खाद्य सामिग्री के नमूने की रिपोर्ट आई। अभी हमें इस बात की जानकारी नहीं है कि जांच में क्या हुआ। नमूनों की रिपोर्ट भी अभी देखने को नहीं मिली है। बीएसए ने बताया कि अन्य विभागीय कार्यों के कारण व्यस्तता है। कार्यालय पहुंच कर पूरी जानकारी करेंगे।

> मध्यान्ह भोजन के दाल रोटी में कीड़े होने के कारण भोजन संक्रमित हो गया था। संक्रमित किसी मिलावट से हुआ या कैसे इसकी जांच हो रही है। नमूनों की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंप दी है। **-आनंद देव, खाद्य सुरक्षा सहायक आयुक्त।**

> भोजन वितरण की जिम्मेदारी बीएसए की है। भोजन वितरण उसी स्तर से देखरेख के बाद होता है। उच्च अधिकारियों से जो दिशा निर्देश मिलेंगे, उसके अनुसार माध्यमिक शिक्षा विभाग कार्य करेगा। **-पीके मौर्य, डीआईओएस**

> प्रधानाचार्य परिषद की बैठक में यह निर्णय पहले ही लिया जा चुका है, कि कार्यदायी संस्था से भोजन वितरण नहीं कराया जाए। संक्रमित भोजन की पुष्टि हो चुकी है। किसी उच्च स्तरीय संस्था से ही भोजन वितरण कराया जाना चाहिए। **-आलोक दुबे, प्रधानाचार्य परिषद।**

> मध्यान्ह भोजन से बच्चों के बीमार होने के मामले की जांच पूरी करके डीएम को प्रस्तुत कर दी गई है। किस पर क्या कार्रवाई हुई, यह तो बीएसए ही बता पाएंगे। **-प्रदीप विमल, एसडीएम, न्यायायिक।**

# महिला सुरक्षा के प्रति न्यायिक अधिकारियों ने किया जागरूक


जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यक्रम में जागरुक करते न्यायिक अधिकारी व अधिवक्ता।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** न्यायिक अधिकारियों और अधिवक्ताओं ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया और विधिक सलाह दी। वहीं पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी लोगों को जागरूक किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लगाए गए साक्षरता शिविर में महिलाओं और पुरुषों को अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। एडीजे प्रथम विजय कुमार ने सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत की।

सदर तहसील क्षेत्र में जागरूकता अभियान में अधिकारियों ने तहसील कर्मचारियों को अपशिष्ट एवं कचड़ा प्रबंधन, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा का अधिकार अधिनियम एवं पर्यावरण सुरक्षा जैसे अहम मुद्दों पर विचार रखे। सिविल जज जूनियर डिवीजन अदिति गर्ग एवं सचिन सिंह ने महिला सशक्तिकरण, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के विषय पर जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता सत्येन्द्र पाल सिंह बैस ने किया और विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। नीरज कुमार रजिस्ट्रार कानूनगो, राजकुमार सोलंकी रजिस्ट्रार कानूनगो, राजस्व निरीक्षक रामकिशन एवं कुमारी शिवांजली, रश्मि, राजेश यादव तथा चन्द्रपाल आदि मौजूद रहे।

# पुलिस भर्ती परीक्षा में दो मुन्ना भाई गिरफ्तार

संवाददाता, एटा

- भाई की जगह फर्जी दस्तावेजों से दे रहे थे परीक्षा
- कड़ी सुरक्षा के बीच 11 केंद्रों पर कराई गई परीक्षा

**अमृत विचार:** पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान सघन चेकिंग करते हुए कोतवाली नगर पुलिस ने दो मुन्ना भाइयों को गिरफ्तार कर लिया। यह लोग भाई की जगह फर्जी दस्तावेजों से परीक्षा दे रहे थे। वहीं दूसरी ओर जिले में 11 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्वक परीक्षा हुई।

शहर के राजकीय बालिका इंटर कालेज में पुलिस आरक्षी की आयोजित प्रथम पाली की परीक्षा में अतुल भदौरिया को अपने भाई नितिन भदौरिया पुत्र सुनील भदौरिया निवासी पूरे भाना खेडा जिला आगरा की जगह परीक्षा देते हुए पकड़ लिया गया। दूसरी ओर प्रथम पाली में ही जवाहर लाल नेहरू डिग्री कालेज में अमित कुमार पुत्र किशनलाल निवासी नगला गोकुल चन्द्रवार जनपद फिरोजाबाद के नाम से फर्जी दस्तावेज तैयार कर परीक्षा देने आए व्यक्ति को पकड़ लिया गया। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग की गई। इसके बाद उन्हें प्रवेश दिया गया। पुलिस भर्ती बोर्ड परीक्षा के जिले में 11 केंद्र बने हैं। इन केन्द्रों पर एक पाली में 3596 अभ्यर्थी परीक्षा दे रहे हैं। शुक्रवार को परीक्षा का चौथा दिन था। सुबह 6 बजे से ही केंद्रों पर अभ्यर्थी पहुंचना शुरू हो गए थे। केंद्रों के बाहर प्रवेश के समय पुलिसकर्मियों ने अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग की। गेट के अंदर मेंटल डिटेक्टर से अभ्यर्थियों की चेकिंग की गई। इसके बाद ही उन्हें कक्षा में प्रवेश करने के लिए आगे भेजा गया। केंद्रों पर एडीएम प्रशासन और अपर पुलिस अधीक्षक पहुंचे। केंद्र के सामने एक दो दुकान खुली दिखी इस पर पुलिसकर्मियों को दुकानों को बंद करने के निर्देश दिए।

### आर्मी में नौकरी लगवाने के नाम पर 40 लाख की ठगी

एटा, अमृत विचार : राजा का रामपुर थाने में आकाश मिश्रा पुत्र राजीव ने सत्यपाल पुत्र करन सिंह निवासी अमोडा रोड कसेडूखेडा मेरठ समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया है कि पीड़ित व उसके अन्य साथियों को आर्मी में भर्ती कराने के नाम 40 लाख रुपए ले लिए। धोखाधड़ी करने व मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस द्वारा कोई सुनवाई नहीं की, तो पीड़ित ने अदालत के आदेश से अभियोग पंजीकृत कराया। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

### जहर खुरानों ने एलआईसी एजेंट को लूटा

**एटा अमृत विचार :** रोडवेज बस में सवार होकर आ रहे एलआईसी एजेंट को बेहोश कर जहरखुरानों ने लूट लिया। कोतवाली नगर क्षेत्र के आंबेडकर नगर निवासी धर्मेन्द्र सिंह (42) पुत्र शोभाराम सिंह दिल्ली में एलआईसी में एजेंट हैं। उनके बहनोई शिवकुमार ने बताया कि धर्मेन्द्र रोडवेज बस से दिल्ली से उनके घर पर ही आ रहे थे। रास्ते में किसी व्यक्ति ने उन्हें नशीले पदार्थ का सेवन कराकर बेहोश कर दिया। रोडवेज परिचालक ने सूचना दी। खबर सुनकर उन्हें उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। धर्मेन्द्र के पास से सोने का एक लॉकेट और कुछ रुपए लूट लिए गए।

## सार-संक्षेप

### गौतम बुद्ध के आर्दशों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें युवा



**कासगंज, अमृत विचार :** विकास खंड के गांव भामों में बुद्धिस्ट सोसाएटी ऑफ इंडिया ने जागरुकता कार्यक्रम के तहत महात्मा गौतम बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डाला। युवाओं से उनके आदर्श पर चलकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। बौद्धिस्ट सोसाएटी ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष राजवीर सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि बुहजन समाज में जन्में महापुरुषों ने समाज के लिए संर्घष किया। समाज को आगे बढ़ने का रास्ता दिखाया, लेकिन आज भी जागरुकता के अभाव में लोग आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। उन्होंने तथागत गौतम बुद्ध के जीवन संघर्षों पर प्रकाश डाला तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों को कैसे खत्म किया जाए। इस पर विस्तार से बताया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रतन प्रकाश, अलीगढ़ के जिलाध्यक्ष वीर सिंह गौतम, योद्धा सिंह, नंदकिशोर, नरेश कुमार, जोगेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### पुरातन छात्रों ने जीता कबड्डी एवं वालीबाल मैच



**जलेसर अमृत विचार :** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की याद में आयोजित खेल दिवस पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पुरातन एवं वर्तमान छात्रों के बीच कबड्डी प्रतियोगिता एवं वालीबाल प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता के दोनों मैच पुरातन छात्रों ने जीते। इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर आरके गोस्वामी ने मेजर ध्यानचंद के संबंध में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी एवं बताया कि मेजर ध्यानचंद ने आखिरी में तीन बार ओलंपिक के स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले खिलाड़ी थे। खेल दिवस पर वर्तमान एवं पुरातन खिलाड़ियों को राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार अर्जुन पुरस्कार एवं द्रोणाचार्य पुरस्कार जैसे पुरस्कारों से सम्मानित किया जाता है। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर शालिनी यादव ने किया। इस दौरान डॉ आशा सिंह, डॉ विभा भारद्वाज, डॉ अनिल कुमार, डॉ राहुल भारद्वाज, डॉ कविता शर्मा, डॉ वीरेंद्र सिंह, डॉ दिनेश कुमार, डॉ प्रणय छब्बर, डॉ आशीष श्रीवास्तव, डॉ प्रेम सागर, अजय प्रताप सिंह, राजवीर सिंह, प्रदीप कुमार आदि छात्राएं मौजूद थे

### स्वास्थ्य विभाग ने किसरोली में लगाया शिविर



**कासगंज, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग ने गांव किसरोली में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। रोगियों का परीक्षण कर दवाएं दी गईं। गांव के प्राथमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। स्वास्थ्य अधीक्षक डॉ .एनके चौहान के नेतृत्व में गांव किसरोली में शुक्रवार को स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। डा . दानिश की टीम ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। परीक्षण के दौरान सर्दी, जुकाम, बुखार के अलावा त्वचा रोगी मिले। चिकित्सकों ने रोगियों का परीक्षण किया और दवा देकर स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी। नियमित रूप से स्वास्थ्य लाभ न होने तक दवा खाने की राय दी। चिकित्सीय टीम ने गांव के प्राथमिक विद्यालय में जाकर विद्यार्थियों का भी जागरूक किया। सोरों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शुक्रवार को नसबंदी कैंप लगाया गया। डा . शिवा तिवारी पांच महिलाओं की नसबंदी की। डा . ने नसबंदी के बाद बरतने वाली सावधानियों के बारे में लाभार्थी महिलाओं को बताया। नसबंदी कैंप में राहुल कुमार, सूर्य कुमार, आलोक कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### नवीन जैन अध्यक्ष, शेखर जैन बने महामंत्री



**कासगंज,अमृत विचार :** जैन समाज की बैठक नदरई गेट स्थित पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में हुई। बैठक में श्री दिगंबर जैन रथ मेला कमेटी की कार्यकारिणी का सर्व सम्मति से गठन किया गया। नए पदाधिकारियों का समाज के बंधुओं ने पटुका पहना कर स्वागत किया। श्री दिगंबर जैन रथ मेला कमेटी की नई कार्यकारिणी में सर्व सम्मति संरक्षक मंडल में संत कुमार जैन, विजय जैन, कुलदीप जैन, शिशांक जैन को शशांक जैन को शामिल किया गया। नवीन चंद्र जैन को अध्यक्ष, शेखर जैन को महामंत्री, अक्षित जैन को कोषाध्यक्ष, जयकुमार जैन, हर्षित जैन उपाध्यक्ष, रोहित जैन सहमंत्री, सचिन जैन संयोजक, अंकित जैन सह संयोजक बनाए गए। सदस्य के रुप में मोहित जैन, आकाश जैन, प्रवीण चंद्र जैन, राहुल जैन, संभव जैन, गौरव जैन, अनिल जैन, पारस जैन, आदित्य जैन, मयंक जैन को सम्मलित किया गया।

### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**जलेसर अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में सात दिन पहले बाइक की चपेट में आकर घायल हुए युवक की उपचार के दौरान जयपुर में मौत हो गई। क्षेत्र के गांव नगला भजन निवासी विकास कुमार (25) पुत्र चोब सिंह 24 अगस्त को क्षेत्र के ग्राम बेरनी चौराहा से 50 मीटर दूर जूनियर स्कूल के पास पैदल जाते समय मोटर साइकिल ने टक्कर मार दी थी। हादसे में घायल विकास को स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र से मेडिकल कालेज भेज दिया था। यहां से उपचार देने के पश्चात डाक्टर ने हायर सेंटर रेफर किया था। आगरा से विकास को जयपुर रेफर कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि उपचार के दौरान 29 अगस्त की रात 11 बजे जयपुर में विकास की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में कर कानूनी कार्रवाई की है।

# चाचा ने की थी कैंची से भतीजी की हत्या

कार्यालय संवाददाता, एटा


गिरफ्तार आरोपित के बारे में जानकारी देते एसएसपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सगी भतीजे से गलत संबंध बनाने के चलते एक युवक ने भतीजी की कैंची मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि कोतवाली देहात के गांव गदनपुर निवासी जितेन्द्र कुमार ने 15 अगस्त को पुलिस को बताया था कि वह गुरूग्राम में नौकरी करता है। गांव में उसकी पत्नी नीरज व बेटी रौनक रहती हैं। पत्नी अकराबाद सीएचसी अलीगढ़ में संविदा पर एएनएम है। पत्नी सायं 5-6 बजे ड्यूटी से आई तो उसने बेटी रौनक को घर पर मृत पाया। पुलिस जांच में प्रकाश में आए जावेन्द्र उर्फ गुड्डू को बाबसा चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। निशानदेही पर नहर किनारे हत्या में प्रयुक्त कैंची बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि जावेन्द्र नोएडा में ऑटो चलाता है। शादी के बाद पत्नी से नहीं बनी। हत्या का प्रयास किया, तो वह मायके चली गई। यह पुष्टि जावेन्द्र की पत्नी द्वारा की गई। जावेन्द्र मृतका का सगा चाचा था। जो गांव में भी आता जाता था। भतीजी के प्रति जावेन्द्र के मन में गलत विचार आने लगा। 14 अगस्त को जावेन्द्र घर गया, तख्त पर बैठकर बात करने लगा। उसके मन में गलत विचार आए और छेड़खानी करने लगा। विरोध पर और शिकायत की धमकी देने पर आरोपित ने कैंची से लड़की की हत्या कर दी। किसी को शक न हो इसलिए पुनः घर के अंदर गया और बाहर आकर लोगों को सूचना दी कि उसकी भतीजी की किसी ने हत्या कर दी।

# सांप के काटने से दो भाइयों की मौत

**रामपुर, अमृत विचार :** शहजादनगर थाना क्षेत्र के ग्राम दीनपुर निवासी डालचंद्र के पुत्र धीरज (13) व शिवम (9) रोजाना की तरह गुरुवार की रात भी अपने पिता के साथ बरामदे में सो रहे थे। रात में किसी समय सांप ने दोनों भाइयों को डस लिया। दोनों बच्चे रोते हुए उठ बैठे और बताया कि किसी ने काट लिया है। दोनों बच्चों की हालत बिगड़ती देख परिजनों के होश उड़ गए। परिजन उन्हें गांव में डॉक्टर के पास ले गए। डॉक्टर ने शिवम को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन तत्काल धीरज को बरेली ले गए। सुबह 5 बजे वहां उसने भी दम तोड़ दिया। दोनों बच्चों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। शुक्रवार को दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटना की जानकारी पर शहर विधायक गांव पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी।

# अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री से मिले लोकदल के नेता

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- जिले की समस्याएं बताकर समाधान की मांग


राज्य मंत्री दानिश अल्वी से मुलाकात करते रालोद नेता।

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय लोकदल के प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को जिलाध्यक्ष शमीम अहमद अल्वी के नेतृत्व में अल्प संख्यक कल्याण, वक्फ एवं हज राज्य मंत्री दानिश अल्वी से मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने राज्यमंत्री के समक्ष जिले के मदरसा, कब्रिस्तान, मस्जिदों एवं वक्फ संपत्तियों से संबंधित समस्याओं को रखा।

जिले की अन्य समस्याएं भी राज्यमंत्री के समक्ष रखीं। जिलाध्यक्ष ने बताया कि राज्यमंत्री ने कई समस्याओ के निराकरण के लिए फोन द्वारा जिले के अधिकारियों से वार्ता की समाधान कराया। प्रतिनिधि मंडल में फरमूद हुसैन अल्वी, युसूफ अल्वी ,अजमत अल्वी,नरेश कुमार मौर्य सहित आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# भाकियू भानु का धरना प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी

**जलेसर, अमृत विचार:** सकरौली रजबहा में निरंतर पानी आने के लिए एवं पुलिस एवं प्रशासन के द्वारा यूनियन के कार्यकर्ताओं पर लगाए गए झूठे मुकदमों की वापसी की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन भानू का धरना प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी रहा।

धरना प्रदर्शन स्थल पर भारतीय किसान यूनियन भानू के जिला अध्यक्ष पंकज ठाकुर ने कहा कि जलेसर स्थित उपखंड सिंचाई विभाग के पास प्रदेश सरकार के द्वारा लाखों रुपया राजवाह एवं माईनरों की सफाई एवं नवीनीकरण के लिए भेजा था लेकिन विभागीय अधिकारियों ने ठेकेदारों से साथ घटकर धनराशि की बंदर बांट कर ली। भाकियू ने 4 सितंबर को तहसील मुख्यालय पर महापंचायत करने की घोषणा की है। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह एवं प्रदेश स्तरीय किसान नेता मौजूद रहेंगे।

# ज्वालापुरी में टूटी सड़कें, गड्ढों में भरा पानी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- कालोनीवासियों में नगर पालिका के विरुद्ध पनप रहा आक्रोश


शहर के ज्वालापुरी की टूटी सड़क पर भरा बरसात का पानी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शहर के सोरों गेट मुहल्ला जयराम स्थित ज्वालापुरी कॉलोनी दुर्दशा का शिकार है। कॉलोनी की बदहाली को लेकर लोगों में नगर पालिका प्रशासन के विरुद्ध आक्रोश है। लोग कभी भी सड़कों पर उतर कर आंदोलन कर सकते हैं। स्थानीय लोगों ने पालिका प्रशासन से कॉलोनी की दशा सुधारने की मांग की है। ज्वालापुरी कॉलोनी में सभी वर्गों के लोग रहते हैं।

वैसे तो यह कॉलोनी पूरी तरह विकसित नहीं है। फिर भी लोगों की पालिका से अपेक्षाएं हैं। कॉलोनी का मुख्य मार्ग पूरी तरह जीर्णशीर्ण है। मुख्य मार्गों के गड्ढों में बरसात का पानी भरा रहता है। लोगों का राह निकला दूभर हो जाता है।

इतना ही नहीं सफाई व्यवस्था भी पूरी तरह से पंगू है। नालियां कीचड़ से भरी हुई हैं। जल निकासी के लिए बेहतर प्रबंध नहीं हैं। स्थानीय लोग चाहते हैं कि पालिका प्रशासन कॉलोनी की दुर्दशा पर ध्यान दे और व्यवस्था दुरुस्त करे।


कॉलोनी के वाशिंदों को पालिका की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। सड़क का पुनः निर्माण हो, जल निकासी की व्यवस्था की जाए। **-डॉ आशीष, कॉलोनी निवासी।**


कॉलोनी की सफाई व्यवस्था अच्छी नहीं है। बरसाती कीड़ों का प्रकोप बढ़ गया है। पालिका को नालियों की सफाई करानी चाहिए। **- विमला देवी, कॉलोनी निवासी।**

# बीमारी से तंग महिला ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

**एटा अमृत विचार:** कोतवाली नगर क्षेत्र में एक महिला द्वारा बीमारी से तंग आकर घर पर ही फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर कानूनी कार्रवाई की, लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। शहर क्षेत्र के मोहल्ला शांतीनगर निवासी 52 वर्षीय अनीतादेवी पत्नी दलित कुमार द्विवेदी काफी समय से बीमार थीं।

इससे परेशान होकर अनीता ने घर पर ही फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। किसी ने यह जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई की, लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने के इनकार कर दिया। बाद में महिला का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# कृषि उद्यमी प्रशिक्षण से बेरोजगारों को रोजगार


स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षुओं को प्रशस्ति पत्र देतीं जिलाधिकारी मेधा रूपम।

कार्यालय, संवाददाता, कासगंज

- एग्री जंक्शन योजना के तहत युवाओं को दिया प्रशिक्षण
- जिलाधिकारी ने प्रशिक्षुओं को वितरित किए प्रशस्ति पत्र

**अमृत विचार:** शहर के भूड़ के नगला स्थित केनरा बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में चल रहे 13 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हो गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन जिलाधिकारी ने प्रशिक्षुओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

जिलाधिकारी मेधा रूपम ने बताया कि सभी प्रशिक्षुओं को व्यक्तित्व विकास के प्रशिक्षण के साथ साथ कृषि से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें मिट्टी की उत्पादकता, मानसून आधारित फसल चक्र, वाणिज्यिक कृषि फसलों को कीटो से बचाव, मछली, पशुपालन सहित अन्य प्रशिक्षण दिए गए, ताकि बेरोजगारों को रोजगार मिल सके। उन्होंने 13 दिनों से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बेरोजगार युवक, युवतियों को प्रशस्ति पत्र देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उपकृषि निदेशक महेंद्र सिंह ने बताया यह प्रशिक्षण एग्री जंक्शन योजना से हुआ है।

# अंकपत्रों में संशोधन के लिए परेशान हो रहे छात्र

**बरेली,अमृत विचार:** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के अंकपत्र में संशोधन के लिए विद्यार्थी परेशान हो रहे हैं। परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय में विद्यार्थी संशोधन के लिए पहुंच रहे हैं लेकिन कई महीने चक्कर लगाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

ज्यादातर छात्र पिछली साल के अंकपत्रों में अशुद्धियों को संशोधित कराने के लिए पहुंच रहे हैं।परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों के अनुसार इस बार अंकपत्र में बहुत ही कम त्रुटियां रहीं हैं। वर्ष 2024 की परीक्षा के अंकपत्र में संशोधन के लिए बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं, मुरादाबाद, अमरोहा, संभल, रामपुर और बिजनौर के विद्यार्थियों के ग्रीवांस सेल के माध्यम से 360 आवेदन आए थे। इनमें से 288 का संशोधन हो चुका है, जबकि बाकी अंकपत्रों की दूसरी प्रति तैयार कराने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

# हम स्कूली बच्चों की सुरक्षा को चिंतित, नहीं टूट रही है सरकार की नींद : हाईकोर्ट

## अगर शपथ पत्र नहीं हुआ संतोषजनक तो तलब होंगे मुख्य सचिव : लखनऊ बेंच

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों के अनुरूप स्कूलों में सुरक्षा उपाय न करने पर राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया है। न्यायालय ने कहा है कि हमारे समक्ष भारी मात्रा में दस्तावेज प्रस्तुत कर दिए गए लेकिन एक भी दस्तावेज में स्कूली संस्थानों के निरीक्षण की बात नहीं है। न्यायालय ने अविनाश मेहरोत्रा मामले में शीर्ष अदालत द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों के अनुपालन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देने के लिए प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारी को नियुक्त करने व



उसे कोर्ट के समक्ष उपस्थित होने का आदेश दिया है। न्यायालय ने इस सम्बन्ध में शपथ पत्र दाखिल करने का भी आदेश दिया है, साथ ही स्पष्ट किया है कि यदि कोर्ट शपथ पत्र को संतोषजनक नहीं पाती है तो मुख्य सचिव को तलब करेगी। मामले की अगली सुनवाई 5 सितम्बर को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने गोमती रिवर बैंक रेजीडेंट्स की ओर से वर्ष 2020 में दाखिल की गई जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। उक्त याचिका में शहर के आवासीय क्षेत्रों में चल रहे स्कूलों का मुद्दा खास तौर पर उठाया गया है। याचिका पर पूर्व में हुई सुनवाईयों के दौरान न्यायालय ने पाया कि सुप्रीम कोर्ट ने अविनाश मेहरोत्रा मामले में 14 अगस्त 2017 को बच्चों की सुरक्षा और स्कूलों में सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने को लेकर कुछ दिशानिर्देश जारी किए थे।

### बच्चों को कैम्पस के भीतर ही पिक-ड्रॉप कराएं

न्यायालय ने महत्वपूर्ण आदेश देते हुए कहा है कि हजरतगंज व राज भवन के आस-पास के स्कूली संस्थान कक्षा 5 तक के बच्चों को स्कूल परिसर के भीतर से ही पिक-ड्रॉप करने की सुविधा दें। न्यायालय ने कहा कि इसके लिए स्कूल वैन्स को अनुमति दी जाए। कहा कि सड़क के अनियंत्रित ट्रैफिक में बच्चों को खतरा है। इस सम्बन्ध में न्यायालय ने संयुक्त आयुक्त, ट्रैफिक पुलिस लखनऊ को इस आदेश का एक सप्ताह में अनुपालन कराने का आदेश दिया है। न्यायालय ने कहा है कि इस सम्बन्ध में स्कूलों को यदि कोई समस्या आती है तो वे संयुक्त आयुक्त के समक्ष अपनी बात रखेंगे। इसके साथ ही न्यायालय ने अगली सुनवाई पर संयुक्त आयुक्त को भी हाजिर होने का आदेश दिया है।

# 5 हजार की रिश्वत लेने में प्रधानाचार्य गिरफ्तार

**घाटमपुर (कानपुर), अमृत विचार:** सजेती क्षेत्र के महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज भदवारा में शुक्रवार को एंटी करप्शन टीम ने 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए कार्यवाहक प्रधानाचार्य को गिरफ्तार किया है। प्रधानाचार्य पर चतुर्थ श्रेणी में संविदा पर नौकरी देने के नाम पर 15 हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप है।

कानपुर से पहुंचे एंटी करप्शन के इंस्पेक्टर सुशील पाराशर के नेतृत्व में टीम ने महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज भदवारा में छापेमारी कर कार्यवाहक प्रधानाचार्य रामप्रकाश वर्मा को 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा। प्रधानाचार्य कानपुर देहात के सिकंदरा क्षेत्र के बुढ़ेड़ा गांव के रहने वाले हैं। उन्हें प्रधानाचार्य कक्ष से रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया और गिरफ्तार कर घाटमपुर थाने लाया गया।

# बुलंदशहर में दिनदहाड़े भाजपा नेता की हत्या

बुलंदशहर, एजेंसी



- पोतियों को स्कूल छोड़कर लौट रहे थे बदमाशों ने 4 गोलियां मारी

यहां शुक्रवार की सुबह 8 बजे के करीब अहमदगढ़ क्षेत्र के गांव हसनगढ़ में दो पोतियों को स्कूल छोड़कर लौट रहे भाजपा नेता रामवीर कश्यप की बाइक सवार अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हत्या कर दी। रामवीर कश्यप को हमलावरों ने 4 गोलियां मारी। सीने और सिर में गोली लगने से भाजपा नेता की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद हमलावर भाग गए। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला रंजिश का लग रहा है। खुलासे के लिए 6 टीम गठित कर दी गई हैं। घटनास्थल से भी पुलिस को कुछ सबूत मिले हैं, जिनके आधार पर जांच की जा रही है। आसपास क्षेत्र के लगे सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।

डोमला ढकनंगला गांव निवासी 55 वर्षीय रामवीर कश्यप बुलंदशहर से मौजूदा भाजपा सांसद भोला सिंह के प्रतिनिधि भी रह चुके हैं। हत्या में राजनीतिक षड्यंत्र का भी शक जताया जा रहा है। रामवीर कश्यप एलआईसी में बतौर एजेंट भी काम करते थे। गांव के प्रधान भी रह चुके हैं। रामवीर की हत्या के बाद लोगों में आक्रोश है। एसएसपी श्लोक कुमार ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया, साथ ही मृतक प्रधान के परिवार से बात की। मृतक प्रधान के परिजनों का आरोप है कि पूर्व में भी रामवीर को जान से मारने की धमकी दी गयी थी।

# मदरसा में नकली नोट छापने वालों पर रासुका की तैयारी

**प्रयागराज, अमृत विचार।** अतरसुइया स्थित जामिया हबीबिया मस्जिदे आजम मदरसा में नकली नोट छापने के मामले में पुलिस ने बुधवार को आरोपी मोहम्मद तफसीरूल आरिफीन, जाहिर खान, मोहम्मद शाहिद और मोहम्मद अफजल को गिरफ्तार किया था। उनके पास नोट बनाने की सामग्री मिलने पर सिविल लाइंस थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस अब आरोपियों पर रासुका लगाने की तैयारी कर रही है। जामिया हबीबिया मस्जिदे आजम मदरसा में नकली नोट छापने वाले आरोपियों पर पुलिस रासुका लगाने की तैयारी कर रही है। आरोपी नकली नोट छापकर देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर कर रहे थे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# गाजियाबाद में मुद्रा बदलने के नाम पर ठगी

गाजियाबाद, एजेंसी

- तीन पुलिसकर्मी सहित 6 आरोपी गिरफ्तार

जिले में मुद्रा बदलने के नाम ठगी करने वाले 6 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें तीन आरोपी सचिन, अनिल और संजय पुलिसकर्मी हैं, जो आगरा, हापुड़, और गाजियाबाद में तैनात हैं। एसीपी सुरेंद्र नाथ तिवारी के अनुसार इन्द्रापुरम निवासी पीड़ित मोहम्मद शादाब ने थाना वेवसिटी में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार, दो अज्ञात व्यक्ति और दो पुलिस वर्दीधारी ने एक सफेद फार्च्यूनर कार में बैठकर उनसे और उनके भाई मेहराज एवं बहनोई डॉक्टर मौहतरम से 12.5 लाख रुपये ठगी कर ली। उन्होंने भारतीय मुद्रा के बदले दुबई की मुद्रा देने का लालच दिया था, लेकिन बदले में नकली पैकेट थमा दिया।

शुक्रवार को चेकिंग के दौरान मैनुअल इनपुट की मदद से 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इन आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 4,36,000 रुपये भी बरामद किए। एसीपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि इस ठगी की साजिश में तीन सिपाही मुख्य भूमिका में थे. ये तीनों पुलिसकर्मी अपने पद का दुरुपयोग करते हुए डॉक्टर मौहतरम के साथ मिलकर ठगी को अंजाम दे रहे थे।

# राजेश वर्मा बने पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार की अनुशंसा के बाद राज्यपाल ने उप्र पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग में करीब ढाई साल से खाली पड़ी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष समेत 27 सदस्यों को नामित करने की स्वीकृति दे दी है। लखनऊ निवासी पूर्व सांसद राजेश वर्मा को अध्यक्ष और मीरजापुर के सोहनलाल श्रीमाली और रामपुर के सूर्य प्रकाश पाल को उपाध्यक्ष बनाया गया है।

यह जानकारी देते हुए पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रमुख सचिव सुभाष चंद्र शर्मा ने बताया कि चंदौली के सत्येंद्र कुमार बारी, सहारनपुर के मेलाराम पवार, अयोध्या के वासुदेव मौर्य, कुशीनगर के फुल बदन कुशवाहा आदि को सदस्य बनाया गया है।

# सीतापुर से हरिद्वार जा रही बस सांड़ से टकराकर पलटी, 18 श्रद्धालु घायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- गुरुवार देर रात हुआ हादसा, दो की हालत गंभीर, लखनऊ रेफर
- बस में सवार थे 55 लोग, दुर्घटना के बाद चालक फरार

**अमृत विचार:** सीतापुर से हरिद्वार जा रही तीर्थयात्रियों की बस हाईवे पर सांड़ से टकराकर पलट गई। हादसे में 18 यात्री घायल हो गए। दो की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज से लखनऊ रेफर कर दिया गया। घटना के बाद चालक बस छोड़कर भाग गया।

सीतापुर जिले के हरगांव थाना क्षेत्र के कई गांवों के 55 तीर्थयात्री बस से हरिद्वार जा रहे थे। गुरुवार रात 12:30 बजे हाईवे पर बाड़ीगांव मोड़ पर एक ढाबे के सामने छुट्टा पशुओं का झुंड आ गया। चालक ने पशुओं को बचाने



मौके पर मुआयना करते अफसर।

का प्रयास किया। रामचंद्र मिशन और रोजा थाने की पुलिस ने लोगों की मदद से तीर्थ यात्रियों को बस से निकाला।

हादसे में सीताराम पुरवा निवासी बाल गोविंद, राजू, विशंभर, ज्ञानवती, गोमती, गांव नौनेर के दयाराम, जरमापुर की लज्जावती, चांदपुर के शत्रुघ्न, उदयराज, कमला देवी, लक्ष्मणपुर के मूलचंद्र, उनकी पत्नी मूला देवी, ताहरपुर के उमेश, कटयारा गांव की मोहिनी देवी, महबूब खेड़ा की किरण, थाना तालगांव के कहमारा गांव के आशीष, कटियारा की रिंकी देवी, ध्रुव भी घायल हो गए। गंभीर घायल बाल गोविंद और राजू को लखनऊ रेफर कर दिया गया। बस का चालक भाग गया।

# कानपुर में फांसी लगाने से हुई थी महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पति के पत्नी की पीट-पीटकर हत्या करने की अफवाह उड़ी थी

**अमृत विचार:** गंगापुर कॉलोनी में संदिग्ध हालत में घर में मृत मिली महिला का शुक्रवार को पोस्टमार्टम हुआ। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की फांसी लगाने से मौत की पुष्टि हुई। मायके पक्ष से शिकायत न मिलने पर पुलिस ने पति को छोड़ दिया। गुरुवार रात पड़ोसियों ने महिला के चीखने की आवाज सुनी थी, जिस पर पड़ोसियों ने पति को बच्चे के साथ पकड़ लिया था। पति के पत्नी की हत्या कर देने की अफवाह उड़ गई थी।

मूलरूप से साढ़ के पासीपुरवा निवासी ई-रिक्शा चालक अजय कुमार तीन वर्षों से गंगापुर ईडब्लूएस कॉलोनी में पत्नी सोनी (28) व बेटे अभय (5) के साथ रहता है। गुरुवार रात पड़ोसियों ने बताया था कि अजय नशे की हालत में घर पहुंचा था, इसके बाद पति पत्नी में झगड़ा हुआ। देर रात अजय बेटे को लेकर भागता हुआ दिखा तो लोगों ने पकड़ लिया। उसे घर में लेकर पहुंचे तो सोनी का शव जमीन पर पड़ा था, लोगों ने पुलिस को हत्या की सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा कर पति को हिरासत में ले लिया था। शुक्रवार को पोस्टमार्टम हुआ, जिसमें फांसी लगाने से मौत की पुष्टि हुई।

# विद्युत आपूर्ति की बाधाओं को करें दुरुस्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ऊर्जा मंत्री ने विद्युत चोरी करने वाले वालों पर सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

**अमृत विचार:** उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण अनवरत विद्युत आपूर्ति मिले, आगामी गर्मी में विद्युत आपूर्ति में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो, लोगों को बार-बार की ट्रिपिंग से मुक्ति मिले, इसके लिए व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण पर गंभीरता से काम किया जाए। निर्माणाधीन उपकेंद्रों के निर्माण कार्यों को समय से पूरा किया जाए। विद्युत की सुचारू आपूर्ति में आ रहे व्यवधानों को आगामी 04 महीने में दुरुस्त करें। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।

ऊर्जा मंत्री ने शुक्रवार को नोएडा, ग्रेटर नोएडा, जेवर एवं दादरी सहित गौतमबुद्धनगर जिले की विद्युत व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, विद्युत आपूर्ति, चल रहे विकास कार्यों की प्रगति आदि की नोएडा में समीक्षा की। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि जिन क्षेत्रों में लो-वोल्टेज, ओवरलोडिंग आदि की समस्या है, वहां ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि के साथ ही, विद्युत चोरी की आशंका से अभियान भी चलाया जाए। उन्होंने विद्युत चोरी करने वाले वालों पर सख्त कार्रवाई करने तथा बड़े बकाएदारों से बकाया वसूलने के भी निर्देश दिए।

# सिपाही भर्ती परीक्षा: प्रपत्रों से छेड़छाड़ में तीन गिरफ्तार

**कानपुर, अमृत विचार:** सिपाही भर्ती परीक्षा में शुक्रवार को दो थानाक्षेत्रों में तीन अभ्यर्थी गिरफ्तार किए गए। परीक्षार्थियों के आधार कार्ड तथा हाईस्कूल की मार्कशीट में रिकार्ड में अंतर पाया गया।

नजीराबाद थानाक्षेत्र में एएनडी कॉलेज हर्ष नगर परीक्षा केन्द्र से दो को गिरफ्तार किया गया। नजीराबाद थाना प्रभारी अमान सिंह ने बताया कि राजेश सिंह मथुरा और चरन सिंह मैनपुरी को प्रपत्रों में छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की गई। इसी प्रकार छावनी थानाक्षेत्र में स्थित जुहारी देवी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में प्रथम पाली में अभ्यर्थी प्रदीप सिंह निवासी खिरिया नगवा, चितैन, किसनी, मैनपुरी के प्रपत्रों में अंतर मिला। सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# तेज रफ्तार कार ने 6 छात्रों समेत 12 को रौंदा

बांदा, संवाददाता



दुर्घटनाग्रस्त कार व जाम लगाए कस्बेवासी व छात्र। • अमृत विचार

- घटना से उत्तेजित छात्रों व ग्रामीणों ने लगाया जाम

**अमृत विचार :** बेकाबू कार ने 6 छात्रों समेत 12 राहगीरों को रौंद दिया सभी लोग घायल हो गए। इसमें दो छात्रों को गंभीर चोटें आईं। बाकी घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना से आक्रोशित छात्रों और ग्रामीणों ने जाम लगा दिया। जाम काफी देर तक लगा रहा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया।

शुक्रवार की दोपहर ओरन कस्बे में स्थित इंटर कालेज की छुट्टी हुई थी। सभी छात्र स्कूल से निकल कर सड़क पर आ गए। इसी बीच अतर्रा की तरफ से आ रही बेकाबू कार ने छात्रों, आटो रिक्शा, बाइक चालकों को टक्कर मारते हुए कालका शिवहरे की मिठाई की दुकान में जा घुसी। हादसे में राहगीर और छात्रों समेत 12 लोग घायल हो गए। घायलों में छात्र बुद्ध विलास यादव पुत्र रामनिहोर निवासी उतरवां, रोहित, प्रशांत, ओमकार, अमर कुशवाहा, लवकुश कुशवाहा, के अलावा अन्य राहगीर राजेश उतरवां, विनोद तेंदुरा, निर्मला बिसंडी, लवकुश चुहका पुरवा भी घायल हो गए। सभी घायलों को नजदीक स्थित अस्पताल में इलाज कराया गया। जहां डॉक्टरों ने गंभीर रूप से घायल छात्र बुद्धविलास और रोहित को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे से आक्रोशित छात्रों और ग्रामीणों ने जाम लगा दिया। जाम काफी देर तक लगा रहा। एसडीएम अतर्रा रविंद्र कुमार भी पहुंच गए। किसी तरह छात्रों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया।

# भाजपा सरकार में बदली देश व प्रदेश की तस्वीर: चौधरी

**लखनऊ, अमृत विचार :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार में देश व प्रदेश की तस्वीर बदली है। सशक्त भाजपा-विकसित भारत के संकल्प के साथ सदस्यता अभियान में केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं व नीतियों को लेकर जनता के बीच पहुंचेंगे और विपक्ष द्वारा फैलाये गई झूठ, भ्रम व देश व समाज को तोड़ने की राजनीति को बेनकाब करने का काम करेंगे। वे शुक्रवार को भाजपा के राज्य मुख्यालय पर विभाग एवं प्रकोष्ठों की सदस्यता अभियान को लेकर आयोजित प्रदेश कार्यशाला में बोल रहे थे। कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है। सदस्यता अभियान के माध्यम से व्यापक जनसंपर्क करते हुए जनमानस को भाजपा परिवार से जोड़ने का काम करना है।

## वर्ग पहेली-177

**बाएं से दाएं**

1. स्वामित्व, वह हक या धन जो किसी चीज़ के मालिक को उसके स्वामित्व के बदले में मिलता हो।

5. 1. भांजने की क्रिया या भाव 2. भांजने का पारिश्रमिक 3. रुपयों या सिक्कों आदि को भुनाने के लिए दी जाने वाली राशि, भुनाई 4. कागज़ को परतों में मोड़ने की क्रिया।

6. वाक्य में पदों (शब्दों) को जोड़ने या बिठाने की क्रिया या भाव।

8. 1. निराहार 2. भोजनार्थी 3. जिसको भोजन न मिला हो 4. किसी चीज़ की चाह रखने वाला।

9. सप्ताह का एक दिन, इतवार, आदित्यवार।

**ऊपर से नीचे**


2. 1. वह व्यक्ति जो धनवान के साथ-साथ कंजूस भी हो 2. मुसलमानी कथाओं में एक धनवान और कंजूस मिथकीय चरित्र जो हजरत मूसा का चचेरा भाई था।

3. 1. शर्म में पड़ना, लज्जित होना 2. सकुचाना, संकोच करना, लाज या शर्म से सिर नीचा करना।

4. ईसवी कैलेंडर का वह वर्ष जिसमें 366 दिन होते हैं, वह ईसवी सन जिसमें फ़रवरी का महीना 29 दिन का हो; अधिवर्ष।

5. भग्न होना, टूटना, टुकड़े-टुकड़े होना।

7. एक पौधा जिसके बीज के अंदर का सफ़ेद हिस्सा खाने में उपयोग होता है, एक प्रसिद्ध मेवा, तालमखाना।



### वर्ग पहेली -176 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | रि | स | मा | प | 2 न |
| | | | | | की |
| | 3 म | | 4 ले | | ब |
| 5 का | ट | 6 क | प | ट | |
| | 7 र | ला | ना | | 8 सु |
| 9 गं | | वा | | | दू |
| 10 धा | ता | | 11 ज | वा | र |

## सुडोकू -90

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 7 | | | 3 | 1 | | |
| | | 3 | | | | | 4 | |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | 9 |
| | | | 9 | 1 | | 3 | | 2 |
| 9 | 4 | | | | | | 5 | 7 |
| 3 | | 8 | | 5 | 6 | | | |
| 2 | | 5 | | 7 | | 4 | | |
| | 1 | | | | | 8 | | |
| | | 9 | 4 | | | 2 | | 1 |

### सुडोकू -89 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 4 | 3 | 5 | 2 | 1 | 9 | 8 |
| 8 | 9 | 5 | 1 | 7 | 6 | 2 | 4 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 | 6 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 5 | 8 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 8 | 6 | 4 | 3 | 7 | 5 | 2 |
| 3 | 5 | 7 | 8 | 2 | 1 | 4 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 6 | 1 | 5 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 2 | 7 |
| 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 9 | 3 | 8 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 31 अगस्त शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 1 सितंबर 03 .40 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 19 .39 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

**मेष:** आज कारोबार में आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। प्रशासन से संबंधित जातकों को व्यावसायिक सफलता मिल सकती है। लेखन से जुड़े लोग कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। अनावश्यक कार्यों में अपना कीमती समय बर्बाद न करें।

**वृष:** आज लंबी यात्रा पर जाने का विचार बनाएंगे। मनोवांछित परिणाम मिलने से उत्साहित रहेंगे। विवाह योग्य जातकों को उत्तम रिश्ते मिल सकते हैं। कार्यक्षमता के अनुसार काम करने से लाभ प्राप्त होगा। कला, साहित्य और संगीत में आप रुचि लेंगे।

**मिथुन:** आज संतान के व्यवहार से बहुत खुश होंगे। लोग आपसे मार्गदर्शन की अपेक्षा रखेंगे। बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। राजनीतिक संपर्कों का लाभ उठाएंगे। शेयर मार्केट और बैंकिंग से जुड़े लोगों को उत्तम लाभ प्राप्त होगा।

**कर्क:** आज व्यापार में जबरदस्त लाभ मिल सकता है। पद और अधिकार की आकांक्षा बढ़ेगी। बिना कहे लोगों की सहायता करेंगे, जिससे आपका यश बढ़ेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता रहेगी। प्रत्येक कार्य को सलीके से करने का प्रयास करें।

**सिंह:** आज विरोधी आपका मजाक उड़ा सकते हैं। दांपत्य जीवन में अनबन हो सकती है। अचानक अतिथियों के आगमन से परेशान हो सकते हैं। कारोबार को लेकर किसी विशेषज्ञ की सलाह ले सकते हैं। सरकारी कार्यों में थोड़ी बाधा आ सकती है।

**कन्या:** आज मन में कुछ नया और प्रयोगात्मक करने की इच्छा होगी। रोजमर्रा के कार्यों में आपका मन लगेगा। नई स्थितियों के साथ तालमेल बिठाने में आसानी होगी। धन की स्थिति काफी मजबूत होगी। ऑफिस में आपके कार्यों की प्रशंसा हो सकती है।

**तुला:** आज दोस्तों के साथ शॉपिंग करने जा सकते हैं। अधिकारी वर्ग से आपके संबंध मधुर होंगे। कारोबार में आ रही अड़चनें पूरी तरह से दूर होंगी। घर का माहौल काफी शांत रहेगा। धार्मिक स्थल पर एकांत में समय बिताएंगे।

**वृश्चिक:** आज आपको कर्ज लेना पड़ सकता है। कहीं बाहर खाने का विचार बना सकते हैं। अपने सिद्धांतों के साथ समझौता न करें। गृहस्थ जीवन में सुख और संतोष की अनुभूति होगी। विदेश से जॉब के प्रस्ताव आपको मिलेंगे।

**धनु:** आज अजनबियों पर ज्यादा भरोसा न करें। व्यस्तता के बावजूद परिवार को समय देंगे। विद्यार्थी वर्ग के लिए समय बहुत ही अच्छा है। आपके स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। प्रबंधन क्षेत्र से जुड़े लोगों को बेहतरीन परिणाम मिलेंगे।

**मकर:** आज पुराने अटके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं। अपने काम को अन्य लोगों के बीच बांट दें। लवमेट के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। व्यवसाय में आपको काफी बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। नौकरी-व्यवसाय से जुड़े मुद्दे हल हो जाएंगे।

**कुंभ:** आज कार्यशैली में समय के अनुसार परिवर्तन लाना उचित होगा। मार्केटिंग और मीडिया से जुड़े लोगों को शानदार सफलता मिल सकती है। जॉब संबंधित इंटरव्यू के लिए जा सकते हैं। आपकी परिस्थितियां अनुकूल रहने वाली है।

**मीन:** आज किसी प्रिय व्यक्ति से शानदार मुलाकात होगी। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। बच्चों की गतिविधियों पर नजर बनाए रखें। कार्यक्षेत्र में सुखद अनुभव प्राप्त होंगे। घर में सुख-शांति बनी रहेगी। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
शान — सुबह : 10 .35
लश्कर — रात : 07 .50

**&pictures**
भोला — सुबह : 11 .15
कार्तिक कालिंग कार्तिक — रात : 08 .00

**Sony Pix**
सैन एंड्रियास — सुबह : 10 .03
एंजेल हैज फॉलेन — रात : 09 .00

**Zee Action**
रावण राज — सुबह : 10 .54
दबंग 3 — रात : 07 .30

**Colors Cineplex**
पावर अनलिमिटेड — सुबह : 09 .41
भोला शंकर — रात : 08 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी एक्शन पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

छोरो- तू वाट्सऐप पर है क्या?
छोरी- नहीं मैं तो मेरे घर हूं।
छोरो- मेरा मतलब है, वाट्सऐप यूज करती है क्या?
छोरी- नहीं मैं तो गोरी होने के लिए क्रीम यूज करती हूं।
छोरो- मेरी मां वाट्सऐप चलाना आता है क्या?
छोरी- तू चला लेना मैं पीछे बैठ जाऊंगी।

पत्नी- मैं रोज पूजा करती हूं, काश एक दिन भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाए।
पति- एक बार मीराबाई बनकर जहर पी ले, फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तूझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन –तुलसी 2165, राज श्री 1460, फ़ॉर्चून कि. 1775, रविन्द्रा 2050, फॉर्चुन ली. 1625, जय जवान 1570, सचिन 1600, सूरज 1595, अवसर 1685, राग गोल्ड 1720, गृहणी ली 1610, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1715, चक्र टिन 1980, ब्लू 1730, आशीर्वाद मस्टर्ड 1995, स्वास्तिक 2130 ।किराना-( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31000, लाल मिर्च 17000–20000, धनिया 8000–10000, अजवायान 15500–23000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800–900, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 800, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–900 ।चावल – ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9600, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो ) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10400, जेनिथ 10600, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 ।दाल दलहन –मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10800, राजमा चित्रा 13700–14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050–7500 मलका दाल 7275–7900, मलका छाँटी 7200, दाल उड़द बिलासपुर 9800–10400, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900,चना काला 8850, दाल चना 9450, लाल हिंदुस्तान 9550, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 8900, डबरा 10200–11200, सच्चा हीरा 13400, मोटा हीरा 15300, अरहर गोला मोटा 14600, अरहर पटका मोटा 14800, अरहर कोरा मोटा 15300, अरहर पटका छोटा 15300–15700, अरहर कोरी छोटी 16100 ।चीनी –डालमियां 4110, पीलीभीत 4100, नवाबगंज 4090, बहेड़ी 4100 ।

## सर्राफा

बरेली

| | |
| --- | --- |
| गोगोल्ड (पक्के जेवर) | 74000 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 73000 |
| सिल्वर ( पक्की) | 865 (अनुमानित) |

# देश की जीडीपी गिरी, जून तिमाही में 6.7%

## 15 महीने के निचले स्तर पर, फिर भी तेजी से बढ़ने वाली वैश्विक अर्थव्यवस्था बना भारत



नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली अप्रैल-जून तिमाही में घटकर 15 महीने के निचले स्तर 6.7% पर आ गई। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक कृषि और सेवा क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन से वृद्धि दर घटी है।

एक साल पहले वित्त 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 8.2% रही थी। अप्रैल-जून तिमाही में चीन की जीडीपी वृद्धि दर 4.7% रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर दो प्रतिशत रही। 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही में यह आंकड़ा 3.7% था। दूसरी ओर विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि सालाना आधार पर 5 से बढ़कर चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 7% हो गई।

**कृषि क्षेत्र में वृद्धि 3.7 से घटकर 2% रही :** कृषि क्षेत्र में जीवीए (सकल मूल्य वर्धन) वृद्धि 3.7 से घटकर 2% रह गई। वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं में जीवीए वृद्धि भी सालाना आधार पर 12.6 से घटकर 7.1% रह गई। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि जीडीपी वृद्धि 2023-24 की चौथी तिमाही के मुकाबले 2024-25 की पहली तिमाही में धीमी हो गई (7.8 प्रतिशत से घटकर पांच तिमाही के निचले स्तर 6.7 प्रतिशत पर)।

### जुलाई में उद्योग के लिए बैंक कर्ज 10.2% बढ़ा

**मुंबई।** आरबीआई ने कहा कि जुलाई, 2024 में उद्योग को बैंक कर्ज 10.2% बढ़ा, जबकि पिछले साल यह 4.6% था। बैंक ऋण के संबंध में आरबीआई के अनुसार, कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए ऋण वृद्धि भी मजबूत रही। इसमें जुलाई, 2024 में 18.1 की वृद्धि दर्ज हुई, जो पिछले साल 16.7% थी। प्रमुख उद्योगों में रसायन और रासायनिक उत्पाद, खाद्य प्रसंस्करण, पेट्रोलियम, कोयला उत्पाद और परमाणु ईंधन तथा बुनियादी ढांचे के लिए ऋण में जुलाई में सालाना आधार पर अधिक वृद्धि दर्ज की गई। मूल धातु और धातु उत्पाद तथा वस्त्र क्षेत्र के लिए ऋण में कमी आई।

### एचपीआई जून तिमाही में घटकर 3.3 प्रतिशत पर

**मुंबई।** अखिल भारतीय आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई) चालू वित्त वर्ष (2024–25) की अप्रैल–जून तिमाही में घटकर 3.3% रह गया। गत वर्ष यह 5.1% पर था। आरबीआई 10 प्रमुख शहरों में पंजीकरण प्राधिकरण से प्राप्त लेनदेन–स्तर के आंकड़ों पर एचपीआई जारी करता है। ये शहर– अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, जयपुर, कानपुर, कोच्चि, कोलकाता, लखनऊ और मुंबई हैं। आरबीआई ने कहा कि अखिल भारतीय एचपीआई में 2024–25 की पहली तिमाही में 3.3% की सालाना वृद्धि हुई। पिछली तिमाही में इसमें 4.1% और गत वर्ष 5.1% की वृद्धि हुई थी।

### आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर घटाकर 6.1% पर

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में गिरावट से जुलाई में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर घटकर 6.1% रह गई है। हालांकि, यह मासिक आधार पर जून के 5.1% से ज्यादा रही है। शुक्रवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। जुलाई, 2023 में आठ बुनियादी उद्योगों– कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली क्षेत्र का उत्पादन 8.5% की दर से बढ़ा था। अप्रैल–जुलाई में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 6.1% बढ़ा है, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 6.6% की दर से बढ़ा था।

# वित्तिय प्रौद्योगिकी क्षेत्र के विकास के लिए कार्यरत है सरकार : मोदी

मुंबई, एजेंसी



- ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में साइबर धोखाधड़ी रोकने तथा डिजिटल समझ बढ़ाने का किया आह्वान

प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को कहा कि सरकार वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत स्तर पर विभिन्न कदम उठा रही है। मोदी ने कहा कि इस क्षेत्र में 10 वर्षों में 31 अरब डॉलर से अधिक का निवेश हुआ है। एंजल टैक्स को समाप्त करना भी इस क्षेत्र की वृद्धि की दिशा में एक कदम है। उन्होंने नियामकों से साइबर धोखाधड़ी की जांच के लिए अतिरिक्त उपाय करने को कहा, जिसका स्टार्टअप पर बुरा असर हो सकता है।

प्रधानमंत्री पेमेंट्स काउंसिल ऑफ इंडिया, नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया और फिनटेक कन्वर्जेंस काउंसिल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ) 2024 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नियामकों से साइबर धोखाधड़ी रोकने तथा लोगों की डिजिटल समझ बढ़ाने के लिए और कदम उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वित्तीय सेवाओं के लोकतंत्रीकरण में वित्तीय प्रौद्योगिकी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मोदी ने कहा कि भारत में वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र द्वारा लाया गया बदलाव केवल प्रौद्योगिकी तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसका सामाजिक प्रभाव दूरगामी है।

### भारत डिजिटल भुगतान में वैश्विक नेता के रूप में खड़ा

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकियां वित्तीय समावेश का विस्तार करने, दक्षता में सुधार लाने और देश भर में वास्तविक समय में सेवाएं सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण रही हैं। दास ने कहा कि आज भारत डिजिटल भुगतान में वैश्विक नेता के रूप में खड़ा है, यह उपलब्धि सक्रिय नीति निर्माण को नवाचार तथा प्रौद्योगिकी प्रगति के साथ जोड़कर हासिल की गई है। नीति निर्माताओं, नियामकों और नवप्रवर्तकों के बीच सहयोग भारत की वित्तीय प्रौद्योगिकी यात्रा को परिभाषित करता है।

# सेबी ने 39 शेयर, सात जिंस ब्रोकर का पंजीकरण रद किया

नई दिल्ली, एजेंसी

- 22 डिपॉजिटरी प्रतिभागियों का भी पंजीयन हुआ निरस्त

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शुक्रवार को 39 शेयर ब्रोकर और 7 जिंस ब्रोकर का पंजीकरण रद कर दिया। पंजीकरण अनिवार्यताएं पूरी न करने पर ये कार्रवाई हुई है। नियामक ने उन 22 डिपॉजिटरी प्रतिभागियों का पंजीकरण भी निरस्त कर दिया, जो अब किसी भी डिपॉजिटरी से संबद्ध नहीं हैं।

सेबी ने तीन अलग आदेशों में कहा कि इन इकाइयों के पंजीकरण प्रमाणपत्र को रद करने का कारण उन्हें डिपॉजिटरी का सक्रिय भागीदार या मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज का सदस्य बने बिना अपने सेबी पंजीकरण का दुरुपयोग करने से रोकना है।

### फिनफ्लूएंसर के नियमों में संशोधन

सेबी ने गैर–पंजीकृत फिनफ्लूएंसर को विनियमित करने के लिए मानदंडों में संशोधन किया है। ऐसे व्यक्तियों से जुड़े संभावित जोखिम पर बढ़ती चिंताओं के देखते हुए ऐसा किया गया है। इंटरनेट मीडिया पर वित्तीय जानकारी देने वालों को फिनफ्लूएंसर कहा जाता है।

# शेयर बाजारों में तेजी, मजबूत रुख से सेंसेक्स और निफ्टी नए शिखर पर

- बड़ी कंपनियों के शेयरों में खरीदारी से बाजार को मिला बल

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों में मजबूती और विदेशी कोषों की लिवाली से शुक्रवार को सेंसेक्स और निफ्टी अपने नए उच्चस्तर पर पहुंच गए। भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और इन्फोसिस के शेयरों में खरीदारी से बाजार को बल मिला।

9वें कारोबारी सत्र में तेजी से सेंसेक्स 231.16 अंक या 0.28% चढ़कर 82,365.77 अंक के उच्चस्तर पर बंद हुआ। बीएसई पर कुल 2,228 शेयरों में तेजी आई, जबकि 1,701 में गिरावट आई रही। एनएसई का निफ्टी 83.95 अंक या 0.33 % बढ़कर 25,235.90 अंक के उच्चस्तर पर पहुंच गया। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि वैश्विक बाजार सितंबर में ब्याज दरों में कटौती के अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आश्वसन से प्रभावित हैं। अमेरिकी और भारतीय बाजारों ने हाल के उच्चस्तर को फिर से हासिल कर लिया है।

# ट्राई ने असत्यापित एसएमएस की जांच की समयसीमा बढ़ाई

नई दिल्ली, एजेंसी

- नियामक ने एक अक्टूबर की अंतिम तिथि तय की, पहले एक सितंबर तक का दिया था समय

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने दूरसंचार परिचालकों के लिए उन एसएमएस के पारेषण की जांच करने की समयसीमा बढ़ाकर एक अक्टूबर कर दी है, जिनमें वेब लिंक हैं और जो श्वेतसूची में नहीं हैं। ट्राई ने उन सभी वेब लिंक वाले सभी संदेशों को ब्लॉक करने के लिए एक सितंबर की तिथि तय की थी, जो श्वेतसूची में नहीं हैं। नियामक ने कहा कि दूरसंचार संचालकों द्वारा अतिरिक्त समय के अनुरोध पर एक महीने का विस्तार दिया गया है। ट्राई ने यूआरएल/एपीके/ओटीटी लिंक को श्वेतसूची में डालने के संबंध में 20 अगस्त, 2024 को जारी निर्देश का पालन करने के लिए एक्सेस प्रदाताओं को एक महीने का विस्तार दिया है। सभी एक्सेस प्रदाता यह सुनिश्चित करें कि यूआरएल/एपीके/ओटीटी लिंक वाले ट्रैफिक जो श्वेतसूची में नहीं हैं उनको एक अक्टूबर, 2024 से अनुमति नहीं दी जाएगी।

# विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 681.7 अरब डॉलर हुआ

- गत सप्ताह 4.55 अरब डॉलर का हुआ था इजाफा

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी इजाफा होने से समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 7.02 अरब डॉलर को बढ़ोतरी लेकर 681.7 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। वहीं, पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.55 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 674.7 अरब डॉलर पार रहा था। रिजर्व बैंक के अनुसार 23 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 5.98 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 597.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 89.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 60.99 अरब डॉलर हो गया।



## एक नजर

### बिहार के डीजी आलोक को डीजीपी का अतिरिक्त प्रभार

**पटना।** भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी एवं सतर्कता महानिदेशक आलोक राज को शुक्रवार को बिहार के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) का अतिरिक्त प्रभार दिया गया ।भारतीय पुलिस सेवा के 1989 बैच के अधिकारी बिहार के पुलिस महानिदेशक आरएस भट्टी का स्थान लेंगे, जिन्हें केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा का नया महानिदेशक नियुक्त किया गया है। राज्य के गृह विभाग के अनुसार राज्य सरकार में महानिदेशक (सतर्कता) के पद पर तैनात आलोक राज को डीजीपी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। केंद्र सरकार ने बुधवार को भट्टी को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा (सीआईएसएफ) का नया महानिदेशक नियुक्त किया। भट्टी (बिहार कैडर के 1990 बैच के आईपीएस) ने दिसंबर 2022 में बिहार के डीजीपी का पदभार संभाला था।

### थाने में पुलिसकर्मी ने खुद को गोली मारी, गंभीर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पहाड़गंज थाने में शुक्रवार को हेड कांस्टेबल ने कथित तौर पर सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली। पुलिसकर्मी का उपचार किया जा रहा है और उसकी हालत गंभीर बताई गई है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि अपराह्न दो बजे हेड कांस्टेबल सुरेंद्र ने थाने के बैरक में खुद के सिर में गोली मार ली।

### पीएफआई नेता ओएमए सलाम की जमानत रद

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के नेता ओएमए सलाम को इस प्रतिबंधित संगठन और इसके सदस्यों के खिलाफ आतंकवाद रोधी कानून यूएपीए के तहत दर्ज मामले में अंतरिम जमानत देने से शुक्रवार को मना कर दिया। न्यायमूर्ति एम प्रतिभा सिंह और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने दो हफ्ते की रिहाई देने के अनुरोध वाली सलाम की याचिका पर कहा कि जमानत देने का कोई मामला नहीं बनता है।

### वक्फ विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति की बैठक

**नई दिल्ली।** विवादास्पद वक्फ (संशोधन) विधेयक पर मुस्लिम संगठनों के विचार सुनने के लिए संसद की संयुक्त समिति की शुक्रवार को दूसरी बार बैठक हुई। विधेयक का उद्देश्य केंद्रीकृत पोर्टल से वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण की प्रक्रिया में सुधार करना है। बैठक में भाजपा के जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली समिति मुंबई स्थित ऑल इंडिया सुन्नी जमीयतुल उलेमा और दिल्ली स्थित इंडियन मुस्लिम्स फॉर सिविल राइट्स (आईएमसीआर) सहित अन्य हितधारकों के विचार सुनेगी।

# ममता बोलीं- दुष्कर्म-हत्या पर बनाएं कड़े कानून

## प्रधानमंत्री को फिर लिखा पत्र, बनर्जी ने देशव्यापी आक्रोश के बाद ही लिखा था पत्र और की थी मांग

कोलकाता, एजेंसी



प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शुक्रवार को पत्र लिखकर दुष्कर्म-हत्या जैसे अपराधों के लिए कड़े केंद्रीय कानून और कठोर सजा का प्रावधान किए जाने का अनुरोध दोहराया। बनर्जी ने नौ अगस्त को कोलकाता स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या की घटना पर देशव्यापी आक्रोश के बाद कुछ दिन पहले भी मोदी को पत्र लिखा था। ममता ने इस मामलों के समयबद्ध निपटारे के लिए अनिवार्य प्रावधान की मांग की।

**कोलकात्ता कांड**

- बोलीं- प्रधानमंत्री से उन्हें नहीं मिला जवाब, लेकिन केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री से मिला है पत्र

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा था कि उनकी सरकार की नीति दुष्कर्म संबंधी घटनाओं को कतई बर्दाश्त न करने की है और इन मामलों से संबंधित कानूनों में संशोधन के लिए विधानसभा में विधेयक पारित होगा, ताकि अपराधियों के लिए मृत्युदंड सुनिश्चित किया जा सके। बनर्जी ने पत्र में लिखा कि उनके द्वारा उठाए मुद्दे पर प्रधानमंत्री से अभी तक उन्हें जवाब नहीं मिला है लेकिन उन्हें केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री से पत्र मिला है। बनर्जी ने कहा कि महिला एवं बाल विकास मंत्री का पत्र उनके द्वारा उठाए गए मुद्दे की गंभीरता को बमुश्किल दर्शाता है। उन्होंने लिखा कि इस सामान्य उत्तर को भेजते समय विषय की गंभीरता और समाज के लिए इसकी प्रासंगिकता को पर्याप्त रूप से नहीं समझा गया। मुख्यमंत्री ने लिखा कि राज्य सरकार ने 10 विशेष पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम) अदालतों को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि बंगाल में 88 त्वरित विशेष अदालतें और 62 नामित पॉक्सो अदालतें पहले से हैं। राज्य में दो हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध हैं।

### महिलाओं ने महिला आयोग के कार्यालय पर ताला जड़ा

**कोलकाता।** भाजपा की वरिष्ठ महिला नेताओं ने डॉक्टर से हुई दरिंदगी पर बंगाल महिला आयोग की चुप्पी को लेकर शुक्रवार को उसके कार्यालय पर सांकेतिक ताला लगा दिया। पार्टी की वरिष्ठ महिला नेताओं और महिला मोर्चे की सदस्यों ने अलग–अलग रैलियां निकालीं और आयोग पर महिला डॉक्टर के मामले में बयान तक जारी नहीं करने का आरोप लगाया। भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल, पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी और पूर्व केंद्रीय मंत्री देबाश्री चौधरी सहित पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल पुलिस के साथ लंबी बहस के बाद आयोग कार्यालय के अंदर गया। पॉल ने बताया कि हम 'करुणामयी' में आयोग भवन के अंदर गए, अध्यक्ष लीना गंगोपाध्याय सहित आयोग के अधिकारियों से मिले और मामले में आयोग की चुप्पी का विरोध किया।

### पूर्व प्राचार्य से लगातार 14वें दिन भी पूछताछ जारी

कोलकाता। महिला चिकित्सक से कथित दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या के मामले की जांच कर रही सीबीआई ने शुक्रवार को लगातार 14वें दिन संस्थान के पूर्व प्रधानाचार्य संदीप घोष को पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि घोष से इस जघन्य अपराध के बारे में पूछताछ की जा रही है। वह अस्पताल में कथित वित्तीय कदाचार मामले में भी एजेंसी के रडार पर हैं एवं पहले ही उनके और अन्य संस्थाओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। पिछले गत रविवार को पूर्व प्रधानाचार्य के आवास की तलाशी ली और उनसे पूछताछ की।

# अकाल तख्त ने बादल को घोषित किया तनखैया

अमृतसर, एजेंसी



- बादल बोले- वह तख्त के आदेश को सिर झुकाकर स्वीकार करते हैं
- सरकार की गलतियों के लिए धार्मिक कदाचार का दोषी ठहराया

सिखों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था अकाल तख्त ने शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल को 2007 से 2017 तक उनकी पार्टी की सरकार द्वारा की गई गलतियों के लिए धार्मिक कदाचार का दोषी- तनखैया करार दिया। घोषणा के तुरंत बाद बादल ने कहा कि वह अकाल तख्त के आदेश को सिर झुकाकर स्वीकार करते हैं।

बादल ने एक्स पर पंजाबी में किए पोस्ट में कहा कि वह जल्द ही माफी मांगने के लिए अकाल तख्त के सामने पेश होंगे। पांच तख्तों के सिंह साहिबान की बैठक के बाद अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने कहा कि सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि बादल जब उपमुख्यमंत्री और शिअद अध्यक्ष थे, तब उन्होंने ऐसे फैसले किए, जिनसे पार्टी प्रभावित हुई और सिखों के हितों को नुकसान पहुंचा। सिंह ने अकाल तख्त परिसर से फैसला सुनाते हुए कहा कि जब तक बादल अपने पापों के लिए माफी नहीं मांग लेते, तब तक वे तनखैया बने रहेंगे। सिंह ने बादल से 15 दिनों के भीतर व्यक्तिगत रूप से पेश होने और माफी मांगने को कहा।

# बैंक रिकवरी एजेंट को सुप्रीम कोर्ट ने कहा गुंडों का समूह

नई दिल्ली, एजेंसी

- बंगाल पुलिस को दो माह में संबंधित के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल करने का दिया निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने ऋण चुकता करने के बावजूद वाहन न लौटाने को लेकर बैंक के रिकवरी एजेंट फर्म को गुंडों का समूह करार देते हुए बंगाल पुलिस को दो माह में संबंधी कंपनी के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने पीड़ित देवाशीष बसु रॉय चौधरी को मुआवजा देने का निर्देश दिया।

पीठ ने बैंक ऑफ इंडिया को रिकवरी एजेंट से राशि वसूलने का भी निर्देश दिया। चौधरी ने कोलकाता में बस चलाने के इरादे से 15.15 लाख का ऋण लिया था। पीठ ने हालिया आदेश में कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट की टिप्पणियों और याचिकाकर्ताओं की दलीलों के मद्देनजर प्रतिवादी संख्या-चार (रिकवरी एजेंट) वास्तव में गुंडों का समूह है, जो याचिकाकर्ता-बैंक की ओर से ऋण लेने वाले लोगों को परेशान करने के लिए ताकत का इस्तेमाल करता है। इसने इस बात का भी संज्ञान लिया कि वाहन को उचित स्थिति में वापस न करने के लिए रिकवरी एजेंट कंपनी मेसर्स सिटी इन्वेस्टिगेशन एंड डिटेक्टिव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

# खेती के उत्पादों को एमएसपी देने वाला पहला राज्य हिमाचल

- मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने फ्रांस के वैज्ञानिकों को दी जानकारी

**शिमला।** फ्रांस के राष्ट्रीय कृषि, खाद्य एवं पर्यावरण अनुसंधान संस्थान (आईएनआरएई) के चार वैज्ञानिकों के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट की। एलआईएसआईएस के उप निदेशक प्रो. एलिसन मैरी लोकोंटो के नेतृत्व में टीम में शोधकर्ता प्रो. मिरेइल मैट, डॉ. एवलिन लोस्टे और डॉ. रेनी वैन डिस शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक खेती में अग्रणी है। हिमाचल प्राकृतिक खेती से उगाए उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान करने वाला देश का पहला राज्य है। प्रदेश में गेहूं 40 रुपये प्रति किलो और मक्का 30 रुपये प्रति किलो की दर से खरीदा जा रहा है। गाय का दूध 45 रुपये और भैंस का दूध 55 रुपये प्रति लीटर खरीदा जा रहा है।

# इमरजेंसी के प्रदर्शन पर प्रतिबंध के लिए विचार करेगी तेलंगाना सरकार

हैदराबाद, एजेंसी

- मुख्यमंत्री रेड्डी ने कार्रवाई किए जाने का सिख समुदाय को दिलाया भरोसा

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने सिख समुदाय के नेताओं को भरोसा दिलाया है कि उनकी सरकार कानूनी सलाह लेने के बाद राज्य में कंगना रनौत अभिनीत फिल्म इमरजेंसी के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाने पर विचार करेगी। रेड्डी सरकार के सलाहकार मोहम्मद अली शब्बीर ने यह जानकारी दी।

पूर्व आईपीएस अधिकारी तेजदीप कौर मेनन के नेतृत्व में तेलंगाना सिख सोसाइटी के प्रतिनिधिमंडल ने सचिवालय में शब्बीर से मुलाकात कर इमरजेंसी के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया। शब्बीर ने बताया कि 18 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने फिल्म में सिख समुदाय के चित्रण पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि इमरजेंसी में सिखों को आतंकवादी और राष्ट्र-विरोधी तत्व के रूप में दर्शाया गया है, जो अपमानजनक और समुदाय की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला है।

**बदलापुर यौन शोषण**

# शिक्षा अधिकारी की याचिका पर सरकार से मांगा जवाब

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को ठाणे के शिक्षा अधिकारी की उस याचिका पर जवाब देने का शुक्रवार को निर्देश दिया जिसमें बदलापुर में दो बच्चियों के कथित यौन शोषण की घटना के आलोक में उसके निलंबन पर रोक लगाने का अनुरोध है। शिक्षा अधिकारी बालासाहेब रक्षे ने महाराष्ट्र प्रशासनिक न्यायाधिकरण (एमएटी) के समक्ष उनकी याचिका की अंतिम सुनवाई होने तक निलंबन आदेश पर रोक लगाने का उच्च न्यायालय से आग्रह किया।

# उत्पाद की गलत ब्रांडिंग पर केंद्र से जवाब तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने पतंजलि के दिव्य दंत मंजन को शाकाहारी रूप से पेश करने के खिलाफ कार्रवाई के अनुरोध संबंधी याचिका पर शुक्रवार को केंद्र से जवाब मांगा। याचिकाकर्ता के वकील ने दावा किया कि दंत चिकित्सा उत्पाद को हरे रंग के डॉट से बेचा जा रहा है, जो कि यह दर्शाता है कि यह शाकाहारी है लेकिन इसमें मछली का अर्क है, जो मांसाहारी घटक है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने की ।

# 80 साल की महिला के बेटे-बहू को घर से निकलने का आदेश

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ नागरिकों के रहने के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक और उपेक्षा मुक्त माहौल पर बल देते हुए, दिल्ली हाईकोर्ट ने 80 वर्षीय महिला के बेटे, बहू और पोते-पोतियों को उस घर को खाली करने का निर्देश दिया है, जिसमें वे रह रहे थे।

महिला ने बेटा, बहू पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। याचिकाकर्ता ने कहा कि वह संपत्ति की इकलौती स्वामी हैं और उनके बेटे-बहू ने उनकी या उनके पति की देखभाल नहीं की। पुत्र- पुत्रवधू के बीच मनमुटाव से भी असुविधा और तनाव होता है जो धीमी मौत की तरह है। न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने कहा कि पुत्रवधू का निवास पर अधिकार नहीं है तथा वरिष्ठ नागरिकों को प्रदत्त संरक्षण पर विचार होना चाहिए, जो उन्हें कष्ट पहुंचाने वाले निवासियों को बेदखल करने की अनुमति देता है।

# मोदी का मणिपुर आना जरूरी नहीं था : बीरेन सिंह

नयी दिल्ली, एजेंसी

- बोले - इस्तीफा क्यों दूं, घोटाला नहीं किया, मणिपुर को तोड़ा नहीं जा सकता
- कुकी समुदाय के लिए अलग प्रशासन की इजाजत नहीं देंगे



मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने छह महीने में राज्य में शांति बहाल करने का दावा किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा पर कहा कि मैं इस्तीफा क्यों दूं? क्या मैंने कुछ चुराया है? घोटाला किया है।

उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के मणिपुर नहीं जाने पर कहा कि तनाव के बीच उनका आना जरूरी नहीं था। प्रधानमंत्री दो बार संसद में हिंसा पर बात रख चुके हैं।

सिंह ने कुकी समुदाय की अलग प्रशासन की मांग को खारिज करते हुए खुद को राज्य के हितकारी के रूप में पेश किया है। सिंह ने मणिपुर को छोटा, मेहनती राज्य बताते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों का दो हजार वर्षों का इतिहास है। इस राज्य को बनाने के लिए कुर्बानियां दी गईं। इसको तोड़ा नहीं जा सकता। हम इसकी इजाजत नहीं देंगे। नयी दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में कुकी-जो समुदाय के प्रतिनिधियों ने पुडुचेरी की तर्ज पर विधानसभा के साथ केंद्र-शासित प्रदेश के निर्माण की मांग की। मेइती समुदाय से आने वाले सिंह मणिपुर में पिछले साल भड़की हिंसा से विपक्ष के निशाने पर हैं।

कुकी संगठन उन पर जातीय हिंसा में मेइती समुदाय का पक्ष लेने का आरोप लगा रहे हैं। सिंह ने जातीय हिंसा से निपटने में मेइती समुदाय का पक्ष लेने के आरोपों को खारिज किया और कहा कि वह हर समुदाय के मुख्यमंत्री हैं, चाहे वह मेइती हो, कुकी हो या नगा हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने खुद को पीछे किया और केंद्र को बातचीत तथा सुरक्षा उपायों के माध्यम से शांति बहाल करने संबंधी प्रयासों का नेतृत्व करने दिया।

### प्रधानमंत्री सब जगह गए तो मणिपुर क्यों नहीं : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह की टिप्पणियों पर शुक्रवार को उन पर और प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा तथा सवाल किया कि जब प्रधानमंत्री सब जगह जा रहे हैं तो हिंसा प्रभावित मणिपुर का दौरा करके शांति की स्थापना की पहल क्यों नहीं कर सकते। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मणिपुर के मुख्यमंत्री के रहते हालात में बेहतरी नहीं आ सकती।



# पेरिस पैरालंपिक 2024



# निशानेबाजी: अवनि को स्वर्ण और मोना को कांस्य

## मनीष नरवाल ने 10 मीटर एयर पिस्टल में रजत पदक जीता, मोना अग्रवाल ने 228.7 का स्कोर किया

पेरिस, एजेंसी

भारतीय महिला निशानेबाज अवनि लेखरा और मोना अग्रवाल ने शुक्रवार को पेरिस पैरालंपिक खेलों में 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 वर्ग की स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक जीते। वहीं मनीष नरवाल ने 10 मीटर एयर पिस्टल में रजत पदक अपने नाम किया।

दक्षिण कोरिया की ली युनरी और अवनि के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। अवनि ने आखिरी शॉट पर 10.5 का स्कोर किया। वहीं कोरियाई निशानेबाज का आखिरी शॉट पर 6.8 का स्कोर रहा। इसी के साथ अवनि ने स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। युनरी को 246.8 के स्कोर के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। वहीं मोना अग्रवाल ने 228.7 का स्कोर करते हुए कांस्य पदक जीता। हालांकि निशानेबाज रुद्रांश खंडेलवाल 561 अंकों के साथ नौवें स्थान रहे।

भारत के मनीष नरवाल ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल (एसएच 1) स्पर्धा में रजत पदक जीता। 22 वर्ष के नरवाल ने तोक्यो पैरालंपिक में मिश्रित 50 मीटर पिस्टल एसएच 1 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। वह कुछ समय तक आगे चल रहे थे लेकिन कुछ खराब शॉट के कारण वह दक्षिण कोरिया के जो जियोंगडू से पिछड़ गए। भारत के निशानेबाज शिवा नरवाल के बड़े भाई मनीष ने 234.9 स्कोर किया जबकि जियोंगडू ने 237.4 स्कोर करके स्वर्ण पदक जीता। नरवाल क्वालीफिकेशन दौर में 565 स्कोर करके पांचवें स्थान पर रहे थे।



अवनि लेखरा | मोना अग्रवाल

### पदक तालिका

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 6 | 7 | 3 | 16 |
| ब्रिटेन | 6 | 5 | 3 | 14 |
| ब्राजील | 4 | 1 | 4 | 9 |
| नीदरलैंड्स | 4 | 1 | 1 | 6 |
| इटली | 3 | 2 | 6 | 11 |
| आस्ट्रेलिया | 3 | 2 | 2 | 7 |
| फ्रांस | 2 | 4 | 1 | 7 |
| कोलंबिया | 2 | 1 | 0 | 3 |
| भारत | 1 | 1 | 2 | 4 |

### शेख आखिरी स्थान पर रहने के बाद बाहर

**पेरिस।** भारत के अरशद शेख पेरिस पैरालंपिक की ट्रैक साइकिलिंग पुरुष परस्यूट सी2 स्पर्धा के क्वालीफाइंग दौर में सबसे आखिरी नौवे स्थान पर रहकर बाहर हो गए। 31 वर्ष के शेख ने 4 : 20 .949 में दौड़ पूरी की। शीर्ष चार ने फाइनल के लिये क्वालीफाई किया। फ्रांस के अलेक्जेंडर ल्यूते शीर्ष पर रहे जबकि बेल्जियम के इवुड व्रोमेंट दूसरे और ब्रिटेन के मैथ्यू रॉबर्टसन तीसरे स्थान पर रहे। शेख अब ट्रैक साइकिलिंग में पुरुषों के 1000 मीटर टाइम ट्रायल सी 1.3 वर्ग में उतरेंगे। वह रोड साइकिलिंग में भी भाग लेंगे।

### रोइंग: स्टार पैरारोवर अनीता और नारायण की जोड़ी ने रेपेचेज राउंड के लिए किया क्वालीफाई

**पेरिस।** भारत की स्टार पैरारोवर अनीता और नारायण कोंगनापल्ले की जोड़ी ने शुक्रवार को पैरा रोइंग पीआर3 मिश्रित युगल स्कल्स हीट्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए रेपेचेज राउंड में जगह बना ली है। यहां खेले गये मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने .84 का समय लेकर पांचवां स्थान हासिल रही और रेपेचेज राउंड के लिए क्वालीफाई किया। रेपेचेज राउंड शानिवार को दोपहर तीन बजे होगा।

### महिला खिलाड़ी डिस्कस थ्रो स्पर्धा के फाइनल में हारीं

**पेरिस।** भारतीय महिला डिस्कस थ्रो खिलाड़ी साक्षी कसाना और कमरज्योति को शुक्रवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों की डिस्कस थ्रो एफ 55 स्पर्धा के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। शुक्रवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में साक्षी एवं करमज्योति क्रमश छठें और सातवें स्थान पर रहीं। साक्षी ने 21 .49 मीटर का अपना सीजन का सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंका जबकि करमज्योति ने भी इस स्पर्धा में 20 .22 मीटर का अपना सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

### सुहास, नितेश और तुलसीमति सेमीफाइनल में, मानसी और मनोज बाहर

**पेरिस।** तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता सुहास यथिराज और नितेश कुमार ने शुक्रवार को यहां पैरालंपिक की बैडमिंटन स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए क्रमश: पुरुष एकल एसएल4 और एसएल3 वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया तुलसीमति मुरूगेसन ने ग्रुप ए में शीर्ष पर रहकर महिला एकल एसयू5 सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने पुर्तगाल की बिट्रिज मोंटेरियो को 21-12 21-8 को हराकर ग्रुप में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। 2007 बैच के आईएएस अधिकारी सुहास ने एसएल4 वर्ग में कोरिया के शिन क्यूंग हवान को दूसरे मैच में 26-24, 21-14 से शिकस्त देकर तीन खिलाड़ियों के ग्रुप ए में शीर्ष पर रहे। वहीं नितेश ने चीन के यांग जियानयुआन को 21-5, 21-11 से हराया। जिससे वह एसएल3 वर्ग के चार खिलाड़ियों के ग्रुप ए में शीर्ष दो में शामिल रहे। अब वह अपने अंतिम ग्रुप ए मैच में थाईलैंड की बुनसुन मोंगखोन से भिड़ेंगे। हालांकि मानसी जोशी को महिला एकल एसएल3 ग्रुप ए के दूसरे मैच में यूक्रेन की ओकसाना कोजयाना से 21-10, 15-21, 21-23 से हार मिली। तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता मनोज को भी ग्रुप ए के दूसरे मैच में बुनसुन से 19-21, 8-21 से पराजय झेलनी पड़ी।

## दृष्टिबाधित जूडोका कपिल और कोकिला दिखाएंगे दम



खिलाड़ियों को जीत की शुभकामनाएं देते खेल मंत्री और कारागर मंत्री।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● पैरालंपिक में जाने वाले जूडोकाओं को खेल मंत्री ने दीं शुभकामनाएं

**अमृत विचार :** पेरिस पैरालंपिक में प्रतिभाग करने को भारतीय दृष्टिबाधित जूडोका कपिल परमार व कोकिला शनिवार को रवाना होंगे। इन खिलाड़ियों की रवानगी से पूर्व विदाई समारोह इंडियन ब्लाइंड एंड पैरा जूडो एसोसिएशन द्वारा इंडियन पैरा जूडो अकादमी, हजरतगंज में आयोजित किया गया। भारत के इन खिलाड़ियों को एक समारोह में उत्तर प्रदेश के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान और खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव ने दोनों खिलाड़ियों को पदक जीतने की शुभकामनाएं दी।

ये दोनों खिलाड़ी इंडियन पैरा जूडो अकादमी में मुनव्वर अंजार की देख-रेख में अभ्यास कर रहे हैं। मध्य प्रदेश के कपिल परमार विश्व रैंकिंग में नंबर वन हैं जबकि हरियाणा की कोकिला छठें पायदान पर हैं। पैरालंपिक में कपिल 60 किग्रा से कम जे-1 भारवर्ग में एवं कोकिला 48 किग्रा से कम जे-2 भारवर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। यह टीम चेयरमैन इंडियन ब्लाइंड एंड पैरा जूडो एसोसिएशन के चेयरमैन अवनीश कुमार अवस्थी के नेतृत्व में पेरिस पैरालंपिक के लिए शनिवार को रवाना होगी। भारतीय टीम के साथ मुख्य कोच मुनव्वर अंजार, महिला कोच कम स्कार्ट आयशा मुनव्वर एवं सुधीर हलवासिया भी रवाना होंगे। इस अवसर पर प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम और इंडियन ब्लाइंड एंड पैराजूडो एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रकाश चंद्रा सहित अन्य मौजूद रहे।

### राकेश और सरिता तीरंदाजी स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में

**पेरिस।** भारतीय एथलीट राकेश कुमार और महिला तीरंदाज सरीता ने शुक्रवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों की तीरंदाजी स्पर्धा में अपने-अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। शुक्रवार को खेले गए मुकाबलों में राकेश कुमार ने पैरा तीरंदाजी के पुरुष व्यक्तिगत कंपाउंड ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सेनेगल के अलीउ ड्रेम को 136-131 से हराया। राकेश का अगला मुकाबला एक सितंबर को इंडोनेशिया के केन स्वगुमिलांग से होगा। दिन के एक अन्य मुकाबले में सरिता ने महिला व्यक्तिगत कंपाउंड ओपन के प्री क्वार्टर मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई। सरिता ने मलेशिया की नूर जन्नतन को 138-124 से हराया।

## प्रीति को 100 मीटर दौड़ स्पर्धा में कांस्य

**पेरिस, एजेंसी।** भारतीय धाविका प्रीति पाल ने शुक्रवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीत लिया। प्रीति ने शुक्रवार को हुए मुकाबले में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 100 मीटर की दौड़ 14.21 सेकंड में पूरी कर कांस्य पदक अपने नाम किया।

राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप (2024) की स्वर्ण पदक विजेता प्रीति पाल ने भारत के लिए तीसरा पदक जीता है। प्रीति ने पहली बार पैरालंपिक में स्पर्धा कर रही थी। उनका पैरालंपिक में यह पहला पदक है। मीडिया से बातचीत में प्रीति ने कहा, मुझे यकीन ही नहीं हो रहा है कि मैंने देश के लिए पदक जीता है। उन्होंने कहा यह मेरा पहला पैरालंपिक था और यह मेरा पहला पदक है। उन्होंने अपने परिवार, साथियों और संबंधियों को समर्थन और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

### भारत का तीसरे दिन का कार्यक्रम

**निशानेबाजी :** पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 (क्वालीफिकेशन) : स्वरूप महावीर उन्हालकर - दोपहर 01 :00 बजे

महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 (क्वालीफिकेशन) : रूबीना फ्रांसिस - दोपहर 03 .30 बजे

**ट्रैक साइकिलिंग :** महिलाओं की 500 मीटर टाइम ट्रायल सी1-3 (क्वालीफिकेशन) : ज्योति गडेरिया - दोपहर 01 .30 बजे

पुरुषों की 1,000 मीटर टाइम ट्रायल सी1-3 (क्वालीफिकेशन) : अरशद शेख - दोपहर 01 .49 बजे

**नौकायन :** मिश्रित पीआर3 डबल स्कल्स (रेपेचेज) : भारत (अनीता और नारायण कोंगनापल्ले) - दोपहर 03 .00 बजे

**तीरंदाजी :** महिला कंपाउंड (1/8 एलिमिनेशन 2) : सरिता देवी बनाम एलोनोरा सारती (इटली) - शाम 07 .00 बजे

महिला कंपाउंड (1/8 एलिमिनेशन 8) : सरिता देवी बनाम मारियाना ज़ुनिगा (चिली) - शाम 08 .59 बजे

**एथलेटिक्स :** पुरुष भाला फेंक एफ57 (पदक स्पर्धा) : प्रवीन कुमार - रात 10 .30 बजे

### भाविना और सोनल की जोड़ी टेबल टेनिस क्वार्टर फाइनल में हारी

**पेरिस।** भारतीय पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी भाविनाबेन पटेल और सोनलबेन पटेल शुक्रवार को यहां पेरिस पैरालंपिक में महिला युगल डब्ल्यूडी 10 वर्ग में ए यंग जंग और संध्या मून के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में 1-3 से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी को 39 मिनट तक चले मुकाबले में 5-11 6-11 11-9 6-11 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। भाविना और तोक्यो पैरालंपिक की रजत पदक विजेता सोनलबेन अब अपने-अपने एकल स्पर्धा में भाग लेंगी। भाविना 2021 में तोक्यो खेलों के दौरान पैरालंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी बनीं थी। वह 12 महीने की उम्र में पोलियो से ग्रसित हो गयी थी। भाविना क्लास 4 वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगी। भाविना की तरह सोनल भी छह महीने की उम्र में पोलियो से ग्रसित हो गयी थी। इससे उनके दोनों पैर और दायें हाथ में विकार हो गया था। वह 90 प्रतिशत दिव्यांगता वाले क्लास तीन वर्ग में खेलती है।

### अफगानिस्तान की जाकिया ने रचा इतिहास

**पेरिस।** अफगानिस्तान की जाकिया खुदादादी ने पेरिस पैरालंपिक में शरणार्थी पैरालंपिक टीम के लिए पदक जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया। जाकिया ने गुरुवार को ताइक्वांडो में महिलाओं के 47 किग्रा वर्ग में तुर्की की एकिंसी नूरसिहान को हराकर कांस्य पदक जीता। जाकिया इस जीत के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान भावुक हो गयी। उन्होंने कहा, यह एक अविश्वसनीय पल है, जब मुझे एहसास हुआ कि मैंने कांस्य पदक जीत लिया है तो मेरा दिल तेजी से धड़कने लगा। उन्होंने कहा, यहां तक पहुंचने के लिए मुझे बहुत कुछ करना पड़ा। यह पदक अफगानिस्तान की सभी महिलाओं और दुनिया के सभी शरणार्थियों के लिए है। मुझे उम्मीद है कि एक दिन मेरे देश में शांति होगी।



● शरणार्थी टीम के लिए पदक जीतने वाली पहली खिलाड़ी

## यानिक सिनर और स्वियातेक तीसरे दौर में


न्यूयॉर्क, एजेंसी

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर और इगा स्वियातेक ने आसान जीत के साथ अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई लेकिन पूर्व चैंपियन नाओमी ओसाका और कार्लोस अल्कराज को बाहर का रास्ता देखना पड़ा। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वियातेक ने जापान की क्वालीफायर एना शिबहारा को 6-0, 6-1 से हराया। सिनर ने पुरुष वर्ग के एकल मैच में एलेक्स मिशेलसन को 6-4, 6-0, 6-2 से हराया। उनका अगला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के क्रिस्टोफर ओ कोनेल से होगा। अल्कराज़ को दूसरे दौर में विश्व के 74वीं रैंकिंग वाले खिलाड़ी बोटिक वान डी ज़ैंडस्चुल्प से 6-1, 7-5, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा। ओसाका को कैरोलिना मुचोवा ने 6-3, 7-6 (5) से हरा दिया।

पांचवीं वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव और दसवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर भी तीसरे दौर में पहुंच गए हैं। मिनौर का अगला मुकाबला डैन इवांस से होगा। महिला वर्ग में इटली की जैस्मिन पाओलिनी ने कारोलिना प्लिस्कोवा के पांव की चोट के कारण मैच से हट जाने से तीसरे दौर में प्रवेश किया। उनका मुकाबला यूलिया पुतिनत्सेवा से होगा।

### अमेरिकी ओपन

● कैरालिना मुचोवा ने ओसाका और अल्कराज को बोटिक वान ने हराकर किया बाहर



बोटिक वान



### बोपन्ना-एबडेन दूसरे दौर में

**न्यूयॉर्क।** भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने नीदरलैंड के सैंडर अरेंड्स और रॉबिन हास को सीधे सेटों में हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। बोपन्ना और एबडेन ने गुरुवार रात को 64 मिनट तक चले शुरुआती दौर के मुकाबले में 6-3, 7-5 से से जीत दर्ज की। मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन और दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एबडेन दूसरे दौर में स्पेन के रॉबर्टो कारबालेस बेना और अर्जेंटीना के फेडेरिको कोरिया की गैरवरीय जोड़ी से भिड़ेंगे।

### पाकिस्तान और बांग्लादेश के दूसरे टेस्ट का पहला दिन बारिश से धुला

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट मैच का शुरुआती दिन शुक्रवार को लगातार बारिश के कारण धुल गया। बांग्लादेश दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे है। उसने पिछले सप्ताह इसी स्थान पर 10 विकेट की ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। इस मैच में पाकिस्तान की दूसरी पारी पांचवें और अंतिम दिन महज 146 रन पर सिमट गयी थी। तेज बारिश के कारण खिलाड़ी और टीम अधिकारी होटल में ही रुके रहे और अंपायरों ने स्थानीय समयानुसार दोपहर 12:05 बजे दिन का खेल रद कर दिया। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में बांग्लादेश सातवें और पाकिस्तान आठवें स्थान पर है।

## अहलावत संयुक्त 10वें स्थान पर

जकार्ता, एजेंसी

भारतीय गोल्फर वीर अहलावत ने सप्ताह की अच्छी शुरुआत करते हुए 500,000 अमेरिकी डॉलर इनामी इंडोनेशिया ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में चार-अंडर 67 का कार्ड खेला, जिससे वह संयुक्त 10वें स्थान पर हैं। अहलावत ने पांच बर्डी और एक बोगी की। वह शीर्ष पर काबिज आरोन विल्किन से छह शॉट पीछे हैं। विल्किन ने 10-अंडर 61 का स्कोर करके यहां नया रिकॉर्ड बनाया। भारतीय खिलाड़ियों में सप्तक तलवार, वरुण चोपड़ा और खलिन जोशी संयुक्त 30वें स्थान पर हैं। अंगद चीमा (70) संयुक्त 53वें, एस चिक्कारंगप्पा, एसएसपी चौरसिया और राशिद खान संयुक्त 66वें, युवराज संधू (72) संयुक्त 87वें जबकि गगनजीत भुल्लर (73) और करणदीप कोचर (73) संयुक्त 104वें तथा अजितेश संधू और हनी बैसोया संयुक्त 129वें स्थान पर हैं।



इंडोनेशिया ओपन

### ब्रिटिश मास्टर्स

### शर्मा और चौहान संयुक्त 30वें स्थान पर

**विशॉ (इंग्लैंड)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा और ओम प्रकाश चौहान ने बेटफ्रेड ब्रिटिश मास्टर्स के शुरुआती दौर में एक अंडर 71 का समान स्कोर बनाया, जिससे दोनों संयुक्त 30वें स्थान पर हैं। शर्मा और चौहान दोनों ने दो बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाई। इंग्लैंड के पॉल वारिंग ने अंतिम नौ होल में पांच अंडर पार का स्कोर बनाकर फ्रांस के जियोंग वेन के साथ बढ़त हासिल की।

### वुमेन आयरिश ओपन

### प्रणवी फिसलीं, दीक्षा को 29वां स्थान

**डबलिन।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स पहले नौ होल में शानदार शुरुआत करने के बाद आखिरी नौ होल में तीन बोगी के कारण वुमेन आयरिश ओपन के शुरुआती दौर में संयुक्त 45वें स्थान पर है। हमवतन दीक्षा डागर तीन बर्डी तथा दो बोगी की मदद से संयुक्त 29वें स्थान पर हैं। अन्य भारतीयों में त्वेसा मलिक (76) संयुक्त 93वें और रिद्धिमा दिलावरी (79) संयुक्त 128वें स्थान पर हैं।

## बॉलीवुड हलचल

### आठ लोगों के साथ एक कमरे में रहते थे अमिताभ

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने बताया है कि वह कोलकाता में नौकरी करने के दौरान आठ लोगों के साथ एक कमरे में रहते थे। अमिताभ बच्चन इन दिनों सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के ज्ञान-आधारित गेम शो, कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) सीज़न 16 को होस्ट कर रहे हैं। केबीसी के हालिया एपिसोड में एक प्रतियोगी ने अमिताभ को बताया कि वह पुणे में आठ लोगों के साथ एक सिंगल रूम में रहता है। अमिताभ बच्चन ने बताया कि कि उन्हें यह सुनकर आश्चर्य नहीं हुआ, क्योंकि वह खुद भी कभी आठ लोगों के साथ रहा करते थे। अमिताभ बच्चन ने कहा, आठ लोग एक कमरे में? आठ से हमे इतना ज्यादा आश्चर्य नहीं हुआ। हम अपने कॉलेज से पढ़ाई करके नौकरी ढूंढने निकले तो हम कोलकाता गए। वहां किसी तरह से नौकरी मिल गई 400 रुपये महीने के। वहां पर भी सर हम जहां रह रहे थे ना, आठ लोग एक कमरे में थे। बहुत मजा आता था। हम लोग आठ थे और पलंग दो था। जमीन पर सोना पड़ता था। आपस में खुश रहते थे। आपस में झगड़ा होता था कि आज इधर सोएंगे, कौन पलंग पर सोएगा और बिस्तर पर रहेगा।



### सिद्धांत चतुर्वेदी की फिल्म युध्रा का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी की आने वाली फिल्म युध्रा का ट्रेलर रिलीज हो गया है। सिद्धांत चतुर्वेदी इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म युध्रा को लेकर चर्चा में हैं। एक्सल एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी फिल्म युध्रा में सिद्धांत चतुर्वेदी जोरदार एक्शन करते नजर आएंगे।फिल्म का निर्देशन रवि उदयावर ने किया है जबकि कहानी श्रीधर राघवन ने लिखी है। फिल्म युध्रा का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर की शुरुआत में ही सिद्धांत चतुर्वेदी की आवाज बैकग्राउंड में सुनाई दे रही है।वह कहते हैं, मरने से पहले, महाभारत का एक मशहूर किस्सा मैं आपको सुनाता हूं। अभिमन्यू ने मां के पेट से चक्रव्यूह में घुसने का रास्ता तो सीख लिया लेकिन कभी चक्रव्यूह भेद नहीं भाया। इसी के साथ सिद्धांत को एक खूंखार अवतार में दिखाया जाता है। आपको लगा मैं अभिमन्यू हूं, मैं उसका बाप अर्जुन हूं। एक्सेल एंटरटेनमेंट की फिल्म युध्रा में सिद्धांत चतुर्वेदी, मालविका मोहनन और राघव जुयाल की अहम भूमिका है। यह फिल्म 20 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।






### अक्षरा सिंह ने गाया गाना कब तक चुप रहेंगे

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री और गायिका अक्षरा सिंह ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल की प्रशिक्षु डॉक्टर को न्याय दिलाने के उद्देश्य से अपना नया गाना कब तक चुप रहेंगे रिलीज किया है। गाने को अक्षरा सिंह ने अपनी आवाज़ दी है, जबकि गीतकार मनोज मतलबी ने इसे लिखा है। संगीतकार घुंघरू जी द्वारा तैयार किए गए इस गाने का म्यूजिक प्रोग्रामिंग छोटू रावत ने किया है। यह गाना अक्षरा सिंह के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। गाने में समाज में व्याप्त अन्याय और महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की है। यह गाना एक ऐसे समय में आया है जब महिलाओं की सुरक्षा और न्याय की मांग के लिए आवाज़ें उठ रही हैं।

## प्रथम हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष इंटर जोनल नेशनल चैंपियनशिप कल से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हॉकी इंडिया की देखरेख में प्रथम हॉकी इंडिया जूनियर मेंस इंटर जोन नेशनल चैंपियनशिप 1 सितंबर से खेली जायेगी। गोमती नगर के विजयंतखंड स्थित पद्मश्री मो.शाहिद हॉकी स्टेडियम में इस चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। छह टीमें इस चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगी। इनमें नॉर्थ जोन, साउथ जोन, वेस्ट जोन, ईस्ट जोन, साई बाल और साई शक्ति शामिल हैं। चैंपियनशिप के सेमीफाइनल मुकाबले 6 को और फाइनल मुकाबला 7 सितंबर को खेला जायेगा। पहले दिन दो मुकाबले खेले जायेंगे। पहला मुकाबला साउथ जोन और साई शक्ति के बीच खेला जायेगा। दूसरे मुकाबले में नॉर्थ जोन के सामने साई बाल की चुनौती होगी। यह मैच दर्शकों के लिए पूरी तरह से निःशुल्क रहेगा।

● मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे उद्घाटन

**नॉर्थ जोन की टीम:** राजवीर सिंह, नीरज, शरणदीप सिंह, अमित, नितिन सिंह, फहद खान, रोहित सिंह, सुखप्रीत सिंह, उज्जवल पाल, विनय, लवनूर सिंह, ललित पटेल, शुभम, प्रिंस सिंह, जोबनप्रीत सिंह, सुखमनप्रीत सिंह, राहुल राजभर, मनप्रीत सिंह राय। **टीम मैनजर :** परमजीत सिंह, **मुख्य कोच :** संजय कुमार।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली, पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

